




दैनिक

# शुभ भास्कर

हर कदम आपके साथ...

झांसी उत्तर प्रदेश, उदयपुर, राजस्थान, मध्यप्रदेश, भोपाल, बिहार, दरभंगा, पटना, भागलपुर, सिलीगुड़ी, रांची, झारखंड से एक साथ प्रकाशित

• वर्ष : 1 • अंक : 139 • नई दिल्ली, शुक्रवार, 25 अगस्त 2023 • पृष्ठः 12 • मूल्य : 04 रुपये RNIUP HIN/2015/64737





3 पत्रकार विमल यादव की हत्या के विरोध में कैंडिल....

# चांद फतह के बाद अब सूरज की टोह लेने इसरो ने शुरू की तैयारी



## अब भारत का मिशन आदित्य एल-1 लगाएगा सूरज के छुपे रहस्यों का पता

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के चंद्रयान 3 ने भले ही इतिहास रच दिया, लेकिन इसरो की पहल यहीं समाप्त नहीं हुई है। चांद फतह के बाद अब सूरज के रहस्यों का पता लगाने के लिए इसरो ने मिशन आदित्य एल-1 की शुरुआत कर दी है। यह सोलर मिशन पीएम नरेन्द्र मोदी की निगहबानी में होगा। इसरो की मानें तो इसका सफर धरती से 15 लाख किमी का होगा। गौरतलब है कि 23 अगस्त 2023 की तारीख इतिहास के पन्नों में दर्ज हो चुकी है। इसरो के चंद्रयान-3 ने बुधवार शाम 6 बजकर 4 मिनट पर चांद पर सफलतापूर्वक लैंडिंग कर दिखाई। लैंडिग होते ही पूरा भारत जोश से झूम उठा। हर तरफ तालियों की गड़गड़ाहट सुनाई दी। भारत का चंद्रयान जैसे ही चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव की सतह पर पहुंचा, ये इतिहास रचने वाला विश्व का पहला देश भारत बन गया। लेकिन ये तो बस अभी शुरुआत है। चांद के बाद अब सूरज की बारी है। दरअसल, इसरो जल्द ही सूरज के बारे में जानने के लिए एक मिशन की शुरुआत कर रहा है। इस सोलर मिशन का नाम आदित्य एल-1 है। इसका ऐलान खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। आदित्य एल-1 सूरज के रहस्यों का अध्ययन करने वाला भारत का पहला मिशन होगा। इसरो से मिली जानकारी के अनुसार ये स्पेसक्राफ्ट लॉन्च किए जाने के पूरे चार महीने बाद सूरज-पृथ्वी के सिस्टम में लैगरेंज पॉइंट-1 तक पहुंचेगा, जो कि धरती से 15 लाख किलोमीटर दूर है। लैगरेंज प्वाइंट 1 के चारों तरफ एक हेलो ऑर्बिट में होने के कारण इस प्वाइंट पर सूरज के ग्रहण का असर नहीं पड़ता। जिसके कारण वहां पर आसानी से शोध किया जा सकेगा। जल्दी ही अंतरिक्ष में आदित्य एल-1 नाम की ऑब्जर्वेटरी को भेजा जाएगा। इसे लॉन्च कब किया जाएगा इसकी तारीख तो फिलहाल तय नहीं की गई है। लेकिन इस मिशन को सितंबर के पहले हफ्ते में लॉन्च किया जा सकता है। आदित्य एल-1 स्पेसक्राफ्ट को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में सतीश धवन स्पेस सेंटर से लॉन्च किया जाएगा। यहां गौरतलब है कि भारत पहली बार सूरज पर रिसर्च करने जा रहा है। लेकिन अब तक सूर्य पर कुल 22 मिशन भेजे जा चुके हैं। इन मिशन को पूरा करने वाले देशों में अमेरिका, जर्मनी, यूरोपियन स्पेस एजेंसी शामिल है। सबसे ज्यादा मिशन नासा ने भेजे हैं। यूरोपियन स्पेस एजेंसी ने भी नासा के साथ मिलकर ही अपना पहला सूर्य मिशन साल 1994 में भेजा था। नासा ने अकेले 14 मिशन सूर्य पर भेजे हैं। नासा के पार्कर सोलर प्रोब नाम के एक व्यक्ति ने सूर्य के आसपास से 26 बार उड़ान भरी है। नासा ने साल 2001 में जेनेसिस मिशन लॉन्च किया था। इसका मकसद था सूरज के चारों तरफ चक्कर लगाते हुए सौर हवाओं का सैंपल लेना।

## ख़ास ख़बर

### सुप्रीम कोर्ट में आर्टिकल 370 पर 10वें दिन की सुनवाई




**नई दिल्ली**। जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाने के फैसले को चुनौती देने वाली 23 याचिकाओं पर आज 10वें दिन (24 अगस्त) सुनवाई हो रही है। इसमें सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने तर्क दिया कि जम्मू-कश्मीर इकलौती रियासत थी, जिसका संविधान था और वो भी गलत था। एसजी तुषार मेहता केंद्र सरकार की तरफ से पैरवी कर रहे हैं।आर्टिकल 370 पर चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस संजय किशन कौल, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस सूर्यकांत की बेंच सुनवाई कर रही है।

### नूंह पुलिस का तीसरा एनकाउंटरः आगजनी में वांटेड ओसामा मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार




**चंडीगढ़**। हरियाणा में नूंह हिंसा के आरोपियों की धड़पकड़ के लिए पुलिस का अभियान जारी है। बुधवार देर रात नूंह हिंसा के वांटेड अपराधी की पुलिस से मुठभेड़ हो गई। दोनों ओर से हुई फायरिंग में भागने का प्रयास कर रहे आरोपी के पैर में गोली लग गई। आरोपी को घायल अवस्था में नल्हड़ अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि आरोपी के पैर में गोली लगी है, जिसको ऑपरेशन करके निकाल दिया गया है। अब तक नूंह में हिंसा के मामले में 61 FIR दर्ज की जा चुकी हैं, जिसमें 292 लोगों की गिरफ्तारी की जा चुकी है।

**फरार होने की फिराक में था आरोपी**- साइबर क्राइम थाना नूंह के निरीक्षक विमल को सूचना मिली कि नल्हड़ आगजनी का आरोपी बाइक से गांव फिरोजपुर नमक से आली मेव जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी कर दी। खतरा भांपते हुए आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग की। जवाबी फायरिंग में आरोपी ओसामा उर्फ़ पहलवान निवासी फिरोजपुर नमक (नूंह) के पैर में गोली लगी, जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

### नेपाल में राजस्थान के 6 श्रद्धालुओं की मौतः बस खाई में गिरी; मरने वालों में पति-पत्नी शामिल, 9 साल की मासूम समेत 12 घायल



**गंगापुर सिटी**। नेपाल के जनकपुर के पास श्रद्धालुओं से भरी बस गहरी खाई में गिर गई। हादसे में राजस्थान के गंगापुर सिटी की 4 महिलाओं सहित 6 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में पति-पत्नी शामिल हैं। 9 साल की बच्ची सहित 12 यात्री घायल हो गए। हादसा बुधवार देर रात 2 बजे मधेश प्रांत के बारा जिले में हुआ। बस काठमांडू से जनकपुर जा रही थी। जानकारी के अनुसार गंगापुर के पास महू कला से तीर्थ यात्रा के लिए करीब 25 लोगों का दल 20 अगस्त को ट्रेन से रवाना हुआ था। दल के सभी सदस्य दिल्ली पहुंचने के बाद हवाई मार्ग से नेपाल के काठमांडू पहुंचे थे। इसके बाद सभी बस से नेपाल में पशुपतिनाथ सहित अन्य तीर्थ स्थलों के दर्शन के लिए रवाना हुए थे। नेपाल के काठमांडू से जनकपुर जाते समय श्रद्धालुओं से भरी बस मधेश प्रांत के बारा जिले में चुरियामई के पास पलटकर सड़क से करीब 50 मीटर नीचे गहरी खाई में गिर गई।

**हादसे में इनकी हुई मौत** - हादसे में वैजयंती देवी पत्नी सुरेश चंद चतुर्वेदी, बहादुर, उसकी पत्नी मीरा देवी, सत्यवती, राजेंद्र कुमार और उसकी पत्नी श्रीकांता चतुर्वेदी की मौके पर ही मौत हो गई।

# ब्रिक्स विस्तार से मिलेगी बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था को मजबूतीः पीएम

**एजेंसी। नई दिल्ली**




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्रिक्स में सदस्य के तौर पर छह नए देशों को शामिल किए जाने का स्वागत करते हुए कहा है कि इससे संगठन मजबूत होगा तथा बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था पर अन्य देशों का विश्वास कायम होगा। दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में आयोजित 15वें शिखर सम्मेलन में मोदी ने कहा कि बहुत से अन्य देश भी ब्रिक्स में शामिल होने के इच्छुक हैं। संगठन में इन देशों को सहयोगी देश के रूप में शामिल करने में खुशी होगी। इन देशों को शामिल करने के बारे में मतैक्य कायम करने में भारत मदद करेगा। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा से ब्रिक्स विस्तार का समर्थक रहा है तथा निश्चित अहर्ताओं, मानकों और प्रकिया पर आज इस संबंध में साझा समझ कायम हुई है। उल्लेखनीय है कि ब्रिक्स के वर्तमान अध्यक्ष देश दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने 15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की जोहान्सबर्ग घोषणा जारी करते हुए विस्तार की घोषणा की। ब्रिक्स में छह देशों को शामिल किया गया है। सभी 1 जनवरी, 2024 से समूह के सदस्य होंगे। इनमें दक्षिण अमेरिका से एक अर्जेंटीना, अफ्रीका से दो मिस्र, इथोपिया और पश्चिमी एशिया से तीन ईरान, सऊदी अरब और यूएई को सम्मिलित करने का फैसला किया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ब्रिक्स शिखरवार्ता के बहुत से सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि नए सदस्यों के शामिल होने से ब्रिक्स मजबूत होगा तथा हमारे साझा प्रयासों को बल मिलेगा। मोदी ने कहा कि ब्रिक्स के विस्तार को सामने रखते हुए अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं का भी समय के अनुरूप सुधार होना चाहिए। पिछली शताब्दी में बने अंतरराष्ट्रीय संगठनों को कानूनी बनाने के लिए ब्रिक्स की पहल एक मिसाल बन सकती है। उन्होंने चन्द्रयान-3 के सफल अभियान को भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व की उपलब्धि करार दिया। उन्होंने कहा कि दुनियाभर के वैज्ञानिकों के लिए यह एक गर्व का विषय है। प्रधानमंत्री ने कहा कि चन्द्रयान अभियान की सफलता की गूंज ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में सुनाई दी तथा विभिन्न देशों के नेताओं ने उन्हें बधाई दी है।

मोदी ने बधाई संदेश के लिए उन सभी का आभार व्यक्त किया। शिखर सम्मेलन के साथ ही गुरुवार को ब्रिक्स अफ्रीका आउटरिच और ब्रिक्स प्लस डायलॉग का भी आयोजन हुआ। मोदी ने कहा कि ब्रिक्स और सहयोगी देश बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था को मजबूत करने में सहयोग कर सकते हैं। अफ्रीका के साथ भारत के पुराने संबंधों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि आज भारत अफ्रीका का चौथा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है तथा पांचवां सबसे बड़ा निवेशक है। अफ्रीका में भारत के 16 नए दूतावास खोले गये हैं।

### ब्रिक्स सम्मेलन में मिले कई बार, लेकिन मोदी और जिनपिंग में नहीं हुई सीधी बात

**जोहान्सबर्ग**। दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में तीन दिन चले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग का कई बार आमना-सामना हुआ, लेकिन न ही बातचीत का माहौल नहीं बना और न ही सीधी बात हुई। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की शुरुआत से पहले कयास लगाए जा रहे थे कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच शिखर सम्मेलन से इतर द्विपक्षीय बातचीत भी हो सकती है। सम्मेलन के दौरान द्विपक्षीय बातचीत के ये कयास महज कयास ही रह गए और दोनों नेताओं में बातचीत नहीं हुई। हालात ये हैं कि दोनों नेताओं का कई बार आमना सामना तो हुआ, किन्तु बातचीत का माहौल नहीं बना। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का एक वीडियो भी तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में भारत के प्रधानमंत्री मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग एक दूसरे से बात करते हुए दिख रहे हैं।

## लालफीताशाही से लाल कालीन की ओर बढ़ा है भारत : नरेंद्र मोदी

**एजेंसी। जोहानसबर्ग**



प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत लालफीताशाही से लाल कालीन की ओर बढ़ गया है। यही वजह है कि पिछले नौ वर्षों में निर्बाध प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्रवाह को सक्षम किया है। गुरुवार को जी20 व्यापार और निवेश मंत्रिस्तरीय बैठक के एक आभासी संबोधन में पीएम मोदी ने जी20 सदस्य देशों से एक लचीला और समावेशी वैश्विक मूल्य श्रृंखला बनाने का आह्वान किया जो भविष्य के झटकों का सामना कर सके। पीएम मोदी ने कहा कि हम लालफीताशाही से लाल कालीन की ओर चले गए हैं और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्रवाह को उदार बनाया है। हमने मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसी पहल ने विनिर्माण को बढ़ावा दिया है। इन सबसे बढ़कर, हम नीतिगत स्थिरता लाए हैं। हम प्रतिबद्ध हैं कि अगले कुछ वर्षों में भारत को तीसरी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनाने के लिए कमा करेंगे। पीएम ने कहा कि दुनिया भारतीय अर्थव्यवस्था को विश्वास भरी नजरों से देख रही है और भारत को अवसरों तथा खुलेपन का संयोजन माना जा रहा है।

जी 20 व्यापार एवं निवेश मंत्रियों की बैठक को वीसी के जरिए संबोधित करते हुए पीएम नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में भारत पांचवीं सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बन गया और उसने प्रतिस्पर्धा का माहौल तथा पारदर्शिता बढ़ाई है। उन्होंने कहा कि आज हम भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर वैश्विक स्तर पर आशावाद तथा विश्वास देखते हैं। भारत को खुलेपन, अवसरों और विकल्पों के संयोजन के रूप में देखा जाता है। भारत ने डिजिटलीकरण का विस्तार किया है और नवाचार को बढ़ावा दिया है। मोदी ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं ने विश्व अर्थव्यवस्था की परीक्षा ली और जी20 के सदस्यों के रूप में यह देशों की जिम्मेदारी है कि वे अंतरराष्ट्रीय व्यापार तथा निवेश में विश्वास का पुनर्निर्माण करें। बैठक में पीएम ने कहा कि हमें मजबूत और समावेशी वैश्विक मूल्य श्रृंखलाएं बनानी चाहिए जो भविष्य में पेश होने वाली चुनौतियों का सामना कर सकें। इस संदर्भ में, वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं के मानचित्रण के लिए एक सामान्य ढांचा बनाने का भारत का प्रस्ताव महत्वपूर्ण है।

## साठी कुमार फार्मा क्लीनिक के सामने इलाज के अभाव में मरीजों की मौत

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बेतिया**। साठी कुमार फार्मा क्लीनिक के सामने इलाज के अभाव में मरीज की हुई मौत। मृतक बिजली बढ़ाई साठी थाना क्षेत्र के बेलवा गांव बताया जा रहा हैं।मृतक परिजन का आरोप है कि मेरा मरीज इलाज कराने के लिए हॉस्पिटल आया था जहां अस्पताल में बैठा हुआ था अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई उसकी उल्टी होने लगी वहां मौजूद कंपाउंडरों द्वारा बोला गया कि बाहर जाकर साफ सफाई करके आना मरीज जैसे ही साफ सफाई के लिए बाहर निकला तो उसकी हालत और बिगड़ गई उल्टी व बाथरूम होने लगा मरीज की हालत को देखकर वहां मौजूद कुछ लोगों ने कंपाउंड से इलाज करने के लिए बोला लेकिन उनकी बातों को अनसुनी करते हुए अपने कामों में व्यस्त हो गए और मरीज की मृत्यु हो गई मरीज की मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया। वही इस संबंध में डॉक्टर धनंजय कुमार से पूछा गया तो उनके द्वारा बताया गया कि मरीज हॉस्पिटल से बाहर था मेरे हॉस्पिटल में



आया ही नहीं था। न कोई पर्ची कटाया था लोगों का आरोप बे बुनियाद है कुछ लोगों द्वारा मेरे क्लिनिक को बदनाम करने की कोशिश की जा रही हैं। रही बात मरीज का जब सीरियस हालत में देखा जाता है तो खुद मैं देख कर इलाज करने के लिए चला जाता हूं। वहीं मौजूद कुछ लोगों के द्वारा बताया गया को अस्पताल के अंदर तत्काल सेवा का बोर्ड लगाया गया है।

लेकिन तत्काल सेवा मरीजों के लिए उपलब्ध नहीं कराया जाता सिर्फ मरीजों को दिखाकर गुमराह किया जाता है। लेकिन इसकी सूचना साठी थानाध्यक्ष को दी गई जहां पुलिस के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई कोई कार्यवाही नहीं होने पर परिजन मजबूर होकर शव को अपने घर लेकर चले गए।

## साठी के एक मजदूर को जम्मू काश्मीर में सड़क दुर्घटना में हुई मौत गांव में कोहरा

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बेतिया**। साठी थाना क्षेत्र के मुरली कटहरी गांव निवासी संतोष राम उम्र 40 की मौत जम्मू कश्मीर के थाना पटीपुरा सर्टेन चौक पर सड़क दुर्घटना में हो गई। घटना 21 अगस्त की शाम 7 बजे (लगभग) की बताई जा रही है। बुधवार की रात जैसे ही संतोष का शव गांव में पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया तथा गांव में मातमी सनाटा पसर गया। गुरुवार को संतोष का अंतिम संस्कार किया गया। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार संतोष की मौत पट्टीपूरा थाना के सर्टेन चौक पर सड़क पार करने के दरमियान हुई। जब वह मजदूरी करके शाम को राशन की दुकान से राशन खरीद कर अपने डेरा पर जा रहा था। उसी समय सर्टेन चौक पर सड़क पार करते




समय तेज रफ्तार से आ रही गाड़ी ने उसे ठोकर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। संतोष जम्मू कश्मीर में किसी राजमिस्त्री के संग मजदूरी का कार्य करता था। वही इस घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है।

## नगर वासियों से शांति सदभाव बनायें रखने की प्रशासन की अपील : एसडीपीओं

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बेतिया**,बगहा पुलिस जिला के नगर थाना क्षेत्र के रत्नमाला में सोमवार को महावीरी जुलूस के दौरान दो पक्षों में हुई हिंसक झड़प के बाद पुलिस ने गुरुवार तक दोनों पक्षों के बीच से 56 लोगों को जहाँ जेल भेज चुकी है। वहीं 6 लोगों को जेल भेजने की प्रक्रिया के साथ 472 लोगों को नामजद अभियुक्त बनायी हैं। जानकारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बगहा कैलाश प्रसाद ने बगहा थाना में प्रेस कांफ्रेंस करके दी है। उन्होंने बताया है कि दोनों पक्षों के समुदाय से 1600 लोगों को पुलिस ने अभियुक्त भी बनाया है। उन्होंने बगहा नगरवासियों से अपील करते हुए कहा है कि अफवाहों पर ध्यान देने की जरूरत नहीं है। अफवाह फैलानेवालों के सन्दर्भ में जानकारी दें, जानकारी देनेवाले की सूचना पुलिस गुप्त रखेगी। फसाद



और शांति भंग करनेवालों पर पुलिस कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि बगहा के रत्नमाला, रामधाम मंदिर, मस्तान टोला, गोड़िया पट्टी चौक, कोल्ड स्टोरेज चौराहा, बाड़ी पट्टी जैसे जगहों पर पुलिस बल तैनात है। क्रास पेट्रोलिंग की जा रही है। उपद्रवियों को किसी भी कीमत पर छोड़ा नहीं जायेगा। वहीं बगहा के मुख्य चौराहा, नवकी बाजार, गुदड़ी बाजार, चित्रांगदा सिनेमा चौराहा आदि जगहों पर दुकान पूर्व की तरह खुलने लगे हैं और लोगों की आवाजाही शुरू हो गयी है।

## 10 फिट लम्बे अजगर साप को देख मचा हड़कंप

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा**। वाल्मीकिनगर टाइगर रिजर्व वन प्रमंडल-2 के वाल्मीकिनगर वन क्षेत्र से सटे रिहायशी क्षेत्र धनहा टोला (हवाई अड्डा)गाँव मे शम्भु बैठा के घर मे बुधवार रात लगभग 9 बजे अचानक 10 फिट लम्बे अजगर साप दिखाई दिया, जिसको देखते ही गांव मे हडकंप मच गया ।साप के निकलने की सुचना वनपाल सोनु,वनरक्षी आजाद एवं वनकर्मी गोरख राम को दी गई,सुचना पर पहुंच वनकर्मी गोरख राम ने 10 फिट अजगर साप काफी मशक्कत के बाद पकड़ लिये,तथा जटाशंकर M-40 काम्पाट मे छोड़ दिया गया । प्रभारी रेंजर



प्रवीण गुप्ता ने ग्रामीणो से अपील किये है कि किसी भी वनजीवो के दिखाई पडने पर तत्काल इसकी सुचना वनक्षेत्र कार्यालय को दे।

**चोरी** आवेदन देते हुए स्कूल कर्मी व प्रशासन कि लापरवाही का लगाया गया आरोप

## बीपीएससी का परीक्षा देने आए 5 परीक्षार्थियों का मोबाइल हुआ चोरी स्कूल कर्मी व प्रशासन पर लगाया आरोप

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, भभुआं (कैमूर)**। प्रखंड अंतर्गत रतवार गांव स्थित डीएवी स्कूल में बीपीएससी का परीक्षा देने आए पांच परीक्षार्थियों का मोबाइल हुआ चोरी,भभुआं थाने में आवेदन देते हुए स्कूल कर्मी व प्रशासन कि लापरवाही का लगाया गया आरोप। आपको बताते चले की भभुआं थाना अंतर्गत रतवार गांव के डीएवी स्कूल में उत्तर प्रदेश से आए पांच परीक्षार्थियों का मोबाइल चोरी हो गया। जिस संदर्भ में पीड़ितों द्वारा



भभुआं थाने में आवेदन दिया गया। थाने में आए पीड़ित परीक्षार्थियों ने बताया कि हम लोग उत्तर प्रदेश से बीएससी का परीक्षा देने के लिए रतवार गांव के डीएवी स्कूल में आए थे। जहां हम लोगों का बैग स्कूल स्टाफ के द्वारा परीक्षा कक्ष में जाने से पहले रखवा दिया गया था। जब हम लोग परीक्षा देने के बाद बैग में मोबाइल खोजने लगे तो मोबाइल नहीं मिला। और किसी का मोबाइल के साथ पैसा भी नहीं मिला। इसके बाद हम लोग स्कूल से सीसीटीवी फुटेज जांच करने के लिए बोले तो स्कूल कर्मी व प्रशासन द्वारा सीसीटीवी फुटेज जांच नहीं कराया गया। प्रशासन के द्वारा अभद्रता करते हुए भगा दिया गया। कहां गया कि कोई मोबाइल चोरी नहीं हुआ है। आप लोग यहां से निकल जाइए नहीं तो आप लोग ही फंस जाईएगा। इसलिए हम लोग भभुआं थाने में न्याय के लिए आए हैं। मोबाइल और पैसा चोरी होने की वजह से हम लोग खाने और रहने के लिए व्यवस्था बनाने में असमर्थ है ।

## ख़ास ख़बर

### बिहार राज्य व्यवहार न्यायालय कर्मचारी संघ के जिला इकाई के अध्यक्ष बने सुशील पाठक तो लालू कुमार रजक बनाये गये सचिव

**अररिया।** व्यवहार न्यायालय अररिया में जिला ईकाई का गठन हुआ. यह गठनबिहार राज्य व्यवहार न्यायालय कर्मचारी संघ पटना के पदाधिकारियों की निगरानी में सम्पन्न हुआ। अररिया न्यायमंडल के कर्मचारियों ने बिहार राज्य व्यवहार न्यायालय कर्मचारी संघ पटना के संगठन मंत्री अविनाश कुमार की अघ्यक्षता में एवम राज्य संघ के प्रवक्ता संजीव कुमार शाहिद व दिलनवाज आई टी सेल राज्य संघ सदस्यों व अररिया न्याय मंडल के सभी न्यायालय कर्मियों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें अररिया न्याय मंडल के न्यायाल कर्मियों के सहयोग से अररिया न्यायालय में संघ का निर्माण कर जिला ईकाई अररिया गठन कर लिया गया है। सर्वसम्मति से अररिया जिला ईकाई संघ के संरक्षक के रूप में बासुदेव यादव व प्रभाशंकर मिश्र उर्फ पप्पू मिश्र, सम्मनित अघ्यक्ष के रूप में श्याम बिहारी सिंह, अघ्यक्ष के रूप में सुशील पाठक, सचिव लालू कुमार रजक, उपाघ्यक्ष पंकज कुमार, संगठन सचिव सुबोध कुमार, संयुक्त सचिव संजीव कुमार व रिन्टु कुमार, उपसचिव पियुष व प्रभाकर, मंत्री रोहित कुमार गुप्ता, कोषाघ्यक्ष राजेश कुमार साह, प्रवक्ता व मिडिया प्रभारी अनिश कुमार सहित अंकेक्षक रवि कुमार का मनोनयन किया गया. जिला ईकाई अररिया के कार्यकारिणी समिति सदस्य के रूप में राजीव सिन्हा, प्रवीण कुमार, कमलेश कुमार, विभाष पटेल, विवेक कुमार चौबे, अनुभव सिन्हा, मृत्युंजय कुमार, विश्वनाथ विद्यार्थी, मो० एहसान रजा, बाल किशोर साह व दुर्गा नन्दन प्रसाद को बनाया गया. इस मौके पर अररिया न्यायमंडल कर्मियों के व राज्य संघ के द्वारा सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी है।

### जिला न्यायधीश हर्षित सिंह ने दो गांजा तस्करों को 93.620 किलो गांजा बरामदगी पर दी 10-10 वर्ष की सज़ा

**अररिया।** व्यवहार न्यायालय अररिया मे मंगलवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश हर्षित सिंह ने 93.620 किलो गांजा बरामदगी का मामला प्रमाणित होने पर दो गांजा तस्करों को 10-10 वर्ष सश्रम कारावास की सज़ा सुनाई हैं। न्यायधीश श्री सिंह ने दोनो आरोपितों को कारावास की सज़ा के अलावा एक-एक लाख रुपया जुर्माना भी लगाया है। वही, जुर्माने की राशि अदा नही करने पर 3-3 माह साधारण कारावास की सज़ा भुगतनी होंगी। सज़ा पाने वाले आरोपियों में 38 वर्षीय अनर जीत पासवान उर्फ गुड्डू पिता बिजली पासवान बैशाली जिला के मनहर थाना क्षेत्र अन्तर्गत जीवज गांव का रहनेवाला है। जबकि इसका सहयोगी 25 वर्षीय विकास कुमार गुप्ता पिता लक्ष्मण साह समस्तीपुर जिला के ताजपुर थाना क्षेत्र अंर्तगत दरवा गांव का रहनेवाला है। न्यायधीश श्री सिंह ने यह सजा स्पेशल एनडीपीएस 18/2021 मे सुनाया है। इस मामले में सरकार की ओर से एनडीपीएस के स्पेशल पीपी अशोक कुमार मिश्रा व बचाव पक्ष से वरीय अधिवक्ता देव नारायण सेन उर्फ देबू सेन ने अपना अपना पक्ष रखा।

### कड़ी सुरक्षा के बीच अध्यापक प्रतियोगिता परीक्षा 2023 की गई अयोजित

अररिया। 24 अगस्त 2023 को कड़ी सुरक्षा के बीच जिले के 30 केंद्रों पर बिहार लोक सेवा आयोग पटना द्वारा आयोजित प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय अध्यापक प्रतियोगिता परीक्षा 2023 की परीक्षा आयोजित की गई है। पहले दिन प्रथम पाली में 6510 परीक्षार्थी उपस्थित हुए, जबकि 5258 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गये। इसी प्रकार द्वितीय पाली में 1005 परीक्षार्थी उपस्थित हुए जबकि 83 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गये।कदाचारमुक्त परीक्षा आयोजित करने को लेकर अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों का नियमित रूप से निरीक्षण किया। जिला पदाधिकारी श्रीमती इनायत खान के द्वारा भी कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। इस क्रम में जिलाधिकारी ने केंद्राधीक्षक से लेकर केंद्रों पर तैनात अधिकारियों को कदाचारमुक्त परीक्षा संचालन को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। वहीं परीक्षा को लेकर जोनल दण्डाधिकारी-सह- गश्तीदल दण्डाधिकारी, उड़नदस्ता दल, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं परीक्षा से सम्बद्ध सभी पदाधिकारी भी नियमित रूप से सक्रिय दिखे। यहां बतादें कि 25 अगस्त 2023 को भी दो पालियो में (प्रथम पाली 10 बजे पूर्वाहन से 12 बजे मध्यान तक एवं द्वितीय पाली 03:30 बजे अपराह्न से 05:30 बजे अपराह्न तक) परीक्षा आयोजित की जायेगी।

### 8 बाइक पर लदे 3900 बोतल नेपाली शराब जब्त




**जयनगर/मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो. गुलाब)।** जयनगर थाना क्षेत्र के बैरा गॉव में 3900 बोतल नेपाली शराब और 8 बाइक को पुलिस ने जब्त कर लिया।वहीं तस्कर मौके से फरार हो गए।जयनगर थाना के अपर थाना अध्यक्ष गोपाल कृष्ण ने बताया कि गुप्त सुचना पर कारवाई किया गया कि बैरा गांव से बाइक सवार शराब धंधेबाजो की टोली शराब की तस्करी कर रहा है। पुलिस की छापेमारी दल ने कारवाई करते हुये 8 बाइक पर लदे 3900 बोतल नेपाली शराब बरामद किया है।हालांकि शराब धंधेबाज पुलिस टीम को देखते ही बाइक पर लदे शराब छोड़ कर फरार हो गया।पुलिस ने शराब बरामद कर मोटरसाइकिल जब्त कर ली। मामले में थाने में कांड दर्ज किया गया है।

# एचडब्ल्यूसी के संचालन मामले को लेकर जारी प्रखंडवार रैंकिंग में पलासी अव्वल



**अररिया ।** सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाकों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित कराने में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का संचालन महत्वपूर्ण साबित हो रहा है। स्वास्थ्य विभाग वेलनेस सेंटरों पर जरूरी सेवाओं की उपलब्धता व आम लोगों तक इसकी आसान पहुंच की दिशा में जरूरी पहल कर रहा है। इसी कड़ी में जिलास्तर पर हेल्थ ऐंड वेलनेस सेंटर के क्रियान्वयन को लेकर प्रखंडवार व सेंटरवार रैंकिंग जारी की गयी है। ताकि इसके संचालन संबंधी कमियों का पता लगातार उपलब्ध सेवाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कराया जा सके और इसका लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाया जा सके।

**एचडब्ल्यूसी का प्रभावी क्रियान्वयन रैंकिंग का उद्देश्यः** हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के संचालन को लेकर जिलास्तर पर जारी प्रखंडवार रैंकिंग में पलासी प्रखंड अव्वल रहा है। वहीं एचडब्ल्यूसी को लेकर जारी रैंकिंग में जोकीहाट प्रखंड अंतर्गत बगडेहरा हेल्थ वेलनेस सेंटर को पहला स्थान प्राप्त हुआ है। जानकारी देते हुए जपाइगो के कार्यक्रम समन्वयक डॉ याकूब ने बताया कि राज्य की तर्ज पर स्वास्थ्य संस्थानों के क्रियान्वयन को लेकर जिलास्तरीय रैंकिंग जारी की गयी है। स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित महत्वपूर्ण इंडिकेटरों को केंद्र में रखते हुए प्रखंडवार व वेलनेस सेंटरवार रैंकिंग जारी की गयी है। इसमें हेल्थ वेलनेस सेंटर के संचालन को लेकर जारी रैंकिंग में पलासी, सिकटी व नरपतगंज प्रखंड को क्रमश पहला, दूसरा व तीसरा रैंक प्राप्त हुआ है। वहीं हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को लेकर जारी रैंकिंग में जोकीहाट प्रखंड अंतर्गत बगडेहरा एचएससी को पहला, अररिया प्रखंड अंतर्गत रामपुर कोदरकट्टी एचएससी को दूसरा व जोकीहाट के केसर्रा एचएससी को तीसरा रैंक प्राप्त होने की जानकारी उन्होंने दी।

**महत्वपूर्ण स्वास्थ्य इंडिकेटरों के आधार पर रैंकिंग जारीः** हेल्थ वेलनेस सेंटर के सफल संचालन संबंधी महत्वपूर्ण इंडिकेटरों को ध्यान में रखते हुए रैंकिंग जारी की गयी है। इसमें डेली रिपोर्टिंग, वेलनेस सत्रों का संचालन, मासिक रूप से हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, ओरल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर, सर्वाइकल कैंसर की स्क्रीनिंग व उपलब्ध करायी गयी सेवाओं की अद्यतन रिपोर्टिंग जैसे स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित महत्वपूर्ण इंडिकेटर शामिल हैं।

**वेलनेस सेंटर पर 14 तरह के डायगोनेस्टिक सेवा उपलब्धः** सिविल सर्जन डॉ विधानचंद्र सिंह ने बताया कि हेल्थ वेलनेस सेंटर की मदद से ग्रामीण इलाकों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच आसान हुई है। रैंकिंग की मदद से संस्थानों को अपनी कमियों का पता लगाने व इसमें सुधार को उचित अवसर हासिल हो सकेगा। उन्होंने बताया कि वेलनेस सेटर के माध्यम से आम जिलावासियों को 14 तरह के डायग्नॉस्टिक सेवाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। अनिवार्य दवाओं की सूची में शामिल कुल 151 दवाओं में 90 से 100 दवाएं सभी वेलनेस सेंटरों पर उपलब्ध करायी गयी है। ताकि विभिन्न रोगों की जांच, जरूरी चिकित्सकीय परामर्श व निःशुल्क दवाएं आम लोगों को ससमय उपलब्ध करायी जा सके।

## कैंडल मार्च के साथ पत्रकार विमल यादव की हत्या का जताया विरोध



**फारबिसगंज।** बुधवार की संध्या तकरीबन 6:30 बजे रानीगंज के दिवंगत पत्रकार विमल यादव जिनकी निर्मम हत्या अपराधियों के द्वारा कुछ दिन पूर्व कर दी गई थी के विरोध प्रदर्शन को लेकर बथनाहा में जिला पत्रकार संघ के संयुक्त तत्वावधान में निकल गया कैंडल मार्च। इस कैंडल मार्च में बथनाहा एवं फारबिसगंज के सभी पत्रकारों ने भाग लिया साथ हीं बथनाहा के स्थानीय लोगों ने भी इस विरोध प्रदर्शन में अपनी भागीदारी निभाई। विरोध प्रदर्शन बथनाहा बीरपुर चौक एन एच के हनुमान मंदिर से शुरू होकर स्थानीय हाट चौक हनुमान मंदिर होते हुए पुराने एसएसबी कैंप पर जाकर समाप्त हुआ जहां दिवंगत पत्रकार विमल यादव के हत्या के विरोध में नारे लगाए गए एवं उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया। श्रद्धांजलि के बाद कैंडल मार्च प्रदर्शन में उपस्थित लोगों ने अपने-अपने विचार मीडिया के समक्ष रखे। उन्होंने दिवंगत पत्रकार की विधवा पत्नी के लिए मुआवजे के तौर पर 25 लख रुपए एवं सरकारी नौकरी की मांग सरकार से की। हथियारों को फांसी दो एवं इसी क्रम में पत्रकार सुरक्षा कानून को लेकर भी नारे लगाए गए। इस कैंडल मार्च में लक्ष्मी नारायण गुप्ता रजनीकांत झा मोहम्मद आबिद पंकज झा अमरेंद्र कांत झा जितेंद्र साहू नवल किशोर शाह नागेश्वर यादव वार्ड पर्षद पंकज मंडल मिथिलेश यादव रजनीकांत झा शहंशाह जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह पुरुषोत्तम भगत शत्रुघ्न यादव विनय ठाकुर राजकुमार साह उर्फ राजू साह संजय प्रताप सिंह मिट्ठू सोनी राजेश चंद्र वर्मा दीनानाथ साह ओम प्रकाश सिंह इत्यादि मौजूद थे।

## रंगदारी नहीं देने पर जान मारने की धमकी, एसडीपीओ के पास लगाई गुहार



**फारबिसगंज।** फारबिसगंज के खवासपुर वार्ड संख्या 3 के रहने वाले रंजीत कुमार भगत पिता -स्व.बैजनाथ भगत ने फारबिसगंज एसडीपीओ खुशरू सिराज को आवेदन देकर एक महिला समेत दो के खिलाफ मोबाइल से दो लाख को रंगदारी मांगने और नहीं देने पर जान से मार देने आए आरोप लगाया है।धमकी दिए जाने से पूरे परिवार के भय के साए में रहने की बात करते हुए पीड़ित ने एसडीपीओ से न्याय की गुहार लगाई। फारबिसगंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के कार्यालय में एसडीपीओ को दिए गए आवेदन में में रंजीत कुमार भगत ने 10 अगस्त से 7004537689,9934789045 और 7320061894 नंबर से लगातार फोन कर भद्दी भद्दी गाली गलौज के साथ दो लाख रुपैये रंगदारी मांगने और नहीं देने पर जान मार देने की धमकी देने का आरोप लगाया गया है।उन्होंने आरोप रमई वार्ड संख्या 3 के मिठू चौधरी पिता -स्व. महेंद्र चौधरी और खवासपुर वार्ड संख्या 3 की रहने वाली रूकसार खातून पिता -मो.खाजा पर लगाया है।अपने आवेदन में उन्होंने रूकसार के मिठू चौधरी के साथ रहकर नशे के कारोबार करने का आरोप लगाया।उन्होंने नशे का धंधा करने से मना करने के कारण ही चौक चौराहों के साथ मोबाइल पर धमकी देने का आरोप लगाया।पीड़ित ने मिठू चौधरी के पुराने आपराधिक इतिहास होने की बात करते हुए 2019 में गोलीकांड की घटना घटित कर देने की बात कही।मामले में एसडीपीओ खुशरू सिराज ने जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही।

## राजद शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रवक्ता पद पर बी एन एम यू के अतिथि सहायक प्राध्यापक डॉ.सुमंत राव किए गए नियुक्त



**पटना/मधेपुरा/सहरसा।** राष्ट्रीय जनता दल के शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रवक्ता की जिम्मेदारी भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा अंतर्गत आर.एम.कॉलेज, सहरसा के राजनीति विज्ञान विभाग के अतिथि सहायक प्राध्यापक डॉ. सुमंत राव उर्फ बबलु सम्राट को दिया गया है। राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री लालू प्रसाद यादव, बिहार के उपमुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव के निर्देश एंव राजद के प्रदेश अध्यक्ष श्री जगदानन्द सिंह के परामर्शनुसार शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कुमर राय ने प्रदेश प्रवक्ता का एक मनोनयन पत्र जारी कर यह जानकारी दिए है। बबलु सम्राट छात्र जीवन से ही राजद से जुड़े हुए है। पटना विश्वविद्यालय के संघर्षशील छात्र नेता में इनका नाम सर्वोच्च स्थान पर है। धरना, प्रदर्शन और आंदोलन के माध्यम से छात्र राजनीति में काफी लोकप्रिय थे। मूल रूप से सहरसा जिला के सौरबाजार प्रखंड के ग्राम-पंचायत चंदौर के निवासी है। भ्रष्टाचार के खिलाफ विगत एक दशक से जन सेव द डेमोक्रेसी अभियान के माध्यम से पूरे बिहार में काफी सक्रिय है। डॉ.सुमंत राव पटना विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एंव जनसंचार से मास्टर डिग्री के साथ-साथ पटना लॉ कॉलेज से विधि स्नातक भी है। प्रदेश अध्यक्ष कुमर राय ने बताया कि डॉ.सुमंत राव शिक्षक प्रकोष्ठ को पूरे बिहार में मजबूती के साथ संगठित और शिक्षक समस्या पर समाधान करने का कार्य करेंगे। इनके मनोयन पर राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व मंत्री श्री श्याम रजक, टी.पी.कॉलेज मधेपुरा के डॉ. ब्रजेश सिंह, डॉ.संतोष कुमार सेठी, पार्वती साइंस कॉलेज,मधेपुरा के डॉ.अरुण प्रसाद अमन, कॉमर्स कॉलेज, मधेपुरा के साधना कुमारी डॉ.नूरुद्दीन,आर.एम.कॉलेज,सहरसा के डॉ.स्वेता शरण, डॉ.अक्षय कुमार चौधरी, डॉ.राजू कुलकर्णी, डॉ.वीणा कुमारी मिश्रा, दिपेश कुमार, डॉ.डेजी कुमारी, डॉ.सुमित सिंह, डॉ.बिलो राम, डॉ.अखिलेश कुमार मिश्रा, डॉ. कमलाकांत झा, डॉ.रेणु कुमारी, डॉ.ललन कुमार, डॉ. आलोक झा, डॉ.अरूप श्रीवास्तव, पी.जी.सेंटर सहरसा में कार्यरत डॉ.हर्षवर्धन सिंह, डॉ.कविता सिंह, पटना विश्वविद्यालय के डॉ. विद्यानंद विधाता, डॉ.मंजीत कुमार, डॉ. विवेक कुमार ने बधाई दिए है। अतिथि सहायक प्राध्यापक संघ के कई नेता ने हर्ष व्यक्त कर खुशी जाहिर कर बताया की डॉ.सुमंत के माध्यम से हमलोग के समस्या समाधान में एक सकारात्मक प्रयास होगा। जेएसडी के तिरहुत प्रमंडल के कार्यकारी अधिकारी अरविंद तिवारी, शिवहर के जिला प्रबंधक सुंदरम सिंह, हाजीपुर अनुमंडल सचिव अभिषेक यादव, सुधीर कुमार, नीतीश चंद्रवंशी, संतोष कुमार पाटलिपुत्र विश्विद्यालय के शोधार्थी सौरभ सुमन समेत कई सामाजिक कार्यकर्ताओं एंव नेता ने बधाई दिए है।

### पटना जिला प्रशासन से पर्याप्त मात्रा में सीसीटीवी कैमरा लगाने दोनों लेन जब तक चालू ना हो गंगा पथ को तत्काल बंद रखा जायःइन्तेखाब आलम



**पटना।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य इन्तेखाब आलम ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कल पटना में नवनिर्मित गंगा पथ पर रूमी को स्कॉर्पियो द्वारा जबरदस्त टक्कर से इंतकाल पर गहरा अफसोस जाहिर किया है।0 श्री आलम ने कहा कि कल की रूमी की मौत मुझे झिंझौड़ दिया रात भर मुझे बेचैन सा रखा। सुबह होने का इंतजार करता रहा ताकि मैं उनके दोस्तों और रिश्तेदारों से बात कर सकूं। श्री आलम ने कहा कि पटना के पूर्व मेयर अफजल इमाम रूमी के बहनोई है और उनके दोस्त नवाब से फोन पर बात करके हाल-चाल लिया। इन्होंने कहा कि रूमी हमारे छोटे भाई जैसे था हमारा अपना छोटा भाई नवाब जिसके एक दर्जन दोस्त हैं जिसमें रूमी भी थे जो अब सभी को छोड़कर चले गए। जहां तक मैं समझता हूं एक दर्जन दोस्त की टोली जो लगातार एक साथ बैठना उठाना लगभग रोज़ का मामूल रहता है और कंकड़बाग के इलाके में साजिद रहमान की चाय की दुकान है जहां वह रोज शाम में मिलते हैं जिसमें पुलिस इंस्पेक्टर इरशाद,पत्रकार अरमान, शमीम अहमद, उर्फ गुड्डू , शमशाद आलम , तस्वीर ,हसरत ,मक्कू ,अशरफ , नौशाद का रोज का सिलसिला जाने आने का रहता है इसी क्रम में कल चार मोटरसाइकिल से नव निर्मित गंगा पथ से आ रहे थे आ रहे थे हालांकि रूमी मोटरसाइकिल बिल्कुल धीमी चलते थे और संजीदगी से एक जिम्मेदार इंसान की हैसियत से अपनी गाड़ी को कंट्रोल में रखते थे लेकिन अल्लाह की मर्जी के सामने किसी की कुछ नहीं चलती। इन्होंने पटना जिला अधिकारी से मांग की है कि नवनिर्मित गंगा पथ पर पर्याप्त सीसीटीवी कैमरा लगाया जाए और जब तक दोनों लेन चालू ना हो तब तक गंगापुर का आवागमन बंद रखें। इन्होंने जिला प्रशासन से यह भी मांग की है कि पटना के सभी पुल पर पुलिस की तैनाती भी हो तैनाती भी हो। अल्लाह मरहूम को जन्नतुल फिरदौस में अल्लाह से आला मुकाम अदा करें और उनके रिश्तेदारों और दोस्तों को सब्र।

### एस एस बी 52वीं वाहिनी के निर्देशन में प्राथमिक विद्यालय दहीपुरा में लगाया गया निशुल्क पशु चिकित्सा शिविर



**सिकटी।** दिनांक 23/08/2023 को श्री महेंद्र प्रताप कमांडेंट, 52वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अररिया के निर्देशन में बाहरी सीमा चौकी पीरगंज के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय दहीपुरा में निशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया| जिसमें डॉ० गुरविंदरजीत सिंह, कमांडेंट (पशु चिकित्सक) द्वारा पशुओं की मौसमी बिमारियों का इलाज किया गया व पशु पालकों को पशुओं में होने वाली मौसमी बीमारी तथा इससे बचाव के उपाय भी बताये गए| पशु चिकित्सा शिविर के दौरान कुल 102 पशुओं का इलाज किया गया| इसी क्रम में गृह मंत्रालय की निर्देशानुसार बल कर्मियों द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, नशे से होने वाले दुष्प्रभाव, भारत के वीर पोर्टल की जानकारी व उसमें अंशदान करने हेतु प्रेरित किया गया तथा ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर फल एवं सब्जियों के उत्पादन हेतु भी प्रोत्साहित किया गया ताकि जवानों को ताजे फल और सब्जी मिल सके| इस कार्यक्रम की स्थानीय लोगों के काफी सराहना की। एसएसबी द्वारा सीमावर्ती गांवों में समय-समय पर ऐसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं जिनका सीधा लाभ ग्रामीणों को मिलता है|

### बिहार सरकार का लक्ष्य है हर खेत तक पानी पहुंचाने का- सचिन चौधरी



**जयनगर /मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)।** जयनगर के बरही निवासी राजद के मधुबनी जिला के युवा जिला उपाध्यक्ष सचिन चौधरी ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार,उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का लक्ष्य है की हर खेत तक पानी पहुंचाने का जिस कार्य को बखूबी से बिहार सरकार के जल संसाधन मंत्री संजय झा निभा रहे हैं। कमला नदी पर लगभग 500 करोड़ के लागत से बराज का निर्माण कराया जा रहा है, बराज के निर्माण से अगल-बगल के किसानों के हर खेत तक पानी पहुंचाने में का जो लक्ष्य है वह सरलता पूर्वक किया जा सके।दूसरी तरफ हर कमला नहर का उराही करण भी कर लिया गया है।अब बारिश के बाद नहर से निकले चैनल का भी उड़ाही करण किया जाएगा। जिससे किसानों के खेत में पानी पहुंचे।किसानों के सिंचाई के लिए दूसरे तरफ हर बोर्डिंग तक बिजली पहुंचाया जा रहा है । शेष बचे हुए बोर्डिंग तक भी बहुत जल्द बिजली का पोल और बिजली पहुंच जाएगी।अभी बराज का निर्माण कार्य चल रहा है जिसके कारण कुछ परेशानी हो सकती है लेकीन किसान भाइयों के हर खेत तक पानी पहुंचाने का काम जल संसाधन विभाग के द्वारा प्रयास जारी है।

### अधिवक्ता को पितृशोक, लोगो ने ढाढ़स बंधाया

**अररिया।** व्यवहार न्यायालय अररिया स्थित जिला अधिवक्ता संघ के पूर्व उपाध्यक्ष सह वरिष्ठ अधिवक्ता असीत कुमार वर्मा के पिता पूर्व क्रिमिनल सिरिस्तेदार राजेन्द्र प्रसाद के निधन पर अधिवक्ताओ सहित न्यायालय कर्मियो ने शोक जताया है. जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मो मंजूर आलम व महासचिव जागेश्वर भगत ने संयुक्त रूप से बताया की अधिवक्ता असीत वर्मा के स्वर्गीय पिता व्यवहार न्यायलय से क्रिमिनल सिरिस्तेदार के पद से राजेन्द्र बाबू 31 जनवरी 1999 ई0 को सेवानिवृत्त हुए थे। सेवानिवृति के बाद वे समाजसेवी के रूप में लग गये तथा अरविन्द सोसायटी से जुड़कर धार्मिक प्रचार प्रसार में लीन हो गये थे।

**खुशहाल** रजनी सफल महिलाओं में से है जिन्होंने आजीविका के साधन अपनाकर घर की आमदनी बढ़ाई

# आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ी रजनी देवी




**कटिहार।** हमसब जानते हैं कि अगर इंसान कोई काम ठान ले तो, नामुमकिन को मुमकिन कर सकता है, कटिहार जिले की रहने वाली रजनी उन सफल महिलाओं में से एक है जिन्होंने आजीविका के साधन अपनाकर घर की आमदनी बढ़ाई है, आज उन्होंने अपने आजीविका से छह हजार प्रतिमाह आमदनी कर रही है | सतत् जीविकोपार्जन योजना के अंतर्गत चयनित रजनी देवी आज दुकान एवं बकरी पालन कर खुश है पहले एक बकरी नही था आज नौ बकरी का पालन कर रही है | दीदी के पति को शराब की बुरी लत थी, प्रतिदिन मारपीट-झगड़ा आम बात थी, एक दिन दीदी परेशान होकर दोनों बेटे और एक बेटी के साथ मायके आ गई, शराबी पति का जुर्म फिर भी कम नहीं हुआ, वह मायके में आकर भी मारपीट करता था और एक दिन रात के अंधेरे में शराबी पति, दीदी के घर में आग लगा दिया, जिससे उनका पूरा घर जल गया, गांववाले किसी तरह इन्हें पकड़कर पुलिस के हवाले किये, दीदी के मायके वाले द्वारा केस किया गया और इन्हें तीन साल की सजा हो गई | पति को सजा होने के बाद दीदी अपने बच्चों के भरण-पोषण के लिए खेतों में मजदूरी करना शुरू कर दिया, कभी दिहाड़ी पर काम मिलता तो कभी काम ही नहीं मिलता, इतनी मजदूरी में तो भोजन भी पूरा नहीं हो पाता था, ऐसे में कभी एक समय का खाना खा कर गुजारा किया करते थे, जैसे-तैसे जीवन बसर करते हुए समय कटता गया, फिर एक दिन ओम जीविका महिला ग्राम संगठन की कुछ दीदियों ने इनसे बात की और कहा कि ग्राम संगठन की मदद से आपको कुछ करवाया जायेगा, जिससे आप अपने परिवार का जीवन यापन कर सकती हैं, सबसे पहले दीदी को समूह में जुड़वाया गया, ग्राम संगठन की मदद से इनके इच्छानुसार गांव में ही किराना दुकान खोलने के लिए जीविकोपार्जन निवेश निधि मद में बीस हजार रुपए की संपत्ति एवं विशेष निवेश निधि मद में दस हजार एवं की राशि प्रदान की गई । दीदी की शादी चौदह वर्ष की आयु में हो गई थी, ये दो भाई और चार बहन है, इनके माता-पिता मजदुर थे, बड़ा परिवार होने के कारण इनकी आर्थिक स्थिति बहुत खराब थी, आर्थिक आमदनी कम होने के कारण दीदी की प्रारंभिक शिक्षा भी नहीं हो पाई और कम उम्र में ही शादी हो गई | इस व्यवसाय से दीदी अपने बैंक खाते में 26000 जमा कर ली है, और इनके पास डेढ़ लाख से अधिक की सम्मति है, दीदी के आत्मविश्वास से सरकार की विभिन्न योजनाओं तक भी अपनी पहुंच बना ली है, एक तरफ जहां उसे राशन कार्ड उपलब्ध हो गया, घर में पेयजल की सुविधा है, वहीं वह उज्जवला योजना से भी लाभान्वित हुई, उनके तीनो बच्चे अब पढ़ाई कर रहे हैं | दीदी एक खुशहाल जीवन जी रही हैं और सतत् जीविकोपार्जन योजना का शुक्रिया अदा करती हैं, बताती है कि अब मैं आत्मनिर्भर बन चुकी हूं, अब मुझे दूसरों के यहां मजदूरी नहीं करना पड़ता है |

## दुनियां का पहला देश बना भारतः कुलपति डॉ. अशोक कुमार



**मधेपुरा।** संस्थापक मधेपुरा कॉलेज मधेपुरा सह कुलपति श्री कृष्णा विश्वविद्यालय उदाकिशुनगंज मधेपुरा डा. अशोक कुमार ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि इसरो द्वारा चंद्रमा पर भेजी गई चंद्रयान-3 विक्रम पहुंचकर भारत का परचम लहराया जैसे ही विक्रम चंद्रमा पर 06:04 मिनट पर पहुंचा। पूरा भारत की जनता 140 करोड़ अपने-अपने तरीके से जश्न मनाना शुरू किया ।नासा ने इसरो वैज्ञानिक टीम को तथा भारत को बहुत-बहुत बधाई दिया है। मधेपुरा कॉलेज के मैदान में मधेपुरा कॉलेज के शिक्षक कर्मी एवं छात्रगण के साथ-साथ मूल्यांकन में लगे सुपौल तथा मधेपुरा जिला के अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालय के सभी शिक्षक अपने खुशी का इजहार करने एकत्रित हुए सबों ने एक साथ राष्ट्रीय गान तथा राष्ट्रीय गीत गाकर विभिन्न तरह के नारे से चांद को गुंजायमान किया। लोगों ने कहा की चांद पर चढ़े हैं सूरज पर चढ़ेगे । चंदा मामा अब दूर नहीं हम लोगों के साथ संबंध बना लिए जहां हम जा आ सकते हैं। कुलपति महोदय ने कहा की 23/ 8 /2023 का दिन भारत के लिए दुनिया की नजर में अर्थात विश्व स्तर पर ऐतिहासिक रहा ।दक्षिणी ध्रुव पर सबसे जटिल जगह चंद्रयान 3 का लैंडिंग सफलतापूर्वक होते ही हमारे वैज्ञानिकों का मनोबल इतना बढा कि वे अब शीघ्र ही सूरज पर चढ़ने की तैयारी में लग गए । विश्वास है कि हमारे वैज्ञानिक सूर्य पर भी दुनिया में सबसे पहले पहुंचेगा । महाविद्यालय की प्रधानाचार्य सह मूल्यांकन निदेशक डॉ पूनम यादव ने कहा कि भारत की माताओं की पूजा आज सफल हुई क्योंकि प्रतिवर्ष इसी भाद्र में शुक्ल पक्ष को संध्या चंद्रमा की पूजा बड़े ही निष्ठा से करती है ।वही हमें विश्वास है इसरो का सूर्य पर चढ़ने की तैयारी बड़ी तेजी से कामयाबी होगी क्योंकि भारतीय मां कार्तिक मास में बड़े ही पवित्र एवं मनोयोग से सूरज की पूजा करती है ।इस जश्न में महाविद्यालय के डॉक्टर भगवान कुमार मिश्रा कार्यक्रम पदाधिकारी रत्नाकर भारती मोहम्मद शोएब आलम विजेंद्र यादव आदर्श कॉलेज के विजेंद्र नारायण यादव आरपीएम कॉलेज के निरोध कुमार निराला डॉक्टर शिवकुमार के.वी. ओवेन गीता रस्तोगी सीएम साइंस कॉलेज के अभय कुमार ए. एल. वाई. कॉलेज के डॉ सुरेश कुमार, डॉ अरुण कुमार, रामानंद सिंह डिग्री कॉलेज सुपौल के विश्वनाथ यादव परमेश्वरी यादव, यू.भी. के.कॉलेज करामा के प्रोफेसर नागेश्वर झा, चंद्रशेखर मिश्रा, शिव कुमार, पूजा भारती, तनुजा भारती, महिला कॉलेज सुपौल के अरुण कुमार सिंह राघोपुर कॉलेज के जयदेव यादव आदि शामिल हुए।

## ख़ास ख़बर

### पत्रकार विमल यादव की हत्या के विरोध में कैंडिल मार्च निकाल कर दी श्रद्धांजलि




**अमरेश कुमार/ दैनिक शुभ भास्कर, पिपरा, सुपौल।** जिले में पिपरा प्रखंड क्षेत्र के तमाम पत्रकारों ने पत्रकार बिमल यादव की हत्या के विरोध में कैंडल मार्च निकाल श्रद्धांजलि दी।अररिया जिला के रानीगंज के दैनिक अखबार के पत्रकार बिमल यादव की बीते दिनों हुई निर्मम हत्या के बिरोध बुधवार में देर शाम पिपरा प्रखंड के पत्रकारों ने दिबंगत पत्रकार विमल यादव को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न बैनरों के पत्रकारों ने कैंडल मार्च निकाला जो पिपरा बाजार के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए गांधी कल्ब पहुंच शोक सभा आयोजित कर दिवंगत पत्रकार विमल यादव के तेल चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिए। इस दौरान पिपरा के पत्रकारों ने पत्रकार बिमल यादव के हत्यारों को फांसी देने की मांग की है साथ ही सरकार से मृतक के आश्रित को 40 लाख रुपया मुआवजा एवं परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने सहित बिहार में पत्रकार कानून लागू करने की मांग सरकार से की है। पत्रकारों ने सरकार से मांग किया है कि सभी रजिस्ट्रड पत्रकारों को अपनी सुरक्षा के लिए हथियार का लाइसेंस देने की मांग की है। इस दौरान पिपरा पत्रकार अमरेश कुमार,बिनोद गुप्ता, बमबम बर्मा, आनंद गुप्ता,सुनील कुमार,अनिल कुमार मेहता, इंद्र भूषण कुमार,सहनवाज , प्रशांत कुमार , पंकज कुमार,मोहमद रहमतुल्ला, सहित दर्जनों पत्रकार मोजूद थे।

### लगातार हो रही हैं बारिश से सड़के हुआ कीचड़मय



**डॉ0 विनीत शेखर/ दैनिक शुभ भास्कर ,निर्मली,सुपौल।** जिले में निर्मली प्रखंड अंतर्गत लगातार दो दिनों से रुक रुक कर हो रही झमाझम बारिश आम जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया। कई स्थानों पर सड़कों व गलियों में जलभराव होने से लोगों को आवागमन में दिक्कतें हुईं। बारिश ने खेत में लगे लहलहाते धान की फसल को संजीवनी मिला तो एक तरफ जहां किसानों के चेहरे पर खुशी का लहर जाग उठा। विगत दिनों आग उगलती धूप व उमस भरी गर्मी से लोगों परेसान था। मौसम के करवट लेते ही जहां लोगों को राहत मिली तो वही किसानों को खेतों में लगी फल को लाभ मिला। झमाझम बारिश से गुरुवार सुबह से ही अनुमंडल क्षेत्र में बारिश से भीषण गर्मी से जूझ रहे लोगों ने राहत की सांस ली थी। सिलसिला लगभग पूरे दिन चलता रहा। कुछ देर के लिए बरसात थमती, लेकिन कुछ ही देर बाद फिर से पानी बरसने लगता। नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई है। नाले व नालियों का गंदा पानी सड़कों पर बहने लगा। इससे लोगों को आवागमन में दिक्कतें हो रही थी। नगर पंचायत के मुख्य मार्ग, दुर्गा स्थान सब्जी मंडी, भगत सिंह चौक, सुभाष चौक के निकट, पश्चिमी कोशी कॉलनी के अलावा कई क्षेत्रों में जहां जलभराव हो गया। तो वहीं नगर के थाना परिसर में नाला टूटने से वार्ड 06 एवं 05 समेत कई अन्य क्षेत्रों में जलभराव हो जाने से लोगों को आवागमन में दिक्कतें हुईं। लोगों का कहना था कि यदि समय रहते नाले नालियों की समुचित सफाई होती तो आज यह समस्या से दो चार नही होना पड़ता।

# नहर में स्नान करने के क्रम में डूबने से एक व्यक्ति की हुई मौत

**संवाददाता/ दैनिक शुभ भास्कर राघोपुर, सुपौल ।** जिले के राघोपुर थाना क्षेत्र स्थित चंपानगर गांव के नहर में स्नान करने के क्रम में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान चंपानगर पंचायत के वार्ड नंबर 4 निवासी स्व फूलचंद मरीक के 35 वर्षीय पुत्र सुधीर मरीक के रूप में हुई है। घटना को लेकर जानकारी देते हुए स्थानीय लोगों ने बताया कि बुधवार की संध्या करीब 4 बजे जानकारी मिली कि सुधीर मरीक घर से बगल स्थित नहर में स्नान करने गए जो कि डूब गया है। बताया कि इसके बाद ग्रामीणों द्वारा उसकी काफी खोजबीन की गई। लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। बाद में गुरुवार की सुबह घटना की सूचना राघोपुर थाना पुलिस को दी गई जिसके बाद राघोपुर थाना की पुलिस तथा एनडीआरएफ के जवान ने मौके पर पहुंचे और एनडीआरएफ की टीम शव के तलाश में नहर में उतरी। करीब 3 घंटे तक कडी मस्क़त करके सर्च ऑपरेशन चलाया आखिरकार







मृतक का शव बरामद हुआ। जिसके बाद एनडीआरएफ ने कागजी प्रक्रिया पूरी कर शव को राघोपुर पुलिस के हवाले कर दिया। वही राघोपुर थाना की पुलिस भी कागजी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सुपौल भेज दिया। वहीं घटना के बाद मृतक के परिजनों के बीच कोहराम मच गया। मृतक सुधीर की 30 वर्षीय पत्नी सनीता देवी अपने पति का शव देखकर बेहोश हो गई। जिसे स्थानीय लोगों द्वारा संभालने की कोशिश किया जा रहा था। वही स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतक सुधीर को 2 लड़का और एक लड़की है। तीनों संतान में लड़की सबसे बड़ी 16 वर्षीय कंचन कुमारी, लड़का 9 वर्षीय बौका और 7 वर्षीय बिलटा शामिल है। घटना को लेकर तीनों बच्चों का भी रो रोकर बुरा हाल था। वहीं मामले को लेकर थानाध्यक्ष रजनीश कुमार केशरी ने बताया कि शव बरामद होने के बाद कागजी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आगे की कार्यवाही की जा रही है।

## पुलिस द्वारा शराब कांड के अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**सरोज कुमार/ दैनिक शुभ भास्कर, किशनपुर,सुपौल ।** जिले में किसनपुर थाना क्षेत्र के तुलापट्टी गांव के शराब कांड के अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष राघव शरण ने बताया कि तुलापट्टी पंचायत के वार्ड नम्बर 04 निवासी सरयुग शर्मा के पुत्र महेंद्र शर्मा को शराब कांड को लेकर थाना कांड संख्यां 123/23 था। जहां उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## लायंस क्लब इंटरनेशनल शाखा के स्थानीय गठन को लेकर कमला राइस मिल कैंपस में हुई बैठक

**डॉ0 बिनीत शेखर/ दैनिक शुभ भास्कर निर्मली सुपौल ।** जिले के निर्मली प्रखंड अंतर्गत विश्व विख्यात संस्था लायंस क्लब इंटरनेशनल की स्थानीय शाखा के गठन को लेकर कमला राईस मिल कैंपस में विकास सुराना की अध्यक्षता में गुरुवार को एक बैठक आयोजित की हुई। बैठक में सर्वसम्मति से लायंस क्लब ऑफ निर्मली का गठन किया गया। जिसमे नीतिन उर्फ़ पिंकू पंसारी को अध्यक्ष, दीपक कुमार मंडल को सचिव और नीतीन उर्फ बंटी चोपड़ा को कोषाध्यक्ष चुना गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने बताया कि बहुत जल्दी ही क्लब की स्थापना के लिए इंस्टॉलेशन सेरेमनी किया जायेगा। जिसमें राज्य स्तर के पदाधिकारी को शामिल होने की



संभावना है। उपस्थित सदस्यों ने कहा कि नगर में इस तरह की अंतर्राष्ट्रीय संस्था का होना गौरव की बात है। इसके अलावे नगर में सहयोगात्मक व विकासात्मक कार्यों में वृद्धि होगी। बैठक में नवनियुक्त सदस्यों के रूप में अभिषेक पंसारी, निशांत जैन, नसीम अनवर, मनोज शर्मा, अवधेश झुनझुनवाला, लाल यादव, मुकेश सिपाणी व अन्य उपस्थित थे।

# कार्यालय में बैठकर कर्मी के बदले बिचौलिये निपटाते हैं काम, सरकारी फ़ाइलों का करते हैं निष्पादन

**जितेन्द्र कुमार / दैनिक शुभ भास्कर, त्रिवेणीगंज, सुपौल ।** जिले के त्रिवेणीगंज अंचल कार्यालय में बिचौलिए के माध्यम से संचालित है यहां अंचल कर्मी नहीं बल्कि बिचौलिए सरकारी फाइलों का निष्पादन करते हैं इस बात का खुलासा तब हुआ जब थाना क्षेत्र के बभनगामा निवासी सचिन्द्र कुमार जयसवाल अपने जमीन संबंधी काम को लेकर अंचल कार्यालय त्रिवेणीगंज पहुंचे तो वहाँ देखा कि कार्यालय में अंचल कर्मियों के साथ थाना क्षेत्र के बेला निवासी संतोष कुमार राम टेबुल पर बैठकर सरकारी फाईल का अवलोकन कर सरकारी कार्य निष्पादित कर रहे हैं। जिसके बाद सचिन्द्र कुमार जयसवाल ने सरकारी कार्य निपटा रहे बिचौलिए संतोष कुमार राम की तस्वीर अपने मोबाइल में खींच लिया।इस बाबत सचिन्द्र कुमार जयसवाल ने अनुमंडल पदाधिकारी त्रिवेणीगंज को एक लिखित आवेदन देकर एक शिकायत किया है जिसमें ऊपर वर्णित बातों का जिक्र करते हुए बिचौलिया संतोष



कुमार राम पर आरोप लगाते हुए यह भी कहा है कि इसके साथ मेरा भी जमीन संबंधी विवाद पूर्व चल रहा है तथा मुझे आशंका है कि सरकारी कर्मी के सानिध्य में आकर मेरे जमीन संबंधी कागजात में वे हेराफेरी करते होंगे।उक्त बातों को लेकर त्रिवेणीगंज अनुमंडल पदाधिकारी शम्भूनाथ से पत्रकार ने मोबाइल के माध्यम से पूछा तो कहा कि आकर मिलेगा तो चेंबर में भर दिन में हजार दो हजार चिट्ठी आता है कौन क्या दिया नहीं दिया कितना ख्याल रखेंगे। दिया होगा तो दिया होगा।

## बेख़ौफ बदमाशों ने हथियार के बल पर बाइक व मोबाइल लूट की घटना को दिया अंजाम




**राज कुमार झा/ दैनिक शुभ भास्कर ,छातापुर,सुपौल।** जिले के छातापुर थानाक्षेत्र में अपराधी बेखौफ होकर बार बार घटना को अंजाम दे रहे हैं, और इधर पुलिस हाथ - हाथ धरे बैठे हैं। अपराधियों में पुलिस का ख़ौफ़ तक नहीं रहा अपराधी वारदात को अंजाम पे अंजाम दे रहे हैं , पुलिस अपराधियों पर नकेल कसने में नाकामयाब साबित होता दिख रहा है। लोगों की माने तो प्रशासन कानून व्यवस्था बनाए रखने में कम वसूली पर अधिक ध्यान दे रही है। नकाबपोश बदमाश हथियार के बल पर सड़क लूट जैसी कई वारदातों को बेखौफ होकर अंजाम दे रहा है। लेकिन प्रशासन की हाथ अभी भी खाली दिख रहा है। ताजा घटना थानाक्षेत्र के डहरिया के समीप रानीपट्टी वितरणी नहर पर बुधवार की संध्या की है। जहां बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने हथियार के बलपर बाइक लूट की घटना को अंजाम दिया है। बताया जाता है कि चार की संख्या में रहे बदमाशों ने पीछा कर बाइक सवार को घेर लिया और अग्नेयास्त्र से फायरिंग कर पहले दहशत फैला दिया। जिसके बाद मारपीट करते बाइक व मोबाइल लूट लिया और मौके से भाग निकला। पीड़ित बाइक सवार दक्षिण दिशा से अपने ससुराल डहरिया आ रहा था। वह डहरिया निवासी पूर्व वार्ड सदस्य विश्वनाथ यादव का दामाद पिंटू कुमार यादव बताया जा रहा है। जो मधेपुरा जिला के सिमराहा गांव निवासी बताया जा रहा है। पीड़ित बाइक मालिक ने थाना पुलिस को आवेदन देकर घटना से अवगत कराया और लूटे गये बाइक की बरामदगी की गुहार लगाई। इसी तरह कि घटना बीते 13 अगस्त को मुख्यालय स्थित बस पडाव से पुरब स्थित रानीपट्टी वितरणी नहर पर भी हुई थी। जहां अग्नेयास्त्र से लैश अपराधियों नें फायरिंग कर बाइक सवार को घेर लिया। फिर बाइक के अलावे मोबाइल व नगदी छीनकर फरार हो गया। अग्नेयास्त्र से की गई फायरिंग में पीड़ित बाइक मालिक के बदन के कपड़े का चीथडा उड़ गया। हालांकि वे बाल बाल बच गये भागकर थाना पहूंचे। पीड़ित छातापुर थानाक्षेत्र के भट्टावाडी वार्ड पांच निवासी रामप्रसाद गुप्ता की मानें तो 10 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस घटना का उद्भेदन नहीं कर पाई है। और ना ही बाइक की बरामदगी हो पायी है। थाना को दिये गये आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज हुई या नहीं इसकी भी जानकारी उन्हे नहीं दी गई ।

## टोल प्लाजा समीप अज्ञात वाहन की ठोकर से 55 वर्षीय महिला की हुई मौत




जितेंद्र कुमार/ दैनिक शुभ भास्कर, त्रिवेणीगंज, सुपौल । जिले में त्रिबेनीगंज थाना क्षेत्र के लक्ष्मीनियां टोल प्लाजा के समीप बुधवार की शाम अज्ञात वाहन की ठोकर से 55 वर्षीय महिला की मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के पिलुवाहा पंचायत के लक्ष्मीनियां वार्ड नंबर 9 निवासी बाबूजी यादव के 55 वर्षीय पत्नी दुर्गा देवी पैदल घास लेकर घर आ रहे थी। उसी क्रम में थाना क्षेत्र के लक्ष्मीनियां टोल प्लाजा के समीप सड़क पार कर रही थी। इसी दौरान त्रिवेणीगंज की तरफ से जा रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। इस घटना में महिला सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गई। जख्मी अवस्था में स्थानीय लोगों के द्वारा उक्त महिला को अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। लेकिन इससे पहले महिला की मौत हो चुकी थी। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना के उपरांत अस्पताल पहुँचे पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सुपौल भेज दिया। वहीं इस घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष केबी सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम के उपरांत मृतका महिला की शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है। साथ ही पुलिस आगे की कार्यवाई में जुट गई है।

**सफलता** चंद्रयान -3 ने चांद के दक्षिण ध्रुव पर सफलता पूर्वक लैंडिंग कर इतिहास रच दिया

# भाजपा युवा मोर्चा द्वारा चन्द्रयान-3 ने चांद के दक्षिण ध्रुब पर सफलता पूर्वक लेंडिंग को लेकर जताई खुसी

**ब्यूरो/ दैनिक शुभ भास्कर सुपौल ।** जिले में नगर परिषद अंतर्गत लोहिया चौक पर चंद्रयान -3 ने चांद के दक्षिण ध्रुव पर सफलता पूर्वक लैंडिंग कर इतिहास रच दिया ऐसा करने वाला भारत विश्व का प्रथम देश हो गया। चंद्रयान-3 के सफलता पर भाजपा युवा मोर्चा सुपौल के द्वारा जिला अध्यक्ष जयंत मिश्रा के नेतृत्व में बुधवार की शाम को सुपौल मुख्यालय स्थित लोहिया नगर चौक पर आतिशबाजी एवं तिरंगा लहराकर जश्न मनाया गया। जिला अध्यक्ष जयंत मिश्रा ने कहा कि भारत के वैज्ञानिकों ने अपनी बुद्धिमता और परिश्रम से लंबे सफर के बाद चंद्रयान-3 ने आज ऐतिहासिक सफलता प्राप्त की है जिससे प्रत्येक भारतवासी गर्व से भरा हुआ है आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मजबूत संकल्पों का ही परिणाम है



कि अब हमारा विक्रम लैंडर चांद पर है और पूरी दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। सबसे बड़ी बात यह है कि भारत के वैज्ञानिकों ने यह अभियान इतने कम खर्चे में सफल कर दिया जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। जिला मंत्री गिरीश चंद्र ठाकुर ने कहा कि 23 अगस्त वह दिन है जब भारत ने दुनिया भर में इतिहास रच दिया है देश का मून मिशन सफल हो गया है इसके पीछे इसरो के इंजीनियर और वैज्ञानिकों की दिन-रात की मेहनत है। नगर अध्यक्ष राहुल झा ने कहा कि रूस अमेरिका आदि के इस एक अभियान में 2000 से 3000 करोड रुपए खर्च होते हैं जबकि भारत के वैज्ञानिकों ने इस अभियान में मात्र 615 करोड रुपए खर्च किए हैं। युवा मोर्चा के जिला महामंत्री दीपक दुबे ने कहा कि अपना देश निरंतर असाधारण उपलब्धियां हासिल करते हुए रफ्तार के साथ विश्व गुरु बनने की राह पर अग्रसर है। भाजपा नेता श्याम पोद्दार ने कहा कि भारत की सफलता से तमाम भारतवासी गौरवान्वित हैं। मौके पर कार्यालय मंत्री विमलेंदु ठाकुर,क्रीडा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक राजधार यादव,मो० शमशाद,आलोक कुमार विशाल मिश्र मनीष कुशवाहा, सुरेश कुमार, नौशाद आलम, मो०नवाब,संतोष झा ,शिवा कुमार,बैजू शाह, धनपत,शंभू झा, दिनेश दास आदि मौजूद थे।

# बिहार लोक सेवा अध्यापक नियुक्ति परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में हुई संपन्न

**सरोज कुमार/ दैनिक शुभ भास्कर, किसनपुर,सुपौल ।** जिले के उच्च विद्यालय किशनपुर में गुरुवार को बिहार लोक सेवा अध्यापक नियुक्ति परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। केंद्राधीक्षक डॉ राजीव कुमार ने कहा कि इस परीक्षा केंद्र पर कुल 672 परीक्षार्थि सामिल होना था। जिसमें 25 परीक्षार्थी अनुपस्थित हुए और 647 परीक्षार्थियों ने शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा दिया है । कहा कि परीक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किया गया था। सभी कमरों में सीसीटीवी कैमरा और जैमर लगाया गया था।प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 10 बजे से 12 बजे के बीच आयोजित हुआ था । परंतु परीक्षार्थियों को सुबह 7.30 से 9.00 बजे तक ही प्रवेश की अनुमति देने का आयोग का सख्त निर्देश था। केंद्र पर बिहार परीक्षा अधिनियम 1981 लागू किया गया था। सभी परीक्षार्थियों के लिए बायोमैट्रिक अटेंडेंस और वोडियोग्राफी की भी



व्यवस्था किया गया था। सघन जांच के बाद ही परीक्षार्थियों को वर्ग कक्ष में प्रवेश की अनुमति दी गई। कुल 40 वीक्षको ने मिलकर वीक्षण कार्य को संपन्न किया। वहीं केंद्र पर स्टेटिक दंडाधिकारी के रूप में सीओ प्रिंस राज और प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी पिपरा मणिकांत कुमार को तैनात किया गया था। वहीं जोनल दंडाधिकारी के रूप में सहायक निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय सुपौल अनुराग कुमार और पुलिस अवर निरीक्षक हंसराज मुकुल को पुलिस बल के साथ तैनात किया गया था। परीक्षा के सफल संचालन के लिए जिला प्रशासन की टीम भी लगातार नज़र रख रही थी।

# खास ख़बर

### गुमटी दुकानदार को गांजा के साथ पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नासरीगंज (रोहतास)**। स्थानीय थाना क्षेत्र के सुकहरा डिहरी गांव में एक गुमटी से पुलिस ने गांजा जब्त किया है। थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि उक्त गुमटी से गुप्त सूचना पर छापामारी कर 38 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। जो उक्त गुमटी दुकान के संचालक राकेश कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस थाना क्षेत्र सभी पान व अन्य गुमटियों की अभियान चला पड़ताल करेगी और पकड़े जाने पर कठोर कार्रवाई किया जायेगा।

### फेसबुक हैक पीड़ित ने आज्ञात हैकर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया

नासरीगंज (रोहतास) स्थनीय थाना क्षेत्र के नगर के वार्ड-8 निवासी एक व्यक्ति ने थाने में अपना फेसबुक आईडी हैक कर एक समुदाय के विरुद्ध आपत्तिजनक टिपण्णी करने को ले थाने में प्राथमिकी दर्ज करया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि नगर के वार्ड आठ निवासी अमन गुलाम ने आज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया है,जिसमें उन्होंने कहा है कि उनका आईडी हैक कर किसी ने आपत्तिजनक पोस्ट किया है। उक्त सम्बन्ध में पुलिस ने उक्त मोबाइल को जब्त कर गहन जांच शुरू कर दिया है। जांचोपरांत दोषी पर कार्रवाई की जायेगी।

### विधायक जनसंपर्क कार्यालय में चंद्रयान की सफलता पर मनाया जश्न



**फारबिसगंज**। फारबिसगंज विधायक जनसंपर्क कार्यालय में चंद्रयान 3 की सफलता पर भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के साथ जश्न मनाया।भाजयुमो के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रेम केशरी एवं नगर अध्यक्ष किशन शर्मा की अगुवाई में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने भारत माता की जय और इसरो के साइंटिस्ट के जय के नारे लगाए। मौके पर भाजयुमो नेता प्रेम केशरी ने चंद्रयान 3 के विक्रम लीडर ने चाँद पर सफलतापुर्बक लैंड करने पर देशवासियो को बधाई दी। उन्होंने कहा है की भारतीय वैज्ञानिक की मेहनत व काबिलियत ने अंतरिक्ष में भारत को यह ऐतिहासिक उपलब्धि दिलाई है। उन्होंने कहा 140 करोड़ भारतीयों को अपने वैज्ञानिक पर गर्व है। भारत के लिए यह गौरवपूर्ण क्षण भी है और एक ऐतिहासिक उपलब्धि भी। मोके पर मौजूद युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यकारणी सदस्य प्रेम केशरी, युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष किशन शर्मा, अलोक सिंह, दीपक कुमार, राजेश केशरी,वीरेंद्र सिंह,नवीन कुमार, राहुल कुमार, सुमित कुमार, गोपाल कुमार, संजीत कुमार, मोनू कुमार,अभिषेक राय,जयंत विश्वास, अमर महतो, मनीष कुमार, सौरव साह, सुनील कुमार,मनीष मण्डल,रोहन कुमार आदि मौजूद थे।

### भाजपा कार्यकर्ता ने चन्द्रयान-3 की सफल लैंडिंग पर मनाया जश्न



**नासरीगंज (रोहतास)**। स्थानीय महावीर मंदिर समीप भाजपा कार्यकर्ताओं ने चंद्रयान-3 को सफलतापूर्वक सॉफ्ट लेंडिंग का दृश्य नगर अध्यक्ष लाल बाबू साह,के नेतृत्व में व जिला महामंत्री सह प्रभारी विजय सिंह की उपस्तिथि में पूरी व्यव्स्था के साथ देखा और सफलतापूर्वक लैंडिंग बाद जश्न मनाया। भारत माता एवं बंदे मात्रम के जयकारे लगाये व मिठाइयां बांटी और आतिशबाजी भी किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने कहा कि उक्त सफल लैंडिंग के लिए इसरो और भारतीय वैज्ञानिक बधाई के पात्र हैं, जिन्होंने पूरे देश को अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए गौरान्वित किया है और भारत को एक शक्तिशाली देश के रूप में पूरे विश्व पटल पर खड़ा किया है। साथ ही साथ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को वैज्ञानिकों का सहयोग करने के लिए उन्हें और पूरी भारत की केंद्र सरकार को साधुवाद दिया है। मौके पर प्रमोद कुशवाहा,अमित कुशवाहा,कनकधीर उपाध्याय,मदन केसरी,रौशन कुमार सिंह,संजय कुमार,संतोष कुमार आर्य,आशुतोष शर्मा,अनिल सुमन, पंकज कुमार, संतोष रौनियार ,अनिल यादव, अमित शर्मा, अजय कुमार समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# पुलिस टीम पर हमला करने के आरोप में 13 गिरफ्तार




**फारबिसगंज**। फारबिसगंज के मटियारी में एक दिन पहले शराब की जमाखोरी की सूचना पर पहुंची फारबिसगंज एसडीपीओ समेत पुलिस टीम पर किए गए हमले के आरोप में 13 लोगों को गिरफ्तार किया।पुलिस पर हमला करने के आरोप में गिरफ्तार लोगों में आठ पुरुष और पांच महिला हैं।पुलिस पर हमले की घटना के बाद एसडीपीओ खुशरू सिराज के नेतृत्व में थानाध्यक्ष आफताब अहमद,सब इंस्पेक्टर मदन गोपाल,अनुराधा कुमारी,शिल्पी कुमारी,सरोज कुमारी वर्मा,राजा बाबू पासवान,लक्ष्मण पासवान, रौनक कुमार सिंह,अमर कुमार और भारी संख्या में पुलिस बल ने मटियारी वार्ड संख्या सात में दबिश देकर 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया।गिरफ्तार किए गए ग्रामीणों में वारंटी उपेंद्र गोस्वामी,गोपाल गोस्वामी,युगल गोस्वामी,कृष्णा गोस्वामी,राजकुमार जोरदानी,लालचंद गोस्वामी,यशपाल गिरी,अरविंद गोस्वामी,नूतन देवी,राधा देवी,पंचम देवी,अंजू देवी,निर्मला देवी हैं।गिरफ्तार किए गए लोगों में उपेंद्र गोस्वामी फारबिसगंज थाना में दर्ज प्राथमिकी कांड संख्या 641/23 में वारंटी है।इससे पहले बुधवार को पुलिस टीम पर किए गए हमले मामले में 22 नामजद और 20 से 25 अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर कांड संख्या 793/23 दर्ज किया गया और दर्ज एफआईआर के आलोक में पुलिस की ओर से कार्रवाई की गई। उल्लेखनीय है कि फारबिसगंज के मटियारी वार्ड संख्या सात में बुधवार को शराब जमाखोरी की सूचना पर पहुंची फारबिसगंज एसडीपीओ समेत थाना पुलिस पर स्थानीय लोगों ने हमला कर दिया था और पकड़े गए एक वारंटी संतोष गोस्वामी को छुड़ाकर भगा दिया।जबकि मामले में एक वारंटी उपेंद्र गोस्वामी को पुलिस ने धर दबोचा था।पुलिस पर किए गए हमले में फारबिसगंज एसडीपीओ खुशरू सिराज समेत एसआई अजय कुमार यादव,एसडीपीओ के सुरक्षा गार्ड अनिल कुमार,नीतीश कुमार,साकेत कुमार,महिला सिपाही अंजली कुमारी को चोटे आई थी। भीड़ के द्वारा अचानक हमला करने के कारण पुलिस को बचाव के लिए हल्का बल भी प्रयोग करना पड़ा था।वहीं पकड़े गए वारंटी उपेंद्र गोस्वामी शराब पिए हुए था।जिसका फारबिसगंज अनुमंडलीय अस्पताल में मेडिकल जांच कराने पर शराब पीने की पुष्टि भी हुई थी।ग्रामीण महिलाओं ने कई पुलिस के जवान और अधिकारी को दांत काटकर घायल कर दिया था।

## सड़क हादसे में शिक्षिका की मौत, ई रिक्शा का ऑटो चालक भी गंभीर रूप से घायल, रेफर



**फारबिसगंज**। फारबिसगंज जोगबनी मुख्य मार्ग में मीरगंज चौक के समीप ई रिक्शा को पीछे से बोलेरो ने टक्कर मार दी।जिसमे ई रिक्शा पर सवार नरपतगंज के सोनापुर मध्य विद्यालय की शिक्षिका 42 वर्षीया कुमारी प्रीति पति -डॉ निलेश देव की मौके पर ही मौत हो गई।जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने दोनों को फारबिसगंज अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया।जहां चिकित्सकों ने शिक्षिका कुमारी प्रीति के प्री ही मौत हो जाने की जानकारी दी।जबकि ई रिक्शा चालक 35 वर्षीय नवीन कुमार पिता रामप्रसाद राम बुरी तरह जख्मी हो गया।जोगबनी के रहने वाले घायल चालक को फारबिसगंज अनुमंडलीय अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद समुचित इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।वहीं घटना के बाद बोलेरो गाड़ी का चालक मौके से फरार हो गया,जबकि जोगबनी थाना पुलिस ने बोलेरो गाड़ी को जब्त कर लिया है।घटना की सूचना के बाद बड़ी संख्या में शिक्षक सहित मटियारी भट्टाबाडी के लोग जमा हो गए।मृत शिक्षिका कुमारी प्रीति मध्य विद्यालय सोनापुर में पदस्थापित थी और प्रतिदिन अपने घर भट्टाबाड़ी वार्ड संख्या 10 से ई रिक्शा से स्कूल आया जाया करती थी।इसी क्रम में स्कूल जाने के क्रम में मीरगंज चौक के पास पीछे से आ रही तेज बोलेरो गाड़ी ने ई रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी।जिससे मौके पर ही शिक्षिका की मौत हो जाने की बात कही जा रही है।मृत शिक्षिका के पति डॉ निलेश देव नेपाल के विराटनगर में डेंटल क्लिनिक चलाते हैं।सूचना के बाद फारबिसगंज अनुमंडलीय फारबिसगंज थाना से अस्पताल एसआई राजेश भारती के साथ जोगबनी थाना से एसआई अंजू कुमारी भी अस्पताल पहुंची और मामले को लेकर जानकारी ली।वहीं अस्पताल पहुंचने वालों में पूर्व मुखिया प्रदीप देव,लकी शेख,इजराइल अंसारी,तौहीद राजा,आनंद देव,डॉ दीपेश देव, महताब,दीपेन देव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### स्कूटी सवार छात्रा को पिकअप ने मारी टक्कर पैर टूटा

**कोचस (रोहतास)**। थाना क्षेत्र के कोचस बक्सर रोड स्थित कान्ति पथ के समीप एक अज्ञात पिकअप ने बाइक में टक्कर मार दी जिसमें कोचिंग कर लौट रही छात्रा की बाएं पैर टूट गई।घटना के संबंध में बताया जाता है कि छात्रा कोचस से कोचिंग कर घर के लिए अपने पिता के साथ स्कूटी चला कर लौट रही थी कि कोचस बक्सर चौसा पथ पर कांति पथ के समीप बक्सर की ओर से तेज रफ्तार में आ रही पिकअप ने स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी जिसमें छात्रा की बाया पैर टूट गई। छात्रा की पहचान कोचस प्रखंड के ग्राम नरवर निवासी नागेंद्र शाह की 20 वर्षीय पुत्री प्रतिमा कुमारी के रूप मे हुई है। इस हादसे के बाद पिता ने अपनी पुत्री को ई-रिक्शा से लेकर आनन-फानन मे निजी क्लीनिक ले गए जहां चिकित्सकों के देखरेख में इलाज चल रही है।

### गर्भवती महिला के साथ रिश्तेदारों ने की मारपीट

**केसठ (रोहतास)**। स्थानीय नया बाजार में एक गर्भवती महिला के साथ अपने ही पाटीदारों ने मारपीट की।मारपीट में गर्भवती महिला बुरी तरह से घायल हो गई।घायल महिला को स्थानीय लोगों ने पीएचसी पहुंचाया जहां उसका प्रथमिक उपचार किया जा रहा है।वही सूचना पा कर मौके पर नावानगर पुलिस पहुंची। इसी क्रम में घायल महिला प्रिती देवी पति इंद्रजीत सिंह ने तीन लोगो के नामजद करते हुए पुलिस को आवेदन दिया है।घायल महिला ने अपने आवेदन में लिखा है की मेरे घर के सामने नामजद लोगो के द्वारा पशु बंधा जाता है जिसके कारण पूरी जगह गंदकी से भर जाता है जिससे आने जाने में काफी परेशानी होती। जगह को साफ करने को कहने पर मेरा भतीजा मुन्ना कुमार,मेरे भासुर बिनोद सिंह और शशि सिंह के द्वारा लाठी डंडे से मुझे मारा पिता गया।महिला ने कहा की मुझे इतना मारा पीटा गया की मैं कुछ समय के लिए बिहोश हो गई थी।महिला ने कहा की मेरे पेट में 9 महीने का बच्चा भी है।

### स्कॉर्पियो से भारी मात्रा में शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार



**कोचस (रोहतास)**। स्थानीय पुलिस ने दिनारा रोड स्थित एन एच 30 से वाहन जांच के दौरान एक स्कॉर्पियो से 41 पेटी अंग्रेजी शराब के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया है जबकि दो अन्य तस्कर पुलिस को देख भागने में कामयाब रहे। इस आशय की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष अमोद कुमार ने बताया कि बुधवार के दिन कोचस थाना अंतर्गत नगर पंचायत के दिनारा रोड स्थित स्टेट बैंक के सामने दिवा गस्ती के क्रम मे वाहन जांच के दौरान एक स्कॉर्पियो नं० यूपी27 बीई 2646 है, जिसे पुलिस ने 41 पेटी प्रत्येक पीस 180 एमएल यानी कुल 1968 पीस एटपीएम अंग्रेजी शराब जब्त कर एक धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया। जबकि पुलिस को देख दो तस्कर फरार हो गए। जिनके पास से एक कीपैड सैमसंग मोबाइल एक एयरटेल व आईडिया का सिम बरामद किया गया। वही गिरफ्तार धंधेबाज आकाश यादव पिता हनुमान यादव ग्राम बुढानीपुर मनसुखवा भितरी थाना सैदपुर जिला गाजीपुर उत्तर प्रदेश, तथा फरार धंधेबाज सीपू यादव उम्र करीब 28 वर्ष गांव बहरियाबाद व मुलायम यादव उम्र करीब 25 वर्ष ग्राम बवरवा थाना सैदपुर जिला गाजीपुर उत्तर प्रदेश के निवासी हैं। गिरफ्तार धंधेबाज का अपराधिक इतिहास पता की जा रही है। इस घटना में संलिप्त एक गिरफ्तार तस्कर व दो फरार अभियुक्त के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेजते हुए फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस छानबीन शुरू कर दी है।

### छह साल से फरार दुष्कर्म के आरोपी इसराफिल गिरफ्तार



**फारबिसगंज**। फारबिसगंज थाना पुलिस ने 6 साल से फरार दुष्कर्म के आरोपी मो.इसराफिल को गिरफ्तार किया।पुलिस ने फारबिसगंज थाना में दर्ज प्राथमिकी कांड संख्या 355/17 में की है। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी उस समय की जब वह सैफगंज में मेला घूमने के लिए गया था। परवाहा कैंप प्रभारी विश्व मोहन पासवान और सब इंस्पेक्टर मदन गोपाल ने सूचना पर मेला घूमने के क्रम में दुष्कर्म के आरोपित मो. इसराफिल को गिरफ्तार किया।आरोपी मो. इसराफिल रामपुर दक्षिण धत्ता टोला वार्ड संख्या 12 का रहने वाला है और उसके खिलाफ न्यायालय से कुर्की वारंट जारी था।इस बात की पुष्टि फारबिसगंज थानाध्यक्ष आफताब अहमद ने की।

**परीक्षा** कदाचार मुक्त शिक्षक बहाली परीक्षा के लिए 7 परीक्षा केंद्र बनाया गया

## कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ कदाचार मुक्त शिक्षक बहाली शांतिपूर्ण ढंग से समाप्त



**फारबिसगंज**। फारबिसगंज में बीपीएससी द्वारा शिक्षक बहाली को ले गुरुवार से आयोजित परीक्षा फारबिसगंज प्रखंड के साथ केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ कदाचार मुक्त वातावरण में शांतिपूर्ण ढंग से समाप्त हो गई। वहीं शहर के प्लस-टू भगवती देवी गोयल बालिका उच्च विद्यालय,प्लस-टू ली एकेडमी, प्लस-टू द्विजदेनी स्मारक उच्च विद्यालय समेत सात परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षा को लेकर आदर्श मिडिल स्कूल में राम कल्याण मंडल, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी भरगामा, थाना मिडिल स्कूल में चंदन कुमार प्रखंड विकास पदाधिकारी नरपतगंज, ली एकेडमी हाई स्कूल में संजीव कुमार,अंचल पदाधिकारी फारबिसगंज, बीडीजी गर्ल्स हाई स्कूल में ,संजय कुमार,प्रखंड विकास पदाधिकारी फारबिसगंज, डीडीएस हाई स्कूल में स्नेहलता कुमारी,बाल विकास परियोजना पदाधिकारी नरपतगंज, बीडीबीकेएस कॉलेज फारबिसगंज में श्वेता कुमारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी फारबिसगंज को दंडाधिकारी के रूप में तैनात किया गया था. कदाचार और शांतिपूर्वक परीक्षा संचालन को लेकर डीसीएलआर अंकिता सिंह के नेतृत्व में उड़न दस्ता टीम का गठन किया गया था.वहीं दूसरी ओर शहर के प्रायः सभी होटलों,लॉज व धर्मशाला के हाउसफुल होने के कारण बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों ने स्थानीय रेलवे स्टेशन परिसर में रात गुजारी। बुधवार ओर गुरुवार की रात पूरा स्टेशन परिसर में छात्रों की टोली जमा दिखाई दी। कुल मिलाकर पहले दिन की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से समाप्त हो गई।

## परवाहा में चार दिन से लापता बच्चे का शव मिलने से क्षेत्र में फैली सनसनी



**फारबिसगंज**। फारबिसगंज प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत परवाहा वार्ड संख्या 10 निवासी चुन्नीलाल ऋषिदेव का 7 वर्षीय नाती रोहित कुमार पिछले 20 अगस्त से गायब था। गुरुवार को लुटिया पुल के समीप बच्चे का शव मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक के नाना चुन्नीलाल ऋषिदेव ने बताया कि कुछ दिन पूर्व उसकी बेटी अपने दो बच्चों के साथ परवाहा आई थी। चार दिनों के बाद लुटिया पुल के समीप मछुआरे के द्वारा पानी में रोहित कुमार का शव मिलने से पूरे परवाहा क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव मिलने के बाद मृतक की माता किसनी देवी का रो-रो कर बुरा हाल है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार बीते चार दिन पहले आसपास के बच्चों के साथ रोहित खेलने के लिए गया था इसी बीच शाम बीतने के बाद जब घर नही आया तो उसके बाद परिजनों के द्वारा खोजबीन करना आरम्भ हुआ लेकिन रोहित कही नही मिला। जिसकी सूचना परवाहा कैम्प एवं फारबिसगंज थाना मे भी दिया गया। परवाहा कैम्प प्रभारी के द्वारा काफी खोजबीन भी किया गया लेकिन रोहित का कही पता नही चल पाया। वही शव मिलने की सूचना मिलते ही लोग उमड़ पड़े। मृतक रोहित कुमार का शव नाना के घर से एक किलो मीटर की दूरी पर लुटिया नदी में मिला। शव की सुचना मिलते ही परवाहा पुलिस कैम्प प्रभारी विश्व मोहन पासवान ने अपने सदबदल के साथ पहुँच कर शव को नदी के बाहर निकाल कर परिजन के दरवाजे पर लाया। घर पर शव आते ही मृतक रोहित कुमार को देखने ग्रमीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। मृतक के माता के चीत्कार से पूरे आसपास में गम का माहौल छा गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, जाँच किया जा रहा है।

## ख़ास ख़बर

### मुख्य सड़क हुआ तालाब में तब्दील जनप्रतिनिधि व अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, रामपुर (कैमूर)**। रामपुर प्रखंड के खरेन्द पंचायत के विशुनापुर गांव का मुख्य सड़क तालाब में हुआ तब्दील, जनप्रतिनिधि व अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान। आपको बता दे की इस मार्ग से प्रखंड के सोनाव, पुनाव गांव के साथ ही करीब आधा दर्जन गांवो का आवागमन है। इसी मार्ग से लोग प्रखंड मुख्यालय तक आते हैं। बिहार सरकार का निर्देशानुसार हर गांव की सड़क पक्की करना है। और नाली का भी निर्माण करना है। सड़क का निर्माण तो हो चुका है लेकिन नाली का निर्माण न होने की वजह से नाली की पानी मुख्य सड़क पर जमा होकर तालाब का रूप धारण कर लिया है। लोगों की माने तो आए दिन कभी साइकिल तो कभी मोटरसाइकिल सवार इसी में गिर जाते हैं। फिर पैदल किसी तरह पार करते हैं। पर पंचायत के प्रतिनिधियों सहित यहां के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

### पटना में होने वाले 25 अगस्त को बसपा सम्मेलन में सम्मिलित होने के लिए जिप सदस्य ने कार्यकर्ताओं को किया रवाना




**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, कैमूर**। जिला के भभुआं रोड स्टेशन से पटना में होने वाले 25 अगस्त को बसपा के सम्मेलन में सम्मिलित होने के लिए, भभुआं जि प सदस्य ने कार्यकर्ताओं को किया रवाना। आपको बताते चलें कि लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर बसपा पार्टी के द्वारा पटना के बापू सभागार में पिछड़ा एवं अति पिछड़ा महासम्मेलन का आयोजन किया गया है। जिसमें राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद और बिहार के मुख्य प्रभारी रामजी गौतम का आगमन हो रहा है। जिसके लिए जिला के मोहनियां स्थित भभुआ रोड स्टेशन से जिला परिषद भभुआं विकास कुमार उर्फ लल्लू पटेल के द्वारा कार्यकर्ताओं सम्मेलन सफल होने हेतु शुभकामनाओं के साथ गुरुवार को कार्यकर्ताओं को रवाना किया गया।

### इशियां गांव में खाद गोदाम में काम कर रहा मजदूर के ऊपर खाद की बोरी गिरने से घायल, इलाज के बाद रेफर



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता भभुआं**। (कैमूर) भभुआं इशियां गांव में खाद गोदाम में काम कर रहा मजदूर के ऊपर खाद की बोरी गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। चैनपुर थाना के बराढ़ी गांव निवासी स्वर्गीय सचन बिंद के 40 वर्षीय पुत्र राजू बिंद बताया गया है। घायल मजदूर ने बताया कि इशिया खाद गोदाम में काम कर रहे थे कि उसी दौरान खाद की बोरी मेरे उपर गिर गया है। जहां गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। वही सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

### सहुका गांव में घर के अंदर बेड पर सोई हुई महिला को जहरीला सांप ने काटा हुई मौत, कराया गया पोस्टमार्टम



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता भभुआं**। (कैमूर) भभुआं, रामगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत सहुका गांव में घर के अंदर सोई हुई एक महिला को जहरीला सांप ने काट लिया जिसकी मौत हो गई जानकारी के मुताबिक बताया गया कि रामगढ़ थाना क्षेत्र के सहूका गांव निवासी अमित यादव की 23 वर्षीय पत्नी ललिता कुमारी बताई जाती है। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों ने बताया कि महिला घर के अंदर बेड पर सोई हुई थी तभी एक जहरीला सांप ने आकर महिला के पैर में काट लिया उसके बाद इलाज के लिए बक्सर अस्पताल ले जाया गया वहां से चिकित्सक ने रेफर कर दिया। जहां बीच रास्ते में जाने के दौरान मौत हो गई है। वही महिला के शव को सदर अस्पताल भभुआ में पोस्टमार्टम कराया गया है।

# 11 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त परीक्षा संचालित

**भभुआ कैमुर, शुभ भास्कर**। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने बिहार लोक सेवा आयोग, पटना द्वारा आयोजित प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च विद्यालय में शिक्षकों की नियुक्ति हेतु आयोजित परीक्षा के प्रथम दिन जिले के कई परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया ।अपने निरीक्षण के क्रम में डीएम-एसपी ने ई-एडमिट कार्ड, बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन और फेशियल रिकग्रिशन, सीटिंग प्लान, फ्रिक्सिंग स्थल, सीसीटीवी कैमरा, जैमर, वीडियोग्राफी, साफ-सफाई के साथ -साथ प्रतिनियुक्त अधिकारियों एवं कर्मियों की उपस्थिति आदि की उपस्थिति का भी जायजा लिया। आज जिले के कुल-11 परीक्षा केन्द्रों पर दो पालियों में स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त परीक्षा संचालित हुई। गौरतलब हो कि बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय अध्यापक प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन जिला मुख्यालय के कुल-11 परीक्षा केन्द्रों पर आज 24 अगस्त से प्रारंभ






हो गया है। यह परीक्षा 25 अगस्त तक दो पालियों में संचालित की जायेगी। जिलाधिकारी ने प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियो को बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशों का अशरक्षः अनुपालन करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि हर हाल में शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त परीक्षा का संचालन किया जाय। उन्होंने कहा कि कदाचार में लिप्त एवं सह्ययोग करने वाले को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाय। उनके विरूद्ध नियमानुकूल कार्रवाई की जाय। उपरोक्त केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संचालित हुई एवं सभी प्रतिनियुक्त जोनल/ स्टैटिक दंडाधिकारी/ पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल अपने कर्तव्य पर उपस्थित पाए गए। विद्यालय अध्यापक प्रतियोगिता परीक्षा 2023 में आज दिनांक 24.08.2023 को प्रथम पाली में कुल 6314 परीक्षार्थियों के विरूद्ध 3301 उपस्थित हुए एवं 3013 अनुपस्थित हुए। द्वितीय पाली में 6028 परीक्षार्थियो के विरुद्ध 4505 उपस्थित हुए और 1523 अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली की उपस्थिति 52% एवं द्वितीय की उपस्थिति 75% रही। 24/08/2023 को परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।

## थाना प्रशासन ने चलाया वाहन जांच अभियान 21000 का जुर्माना वसूली



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, कुदरा (कैमूर)**। थाना प्रशासन द्वारा चलाया गया वहां जांच अभियान 21000 रुपए का किया गया जुर्माना वसूली। संदर्भ में जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष संजय कुमार के द्वारा बताया गया, कि वाहन की चोरी वाहन से घटना दुर्घटना व अन्य अवैध सामग्रियों की परिचालन के मद्देनजर वाहन जांच अभियान चलाया गया जिसमें की वाहन प्रपत्र, चालक प्रपत्र, सीट बेल्ट, हेलमेट के साथ ही अन्य अवैध सामग्रियों की परिचालन की रोकथाम के मद्देनजर गहनता से जांच किया गया। वाहन चालकों के पास हेलमेट न पहनने व चालक प्रपत्र ना होने के जुर्म में कुल 21000 रुपए की जुर्माना राशि ऑनलाइन एवं कैश वसूला गया।

## अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन द्वारा किया गया बैठक



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता भभुआं (कैमूर)**। भभुआ आज गुरुवार को अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन द्वारा भभुआ के रविदास आश्रम में बैठक किया गया है। जहा अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन के अध्यक्ष कामरेड सतवंती देवी ने बताया कि कन्वेंशन में ऐपवा के 9 वां राष्ट्रीय सम्मेलन 30 सितंबर से 1 अक्टूबर 2023 को नई दिल्ली में होगा। जिसको सफल बनाने की तैयारी पर बैठक में चर्चा किया गया है। जहा इसके साथ ही संगठन को मजबूत बनाने को लेकर कई बिंदुओं पर चर्चा भी किया गया है। मौके पर भाकपा माले जिला सचिव मोरध्वज सिंह एवं विजय यादव के साथ अनीता देवी, गीत देवी एवंम भाकपा माले कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बीपीएससी का परीक्षा देने आए 5 परीक्षार्थियों का मोबाइल हुआ चोरी, स्कूल कर्मी व प्रशासन पर लगाया आरोप



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता भभुआं (कैमूर)**। प्रखंड अंतर्गत रतवार गांव स्थित डीएवी स्कूल में बीपीएससी का परीक्षा देने आए पांच परीक्षार्थियों का मोबाइल हुआ चोरी,भभुआं थाने में आवेदन देते हुए स्कूल कर्मी व प्रशासन कि लापरवाही का लगाया गया आरोप। आपको बताते चले की भभुआं थाना अंतर्गत रतवार गांव के डीएवी स्कूल में उत्तर प्रदेश से आए पांच परीक्षार्थियों का मोबाइल चोरी हो गया। जिस संदर्भ में पीड़ितों द्वारा भभुआं थाने में आवेदन दिया गया।_थाने में आए पीड़ित परीक्षार्थियों ने बताया कि हम लोग उत्तर प्रदेश से बीएससी का परीक्षा देने के लिए रतवार गांव के डीएवी स्कूल में आए थे। जहां हम लोगों का बैग स्कूल स्टाफ के द्वारा परीक्षा कक्ष में जाने से पहले रखवा दिया गया था। जब हम लोग परीक्षा देने के बाद बैग में मोबाइल खोजने लगे तो मोबाइल नहीं मिला। और किसी का मोबाइल के साथ पैसा भी नहीं मिला। इसके बाद हम लोग स्कूल से सीसीटीवी फुटेज जांच करने के लिए बोले तो स्कूल कर्मी व प्रशासन द्वारा सीसीटीवी फुटेज जांच नहीं कराया गया। प्रशासन के द्वारा अभद्रता करते हुए भगा दिया गया। कहां गया कि कोई मोबाइल चोरी नहीं हुआ है। आप लोग यहां से निकल जाइए नहीं तो आप लोग ही फंस जाईएगा। इसलिए हम लोग भभुआं थाने में न्याय के लिए आए हैं। मोबाइल और पैसा चोरी होने की वजह से हम लोग खाने और रहने के लिए व्यवस्था बनाने में असमर्थ है ।

### क्विज प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं को दिया गया पुरस्कार



**शुभ भास्कर मोहनिया कैमुर**। गुरुवार को राजकीय कृत मध्य विद्यालय डंगरी में छात्र छात्राओं के बिच क्विज सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है जहा सभी छात्र छात्राओं को शामिल किया गया जिसमे जो छात्र छात्राओं ने जीत हासिल किया उनको पुरस्कार भी दिया गया बता दे की सरकार के निर्देश अनुसार सभी विद्यालय में सामान्य अध्यन का एक घंटी होता है इसी क्रम में कक्षा 6 से 8 वी तक के विद्यार्थियो को मेडल पेन तथा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया यह पुरस्कार बिडिसी प्रतिनिधि कन्हैया राय के द्वारा दिया गया पुरस्कार पाने वाले में श्रुति मौर्या चितरंजन कुमार ज्योत्सना कुमारी राज कुमार आदर्श कुमार आलोक कुमार रूबी कुमारी सहित दर्जनों विद्यार्थियों को सम्मनित किया गया इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधाना चार्य हारून रशीद अंसारी पूर्व संकुल समन्यक ओम प्रकाश पटेल वरीय शिक्षक जय कृष्ण पाल सुबास प्रसाद रबी कुमार पूनम पाल किरण श्रीवास्तव माधुरी देवी अमृता कुमारी संकुंतला देवी सहित अन्य शिक्षक मौजुद रहे

### मारपीट के मामले में थाना प्रशासन ने तीन लोगों के खिलाफ किया प्राथमिकी दर्ज



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, भगवानपुर (कैमूर)**। प्रखंड अंतर्गत रामगढ़ निवासी दो ग्राम वासियों के आरोप पर थाना प्रशासन द्वारा मारपीट के मामले में तीन लोगों पर किया गया प्राथमिकी दर्ज। संदर्भ में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष अनिल प्रसाद के द्वारा बताया गया।रामगढ़ निवासी नीरज कुमार मिश्र ने भगवानपुर थाना मे लिखित आवेदन दिये की हम खेत घूमने सुबह गये थे, जैसे हीं खेत पर पहुँचे की गांव के हीं कुछ लोग हमारे साथ मारपीट करने लगे। जिसमे हम गंभीर रुप से घायल हो गए। जब हमारा भाई अमित छुड़ाने लगा तो आरोपी उसके साथ भी मारपीट करने लगे। जिसमे हमारा भाई भी गंभीर रुप से घायल हो गया। हमारे गले से सोने का चैन छीन लिए I इनके आवेदन के आधार पर भगवानपुर थाने मे कुल तीन लोगो पर प्राथमिकी दर्ज किया गया। तथा मारपीट करने वाले को पकड़ने की कोशिश की जा रही है।

### 124 पीस देसी शराब के साथ एक गिरफ्तार ऑटो जप्त



**दुर्गावती कैमुर, शुभ भास्कर**। स्थानीय थाना क्षेत्र के इटही नहर से दुर्गावती पुलिस ने एक ऑटो से 124 पीस देसी शराब बरामद किया है । वही शराब को लेकर जा रहे ऑटो चालक को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार ऑटो चालक रजनीकांत ओझा पिता शंकर दयाल ओझा ग्राम बिशनपुर थाना बघैल जिला रोहतास का निवासी बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार दुर्गावती पुलिस इटही नहर के पास शराब चेकिंग अभियान चला रही थी तभी उत्तर प्रदेश से एक ऑटो टेंपो रजिस्ट्रेशन संख्या BR24 pA 6075 को रुकने का इशारा किया तो ऑटो चालक भागने का कोशिश किया जिसे पुलिस के द्वारा दौड़ा कर पकड़ लिया गया। इसके बाद आटो टेंपो की तलाशी ली गई तो उसके अंदर से 124 पीस ब्लू लाइन देसी शराब बरामद किया गया। इसके बाद टेंपो को चालक सहित दुर्गावती थाने लाया गया जहां पर दुर्गावती पुलिस के द्वारा पूछताछ करते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### 6 मामलों में जब्त 2807 लीटर शराब का विनष्टीकरण



**दुर्गावती कैमुर, शुभ भास्क**। स्थानीय थाना परिसर में 6 मामलों में जब्त 2807 लीटर शराब का गुरुवार को विनष्टीकरण किया गया। बताते चलें कि बिहार में पूर्ण रूप से शराब बंदी कानून लागू है इसके बावजूद भी शराब तस्कर अपने आदतों से बाज नहीं आ रहे हैं लेकिन जैसे ही शराब लेकर वे बिहार की सीमा में प्रवेश करते हैं पुलिस उनके ऊपर पैनी नजर रखती है और उन्हें शराब के साथ गिरफ्तार कर लेती है। इसके बाद जो शराब बरामद किया जाता है उसे बरीय पदाधिकारी के निर्देश पर सैंपल जांच के बाद विनष्ट किया जाता है। इसी क्रम में गुरुवार को दुर्गावती थाना परिसर में राजस्व पदाधिकारी शिवांगी पाठक एवं थाना अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह की उपस्थिति में बरीय पदाधिकारी के निर्देश पर 6 मामलों में जब्त 2807 लीटर शराब का विनष्टीकरण किया गया।

**परेशान** अनुमंडल क्षेत्र में बारिश होने की वजह से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है

# मच्छरों के बढ़ते प्रकोप से लोग परेशान, स्वास्थ्य विभाग लापरवाह



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, भभुआं (कैमूर)** अनुमंडल क्षेत्र में मच्छरों के बढ़ते प्रकोप से लोग परेशान स्वास्थ्य विभाग लापरवाह नहीं हो रहा डीडीटी का छिड़काव। अनुमंडल क्षेत्र में इन दोनों बारिश की मौसम होने की वजह से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, जिसके कारण लोगों में बीमारी उत्पन्न हो रही हैं। अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न गांवों, मोहल्लों में जगह-जगह पर जल जमाव होने से मच्छरों का प्रकोप तीव्रता से बढ़ता ही जा रहा है। जिसके कारण अनेकों तरह की बीमारियां उत्पन्न हो रही है।,जैसे वायरल, बुखार, सर्दी, जुकाम, डायरिया जैसी कई बीमारियां उत्पन्न हो रही हैं,पशु ,पक्षी, गाय, भैंस सभी जीव को बेचैन देखे जा रहे हैं । पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा अनुमंडल क्षेत्र में कोई भी डीडीटी पाउडर का छिड़काव नहीं किया जा रहा है ।हालांकि लोग अपने बचाव के लिए मच्छरदानी का प्रयोग कर रहे हैं, स्थानीय स्वास्थ्य विभाग की घोर लापरवाही देखी जा रही है ग्रामीण तुलसी चौधरी पिंटू सिंह मंटू पाठक बहुत सारे लोगों ने बताया कि मच्छरों के बढ़ने से शाम के समय बेचैनी हो जाती है। तुलसी चौधरी ने बताया कि बहुत पहले डीडीटी पाउडर का छिड़काव हो रहा था जिससे कुछ राहत मिल जाया करती थी लेकिन आज कहीं भी डीडीटी पाउडर का छिड़काव स्वास्थ्य विभाग के द्वारा नहीं की जा रही है।

# गया स्नातक विधान परिषद का पार्टी कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत





**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, कुदरा(कैमूर)**। प्रखंड अंतर्गत गया स्नातक विधान परिषद के आगमन पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत, होटल श्री वनभोज में बैठक कर, 2024 लोकसभा चुनाव में पार्टी की मजबूती हेतु किया गया चर्चा। आपको बताते चलें कि भाजपा पार्टी से गया स्नातक विधान परिषद अवधेश नारायण सिंह के द्वारा गुरुवार को अपने क्षेत्र अंतर्गत कुदरा प्रखंड का दौरा किया गया। विधान परिषद के आगमन पर भाजपा पार्टी के स्थानीय प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया भव्य स्वागत। किसके उपरांत होटल श्री वनभोज में बैठक कर 2024 लोकसभा चुनाव में पार्टी की मजबूती हेतु चर्चा करते हुए, कहा गया कि पार्टी को मजबूत बनाने हेतु बुथ स्तर पर सभी कार्यकर्ता सक्रिय रहेंगे। उक्त अवसर पर भाजपा प्रखंड कार्यकारिणी समिति के सदस्य रंजन सिंह, मंगल गुप्ता, अनिल चंद्रवंशी, धर्मेंद्र सिंह, पिंटू सिंह, कन्हैया तिवारी, शुभ नारायण पांडेय, अभिषेक गुप्ता, रजनीश गुप्ता, हरिओम शरण, अंकुर जायसवाल इत्यादि उपस्थित रहें।

## ख़ास ख़बर

### राजकीय छात्रावास में निशुल्क रहना है तो करना होगा यह काम, पढ़िए पूरी जानकारी

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी गाजीपुर।** समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित सकलेनाबाद स्थित राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास में वर्तमान सत्र के लिए आवेदन छात्रावास कार्यालय से 24 अगस्त से प्राप्त किया जा सकेगा। सभी अभिलेखों के साथ पूर्ण रुप से भरे फार्म को दो सितंबर तक जमा किया जा सकेगा। पीजी कालेज के प्राचार्य डा. राघवेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि समाज विभाग कल्याण की ओर से साक्षा की गई जानकारी के अनुसार छात्रावास में प्रवेश के लिए वही छात्र पात्र होंगे जो कि समाज कल्याण विभाग अथवा कल्याण सेक्टर के अन्य विभाग की ओर से दी जाने वाली छात्रवृत्ति योजना में छात्रवृत्ति प्राप्त करने की पात्रता रखते हों। छात्रावास में प्रवेश के लिए कुल उपलब्ध क्षमता का कुल 70 प्रतिशत स्थान अनुसूचिज जाति/जन जाति के लिए आरक्षित होगा। वहीं 30 प्रतिशत क्षमता ओबीसी व सामान्य वर्ग के छात्रों कें लिए उपलब्ध होगा। विकलांग छात्रों को प्रवेश में वरियता दी जायेगी। छात्रावास में प्रवेश के इच्छुक छात्र की योग्यता/उच्च कक्षा की प्राथमिकता/मूल निवास की दूरी के आधार पर छात्रावास का आवंटन किया जायेगा।

### चंद्रयान-3 के सफलता पर जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह ने पीएम मोदी व वैज्ञानिकों को दी बधाई



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता अंकित दुबे गाजीपुर।** चंद्रयान-3 की चंद्रमा के साऊथ पोल पर सॉफ्ट लैंडिंग का सजीव प्रसारण जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह व भाजपा के युवा नेता पंकज सिंह ने देखा। भाजपा नेता पंकज सिंह चंचल ने पूर्वांचल न्यूज डाट काम को बताया कि चंद्रयान-3 मिशन के जरिए भारत ने आज इतिहास रच दिया है। इसके लिए पीएम मोदी और इसरो के वैज्ञानिकों को कोटिशः बधाई। उन्होने बताया कि इस सफलता के बाद भारत चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव पर पहुंचने वाला पहला देश बना गया है।

### प्रत्याशियों को मिला चुनाव चिन्ह छन्नू लाल कनौजिया और चंद्रावती देवी ने अपना पर्चा लिया वापस



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता अंकित दुबे गाजीपुर।** शादियाबाद विकासखंड मनिहारी के ग्राम सभा खास मनिहारी प्रधान और सदस्यों के रिक्त पदों के उपचुनाव के लिए वृहस्पतिवार को ब्लॉक मुख्यालय पर नाम वापसी हुई इसी दौरान प्रधान पद के पांच उम्मीदवारों में से दो उम्मीदवारों ने पर्चा वापस लिया इसके बाद प्रतीक का आवंटन कर दिया गया नाम वापसी के बाद अब तीन प्रत्याशियों के बीच चुनावी घमासान होगा।आरओ जयप्रकाश यादव ने बताया कि प्रधान पद के पांच उम्मीदवारों ने रिक्त सीट पर नामांकन किया था जिसमें दो लोग चंद्रावती देवी और छन्नूलाल कनौजिया ने अपना पर्चा वापस ले लिया इसके बाद बचे तीन प्रत्याशी जिसमें रामजतन राम को चुनाव चिन्ह इमली, बबली देवी को अनाज ओसाता हुआ किसान, लालबहादुर राम को कन्नी मिला तीनों प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया चुनाव चिन्ह मिलते ही सभी उम्मीदवार चुनाव प्रचार में जुट गए एआरओ डॉ मिथिलेश कुमार ने बताया कि मतदान 6 सितंबर को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक तथा मतगणा 8 सितंबर सुबह 8 बजे से कार्य की समाप्ति तक किया जाएगा इसी दौरान थाना शादियाबाद प्रभारी सतेंद्र कुमार राय पूरे दलबल के साथ मौजूद रहे और प्रत्याशियों को यह निर्देश देते हुए बताया कि चुनाव में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी करने वालों को बक्सा नहीं जाएगा और अनुचित साधन का प्रयोग नहीं किया जाएगा ।

### भागलपुर के रॉयल दरबार में जॉब समाधान वेबसाइट का शुभांरभ किया,संस्थापक मोहम्मद ताबीज

**दैनिक शुभ भास्कर की रिपोर्ट फिरदौस अहमद भागलपुर बिहार ।** आज 24 अगस्त 2023 की शुभ संध्या में भागलपुर के रॉयल दरबार के हाल में लोकल जॉब समाधान वेबसाइट के शुभारंभ के उपलक्ष में संस्था के संस्थापक महोदय मोहम्मद ताबीज जी ने पूरे मन भाव से शरण्य राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध विरोधी संगठन भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री ईशान सिंहi जी को कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया इस कार्यक्रम के उद्घाटन का उद्देश्य यह रहा है कि जितने भी युवा वर्ग के लोग हैं जिन्हें भी किसी प्रकार की नौकरी चाहिए वह इस प्लेटफार्म पर आकर ले सकते हैं जो की एक बहुत बड़ी बात साबित होने जा रही है कार्यक्रम में शहर की मेयर साहिब डॉक्टर वसुंधरा लाल मैडम उपस्थिति रही, उपमेयर साहब डॉक्टर सलाउद्दीन अहमद साहब उपस्थित रहे और शहर के युवा वर्ग के लोकप्रिय पूर्व डिप्टी मेयर राजेश वर्मा जी एवं पूर्व डिप्टी मेयर प्रीति शेखर जी और तमाम सभागार में मौजूद भाई बंधु गण एवं मीडिया गण सभी ने इस कार्य हेतु लोकल जॉब समाधान के संस्थापक मोहम्मद ताबीज भाई को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं अर्पित की है मुझे विश्वास है कि इस प्लेटफार्म के जरिए युवा वर्ग के लोगों को अवश्य समाधान प्राप्त होगी ।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का गुरुवार को उपजिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता वीरबहादू मौर्या जमानिया।** क्षेत्र के बरूईन गांव स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का गुरुवार को उपजिलाधिकारी ने औचक निरीक्षण किया। जिसमें पाई गई खामियो को दूर करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी के निर्देश पर उपजिलाधिकारी हर्षिता तिवारी अचानक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच गई। जहां उन्होंने कोरोना काल में बनाये गये ऑक्सीजन प्लांट का संचालन का बारीकी से जांच की। इसके साथ ही उन्होंने वार्ड, प्रसव कक्ष, साफ– सफाई, कर्मचारियों कि उपस्थिति आदि को गहनता से परखा। एसडीएम हर्षिता तिवारी ने बताया कि ऑक्सीजन प्लांट पूरी तरह से निष्क्रिय है। पावर बैकअप खराब है। जिस कारण से प्लांट नहीं चल रहा है। ऑक्सीजन प्लांट को चलाने के लिए लगाए गए जनरेटर कि क्षमता कम है। इसके साथ ही वार्ड, परिसर, प्रसव कक्ष आदि जगहों पर साफ सफाई नहीं पाई गई है। ऑपरेशन थिएटर कक्ष बंद पाया गया। खून जांच में के लिए लगाई गई सीबीसी मशीन बीते 3 वर्षो से खराब पाया गया। जिसपर उन्होंने फटकार लगाया और व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। बताया कि इस दौरान मौजूद ओपीडी रजिस्टर की जांच भी की गई, जिसमें बीच बीच में जगह छोड़ कर मरीजों का नाम दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि पाई गई कमियों का रिपोर्ट बना कर जिलाधिकारी को प्रेषित किया जा रहा है और अधीक्षक डॉ रूद्रकांत सिंह को पाई गई कमियों को दूर करने का निर्देश दिया गया है।

### मदरसा जामिया अरबिया मलिकुल उलूम में लाइव टेलीकास्ट कर दिखाया गया चंद्रयान 3 की लैंडिग



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता अंकित दुबे गाज़ीपुर।** शादियाबाद के मसूदपुर स्थित मदरसा जामिया अरबिया मलिकुल उलूम के प्रांगण में बुधवार की शाम को चंद्रयान-3 की सॉफ्ट लैंडिंग के लिए लाइव टेलीकास्ट की व्यवस्था की गयी। जिसमे मदरसा के छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों ने भाग लिया। भारत के इस गौरवान्वित क्षण को सभी ने बहुत उत्साह से देखा। जब देश प्रेम की बात आती है तो सभी एकजुट हो जाते हैं, इसकी मिसाल कल मदरसे में पूरी तरह से देखने को मिली। जैसे ही चंद्रयान ने चन्द्रमा की सतह को छुआ मदरसे के सभी छोटे बड़े और अध्यापकों ने जोरदार तालिया से स्वागत किया जिससे पूरा मदरसा तालियों की गड़गड़ाहट से गूज उठा वहा मौजूद सभी बहुत ही उत्साहित हो गए थे। कोई भारत की आन शान जान भारती तिरंगे को खुशी में खूब लहराया गया।और हिंदुस्तान जिंदा बाद के खूब नारे लगाए गए। छात्रों ने देश भक्ति के गीत गाकर कर समस्त कार्यक्रम को देश भक्ति से भर दिया। स्कूल की तरफ से कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों मे खुशी के पल मे चॉकलेट का वितरण किया गया।इस मौके पर मदरसे का पूरा स्टाप मौजूद रहा जिसमे अंजुम सिद्दीकी,जीशान खान,मौलाना अहमद बरकाती, मौलाना जाहिद, व समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

### चंद्रयान 3 के लैंडिंग का साक्षी बना कंपोजिट विद्यालय मरदह के समस्त अध्यापक और छात्र



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सुधाकर पाण्डेय गाजीपुर।** मरदह इसरो द्वारा लॉच चंद्रयान 3 के सफल लैंडिंग के सीधा प्रसारण को खण्ड शिक्षा अधिकारी मरदह श्री राजीव यादव जी और ए आर पी श्री राजीव सिंह जी के साथ कंपोजिट विद्यालय मरदह शिक्षा क्षेत्र मरदह जनपद गाजीपुर के समस्त स्टॉफ व छात्रों ने एक साथ देखा। चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान 3 ने किया सॉफ्ट लैंडिंग। इसी लैंडिंग के साथ भारत ने अपने सफलता का परचम लहरा दिया है। जिससे सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि विश्वभर में उत्साह और खुशियां मनाई जा रही है।14 जुलाई 2023 को हुआ था चंद्रयान 3 को लॉच। यह भविष्य में जल पाए जाने वाले संभावित ग्रह, अन्य ग्रहों की जानकारियां के साथ साथ कई जानकारियां उपलब्ध करेगी। बच्चों काफी उत्साहित दिखें और उन्होंने काफी जानकारियां प्राप्त की।सत्यवती, उपेंद्र कुमार, रजनी सिंह, माया सिंह, रविंद्र मौर्य, अंजली कनौजिया, राजेश भारती, अनामिका गुप्ता, दुर्गेश गुप्ता, अरुण सिंह, पुष्पा चतुर्वेदी, रानी दुबे, वशुंधरा यादव आदि मौजूद थे।

# योगी आदित्यनाथ ने किया गाजीपुर की बेटी को लखनऊ में संम्मानित



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता अंकित दुबे गाजीपुर।** सैदपुर गैबिपुर स्थित गौतम स्पोर्ट्स एकेडमी की अंतरराष्ट्रीय ताईक्वांडो खिलाड़ी ऋषिता राय का चयन उत्तर प्रदेश पुलिश में हो गया है । ऋषिता राय तहसील के ही पिपनार गाँव निवासी अरविंद राय व रेनू राय की पुत्री हैं और विगत 2017 से ताईक्वांडो कोच अमित कुमार सिंह के संरक्षण में गौतम स्पोर्ट्स एकेडमी गैबिपुर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहीं हैं । ऋषिता के कोच अमित कुमार सिंह ने बताया कि ऋषिता एक अंतरराष्ट्रीय ताईक्वांडो खिलाड़ी हैं और आरम्भ से ही इसका ब्यक्तित्व बहुत ही प्रतिभावान व अनुशाषित रहा है । श्री सिंह ने बताया कि ऋषिता को अंडर 14 बालिका वर्ग में 2019 के स्कूली खेलों व फेडरेशन के राष्ट्रीय प्रतियोगिता दोनो में ही नेशनल चैंपियन होने का गौरव प्राप्त हो चुका था । लोकडाउन के पश्चात पुनः ऋषिता ने अपना प्रदर्शन जारी रखा और नाशिक में आयोजित इंडिया टीम के ट्रायल में चयनित हुई और विगत वर्ष यूरोपियन देश बुल्गारिया में आयोजित जूनियर विश्व चैंपियनशिप में भारत का नेतृत्व करते हुवे कहा।शानदार खेल का प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा पूरे विश्व को मनवाया । इसी उपलब्धि को देखते हुवे ऋषिता को भारतीय खेल प्राधिकरण ने बैंगलोर स्थित साउथर्न प्रशिक्षण शिविर में विशेष प्रशिक्षण हेतु अवसर भी प्राप्त हुवा है । बताते चलें कि उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना "कुशल खिलाड़ियों की उत्तर प्रदेश पुलिश में सीधी भर्ती" की सूचना लगते ही ऋषिता उक्त प्रक्रिया में सम्लित हुई और पहले ही बार मे सभी ट्रायल, पत्राचार और मेडिकल में सफलता हांसिल करती गई और अंततः बुद्धवार को लखनऊ स्थित लोक भवन में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऋषिता राय को उत्तर प्रदेश पुलिस की नियुक्ति पत्र प्रदान किया है । उत्तर प्रदेश पुलिस में चयनित होने से गदगद ऋषिता राय के माता रेनू राय व पिता अरविंद राय के खुशी का ठिकाना नहीं है , उन्होंने बताया कि परिवार पूरी तरह किसानी पर निर्भर था, बेटी की खेल के माध्यम से नौकरी लगने से हमारे परिवार की आर्थिक स्थिति अब मजबूत होगी । दोनो अभिभावकों ने इसका पूरा श्रेय ऋषिता के कोच अमित कुमार सिंह को दिया और बताया कि ऋषिता का बड़ा भाई ऋषी राय भी ताईक्वांडो का अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी है और वो भी अमित सर के संरक्षण में निरंतर अच्छा प्रदर्शन कर रहा है, सब कुछ अच्छा रहा तो ऋषी के तरफ से भी खुशखबरी आ सकती है।

### स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती पर पुष्पांजलि



**दैनिक शुभ भास्कर/ राकेश जैन/ राजस्थान/ उदयपुर।**

उदयपुर 20 अगस्त 2023 को देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय श्री राजीव गांधी जी की जयंती पर पुष्पांजलि GVका कार्यक्रम रानी रोड स्थित राजीव गांधी उद्यान मूर्ति स्थल पर उदयपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष फतह सिंह राठौड़ के नेतृत्व में आयोजित किया गया कार्यक्रम में उपस्थित सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की और श्रद्धा सुमन अर्पित किए इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेस जनों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष फतह सिंह राठौड़ ने कहा कि राजीव गांधी एक दूरदृष्टि वाले नेता थे आज तो हम कंप्यूटर क्रांति देश में देख रहे हैं यह उन्हीं की देन है आज जो संचार क्रांति हम देख रहे हैं उसके जनक राजीव गांधी जी थे उपस्थित कांग्रेस जनों को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ गिरिजा व्यास ने कहा कि राजीव जी ने 18 साल के युवाओं को मतदान का अधिकार देकर देश को एक नई दिशा दी देश के युवाओं में लोकप्रिय राजीव जी ने देश को 21वीं सदी में लाने के लिए जो सपना देखा था उसको उन्होंने पूरा किया है इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेश श्रीमाली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्ण गोपाल शर्मा पूर्व विधायक त्रिलोक पूर्बिया राजीव सुवालका ए ब्लॉक अध्यक्ष सोमेश्वर मीणा बी ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह पार्षद अरुण टांक शंकर चंदेल प्रशांत श्रीमाली हरीश शर्मा डॉक्टर अनुज शर्मा सुनील ओजस जगदीश कुमावत यशवंत राजौरा बबलू टांक बंसीलाल गवारिया बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष भरत वैष्णव पंकज जोशी कौशल परवीन शिव शंकर मेनारिया सीमा पंचोली भगवती प्रजापत मधु सुराणा भगवती लाल साहू दलपत सिंह चुंडावत एवं कई कांग्रेस जन उपस्थित थे।

### तीज महोत्सव 2023 का आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर/ राकेश जैन/ राजस्थान /उदयपुर।**

सावन के महीनों में हल्की फुहार में मन झूमने को करता है और इसीलिए सारे तीज त्यौहार जो की महिलाओं से संबंधित है इसी महीने में आते हैं इसी क्रम में नारी शक्ति संस्थान ब्यावर ने तीज महोत्सव 2023 का आयोजन किया इस आयोजन में अध्यक्ष ममता गुप्ता उपाध्यक्ष ममता जैन और मॉडल एवं अभिनेत्री ट्रस्टी इशिका जैनने समा बांध दिया समारोह में अन्य कई गणमान्य महिलाएं उपस्थित थी अभिनेत्री ने अपने नृत्य से समारोह में समा बांध दिया और सब झूम उठे।

### मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल छात्रावास का किया निरीक्षण



**दैनिक शुभ भास्कर /राकेश जैन/ राजस्थान/ उदयपुर।**

राजस्थान अनुसूचित जनजाति परामर्शदात्री परिषद ( टी ए सी ) सदस्य लक्ष्मीनारायण पंड्या ने मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल ढिकली रोड़, उदयपुर में कल पालक सब्जी खाने से बीमार हुई छात्राओं के समाचार मिलने पर छात्रावास परिसर पहुंच कर छात्राओं से रूबरू होकर छात्रावास में आवास, अल्पाहार एवम भोजन व्यवस्था के सम्बन्ध में आवश्यक जानकारी लेते हुए स्कूल की प्राचार्या एवम् वार्डन से चर्चा कर , भविष्य में ऐसी पुनरावर्ती न हो इसके लिए आवश्यक निर्देश दिए। पंड्या ने टी एस पी क्षेत्र के समस्त छात्रावासों में वितरण की जा रही खाद्य सामग्री की पूर्ण गुणवत्ता बनाए रखने हेतु समस्त ब्लॉक स्तर पर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी , एक जनप्रतिनिधि तथा जनजाति विकास विभाग के प्रतिनिधि को सम्मिलित करते हुए एक समिति बनाने हेतु जनजाति विकास विभाग के उच्च अधिकारियों को सुझाव दिया, जो कि समय समय पर सभी छात्रावासों का निरीक्षण कर आवश्यक मार्गदर्शन करते रहें । पंड्या ने छात्राओं द्बारा बताई गई समस्त समस्याओं के तत्काल समाधान हेतु विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया, साथ ही उन्होंने सभी बालिकाओं को मन लगाकर पढ़ने हेतु कहा। अस्पताल से डिस्चार्ज होकर लौटी बीमार हुई छात्राओं से रूबरू होकर उनकी कुशलक्षेम पूछी।

**सफलता** भारत ने अपने सफलता का परचम लहरा दिया है

# अरूणोदय मेमोरियल पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्रों ने लाइव देखी चंद्रयान-3 की सॉफ्ट लैंडिंग




**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी गाजीपुर।** चंद्रयान 3 के लैंडिंग का साक्षी करंडा क्षेत्र अंतर्गत कटरिया स्थित अरूणोदय मेमोरियल पब्लिक स्कूल के समस्त अध्यापक और छात्र। इसरो द्वारा लांच चंद्रयान 3 के सफल लैंडिंग के सीधा प्रसारण को विद्यालय के प्रबंधक मनिंदर पाण्डेय व प्रधानाध्यापक अंकित पाण्डेय के साथ विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने देखा। चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान 3 ने किया सॉफ्ट लैंडिंग कार्यक्रम प्रोजेक्टर के माध्यम से लाईव देखा। बच्चे काफी उत्साहित दिखे और उन्हें कुछ सीखने का अवसर भी मिला। इसी लैंडिंग के साथ भारत ने अपने सफलता का परचम लहरा दिया है। जिससे सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि विश्व भर में उत्साह और खुशियां मनाई जा रही है। 14 जुलाई 2023 को चंद्रयान 3 लांच हुआ है यह भविष्य में जल पाए जाने वाले संभावित ग्रह, अन्य ग्रहों की जानकारियां के साथ साथ की जानकारियां उपलब्ध करेगी। बच्चे काफी उत्साहित दिखे और उन्होंने काफी जानकारियां प्राप्त की।

# गाजीपुर मंडल अंडर 23 के चयनित क्रिकेट खिलाडियों के नाम घोषित



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी गाजीपुर।** डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (सबद्ध – उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन) के अध्यक्ष शाश्वत सिंह ने बताया कि दिनांक 21 अगस्त को खेले गए अंतर जनपदीय ट्रायल मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर अंडर 23 श्रेणी में गाजीपुर मंडल की टीम की आधिकारिक सूची उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अधिकृत चयनकर्ता द्वारा जारी कर दी गयी है | प्रथम चरण के ट्रायल में कुल 116 खिलाडियों ने ट्रायल परीक्षण दिया जिसमें से 26 खिलाडियों का चयन किया गया | चयनकर्ताओं द्वारा प्राप्त सूची के अनुसार निम्न खिलाडियों का चयन किया गया है। गाजीपुर मंडल के चयनित खिलाड़ी चेस्ट नंबर सहित – राहुल कुमार (300), सचिन सिंह बिसेन (254), पवन राय (255), समर्थ सिंह (266), सूर्यांश राय (302), शुभाशीष सिंह (259), निलोपलेंदु प्रताप (277), भरत प्रसाद यादव (261), अश्वनी राय (310), अजित यादव (276), मो० अम्मार (270), रघुराज प्रताप सिंह (269), अर्जुन सिंह (256), अंशुल कुमार यादव (311), आमिर हमजा (308), सैफ इकबाल (203), अभिमन्यु सिंह (213), सत्यानन्द ठाकुर (212), अंकित वर्मा (228), अरविन्द कुमार यादव (226), हिमांशु सिंह (209), श्रीवत्स सिंह (208), मुरारी यादव (204), गौतम सिंह (200), आकाश सरोज (321) तथा सिद्धांत सिंह (186) ,रितिक सिंह (199)। गाजीपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (सबद्ध – उतर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ) के अध्यक्ष शाश्वत सिंह ने बताया कि अगले चरण के ट्रायल की सूचना उ०प्र० क्रिकेट संघ से प्राप्त होते ही आप सभी खिलाडियों को समय से सूचित कर दिया जायेगा | संस्था के मुख्य संरक्षक तथा यू.पी.सी.ए. के अपैक्स कौंसिल सदस्य संजीव कुमार सिंह ने चयनित सभी खिलाडियों को बधाई दी और कहा कि सभी खिलाड़ी अपना-अपना अभ्यास नित्य प्रतिदिन करते रहें | चयनित खिलाडियों को यथाशीघ्र उ०प्र० क्रिकेट संघ द्वारा फाइनल ट्रायल हेतु कानपुर कमला क्लब के लिए आमंत्रित किया जा सकता है | चयनित खिलाडियों को आशिर्वाद देनेवालों में संस्था सचिव डॉ० यू०सी०राय सहित बरुन कुमार अग्रवाल, मो० आरिफ, विनय कुमार सिंह, अजय सर्राफ, रंजन सिंह आदि समय समय पे उपस्थित थे।

## ख़ास ख़बर

### मिशन शक्ति के तहत बालिकाओं छात्राओं को किया जागरुक

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ, अयोध्या।** मिशन शक्ति दीदी व डिकॉय अभियान के अन्तर्गत महिला बीट पुलिस दल द्वारा संवेदनशील स्थानो पर बालिकाओं/छात्राओं को किया जा रहा जागरुक, संदिग्धो की पहचान कर दी जा रही सख्त हिदायत, न मानने पर की जा रही है कार्यवाही। शक्ति दीदी अभियान के तहत जनपद अयोध्या के समस्त थानों की महिला पुलिस दल द्वारा अभियान के अन्तर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को स्वावलम्बी बनाने, उनमें सुरक्षित परिवेश की अनुभूति कराने हेतु शासन द्वारा जारी महिला सुरक्षा संबंधी विभिन्न हेल्पलाइन 1090, यूपी-112,181,1076 आदि नंबर युक्त पैंपलेट वितरित कर निरन्तर जागरूक किया जा रहा है। साथ ही डिकॉय अभियान के तहत सादे कपड़ों में महिला पुलिस दल द्वारा संवेदनशील क्षेत्रो व गली/मोहल्लों ,बाजारों, पार्कों, स्कूल/कोचिंग के आसपास व सडकों पर बेवजह घूम रहे लड़कों/शोहदों से पूछताछ कर बेवजह इधर-उधर न घूमनें की सख्त हिदायत दी गयी न मानने पर उनके विरूद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है। वर्तमान में बढ़ रहे साइबर फ्रॉड के सम्बन्ध में जागरुक करते हुए बताया गया कि किसी अन्जान व्यक्ति से अपना ओटीपी शेयर न करें।यदि किसी के साथ साइबर फ्रॉड होता है तो वह तत्काल साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर सम्पर्क कर अपनी शिकायत दर्ज करायें ।

### पीएम आवास की संपूर्णता के बाद जारी होगी तीसरी किश्त-यामिनी रंजन पीओ डूडा

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ, अयोध्या।** प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के दूसरे चरण के तहत जनपद में चुने गए लाभार्थियों को आवास के लिए दो किस्त जारी की जा चुकी हैं, लेकिन तीसरी किस्त के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। लेकिन तीसरी किस्त न मिलने से कई लाभार्थियों का काम पूरा नहीं हो पा रहा है ऐसी दर्जनों शिकायते मिल रही है।बता दे कि निराश्रित लोगों को आवास मुहैया कराने के लिए केंद्र सरकार ने 2016 में पीएम आवास योजना आरंभ की थी। इसके जरिए सामाजिक, आर्थिक जनगणना-2011 के आधार पर पर लाभार्थियों का चयन हुआ। पहला चरण पूरा होने के बाद भी बड़ी संख्या में बेघर आबादी के बारे में मालूम चला था। इसके बाद सरकार ने वर्ष 2020 में दूसरा चरण आरंभ करने का निर्णय लिया। इसके जरिए आवास की लागत कुल 1.20 लाख तय हुई। लाभार्थी को यह रकम तीन किस्तों में दी जानी थी। इसके अलावा लाभार्थी को मनरेगा से 90 दिन की मजदूरी, शौचालय निर्माण के लिए 12000 रुपये एवं उज्जवला योजना के तहत गैस सिलिंडर एवं मुफ्त में विद्युत कनेक्शन भी दिए जाने हैं। तीसरी किश्त न जारी होने की लगातार मिल रही शिकायत के सम्बंध में जब हमने पीओ डूडा यामिनी रंजन से सम्पर्क किया तो उनका साफ कहना है कि जो भी लाभार्थी इस योजना से पोषित है उन्हें अपनी तीसरी क़िस्त के लिए सम्पूर्ण मकान पूर्ण करके बकायदा डूडा के प्रतीक चिन्ह के साथ लाभ प्राप्त करने का पत्थर अपने घर पर लगाने के साथ रंग रोगन करवाना होगा। जिसके बाद उन्हें तीसरी किश्त 50 हजार रुपये की जारी कर दी जाएगी। जो लाभार्थी अपने प्रधानमंत्री आवास पर निर्धारित बोर्ड पूरी तरह से रंग रोगन नही कराएंगे उन्हें तीसरी किश्त देने ने कानूनी अड़चनों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने पीएम आवास के सभी लाभार्थियों से अपील किया है की जिन्हें दूसरी किस्त मिल चुकी है वो तीसरी किश्त के लिए अपने मकान को का रंग रोगन करवाकर निर्धारित साइज में बोर्ड लागये तभी तीसरी क़िस्त जारी की जाएगी।

### इंडियन कौंसिल आफ प्रेस के जिलाध्यक्ष बने रूपेश श्रीवास्तव

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ, अयोध्या।** जनपद के सिविल लाइन स्थित एक होटल में इंडियन कौंसिल आफ प्रेस की एक बैठक प्रदेश सचिव सुबोध श्रीवास्तव के द्वारा की गई। बैठक में वरिष्ठ पत्रकार अशोक तिवारी, संगठन मंत्री राजेंद्र कुमार दुबे, अजय श्रीवास्तव, मोहम्मद अर्शी, नीरज श्रीवास्तव व कई अन्य पत्रकार मौजूद रहे बैठक में निर्णय लिया गया इंडियन कौंसिल ऑफ प्रेस अयोध्या जिला अध्यक्ष रूपेश श्रीवास्तव को मनोनीत किया गया। जिला अध्यक्ष मनोनीत होने के बाद रूपेश श्रीवास्तव ने कहा इंडियन कौंसिल ऑफ प्रेस का जिला अध्यक्ष मनोनीत होने से पर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं और जो जिम्मेदारी मिली है उसको भरपूर निभाऊंगा पत्रकारों के सम्मान की लड़ाई को अपनी लड़ाई समझकर लडूंगा। इस मौके पर रवि मौर्य, रविकांत आर्या,वरिष्ठ पत्रकार जय प्रकाश गुप्ता, अमित कुमार गुलजार खान मौजूद रहे।

### भटककर अयोध्या पहुंची 26 वर्षीय अलका को जीआरपी पुलिस ने किया परिवार के सुपुर्द

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ, अयोध्या।** पुलिस अधीक्षक रेलवे लखनऊ के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस उपाधीक्षक रेलवे प्रथम की कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक पप्पू यादव के निर्देशन में रात्रि अधिकारी मेला ड्यूटी में आए एसआई सर्वेश कुमार व महिला आरक्षी सुधा यादव, महिला आरक्षी दीपा यादव द्वारा मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत यूपी 112 की सूचना प्राप्त हुआ कि महिला डरी हुई को तत्काल अटेंड कर परिजन को सूचित किया गया तथा महिला को सुरक्षार्थ थाना अयोध्या कैंट पर बने महिला हेल्प डेस्क केबिन में महिला आरक्षी गण के निगरानी में बैठाया गया तथा सूचना पर परिजन इंद्रजीत पुत्र राम निवासी ग्राम मूसेपुर कला थाना हंसवार जनपद अंबेडकर नगर द्वारा प्रकट किया गया कि मेरे पुत्री जिनका नाम अलका है जिसकी उम्र 26 वर्ष है जिसके दवा चल रहा है भटक का रेलवे स्टेशन दर्शन नगर पर आ गई थी जिसे सुरक्षित प्राप्त कर अपने साथ ले जा रहा हूं तथा महिला के परिजन द्वारा जीआरपी की प्रशंसा किया गया।

# भूमि धोखाधड़ी के अभियुक्तों पर कर्नलगंज पुलिस मेहरबान

**शुभ भास्कर ब्यूरो कर्नलगंज, गोण्डा।** तहसील क्षेत्र के ग्राम पिपरी राउत परगना पहाड़ापुर निवासी एक मृतक व्यक्ति के स्थान पर दूसरे व्यक्ति को खड़ा करके जालसाजों द्वारा कूटरचना,धोखाधड़ी कर जमीन बैनामा कराने और तहसीलदार न्यायालय में कर्मचारियों से मिलीभगत कर पत्रावली से अभिलेख गायब कर फर्जी आदेश पारित कराकर खतौनी में अंकना कराने एवं भूमि हड़पने के प्रयास के मामले में डीआईजी देवीपाटन परिक्षेत्र गोंडा के द्वारा काफी जांच कराए जाने के बाद कोतवाली कर्नलगंज में दर्ज कराये गये मुकदमे में पीड़ित द्वारा तमाम साक्ष्य विवेचक को उपलब्ध कराने के बावजूद साढ़े तीन महीने बीतने को हैं लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हो रही है और आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। पीड़ित ने विवेचक मनीष कुमार उपनिरीक्षक पर अभियुक्तों से मिलीभगत कर अनुचित लाभ लेकर उन्हीं के पक्ष में बात करने और अभियुक्तों के दबंग प्रभावशाली पैसे वाले व्यक्ति होने से उन्हीं के दबाव में निष्पक्ष विवेचना ना करने का गंभीर आरोप लगाते हुए डीआईजी, डीएम,एसपी



सहित अन्य उच्चाधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर विवेचना ट्रांसफर किए जाने की मांग की है। पीड़ित श्यामफूल पुत्र सुखदेव निवासी ग्राम पिपरी राउत परगना पहाड़ापुर ने डीआईजी एवं एसपी सहित संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम को दिये गये प्रार्थना पत्र में कहा है कि थाना कोतवाली करनैलगंज में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या-247/2023 धारा 419, 420, 467, 468, 471 आईपीसी में मामले का वह वादी है। उक्त मुकदमा 10/05/2023 को संबंधित कोतवाली करनैलगंज में पुलिस उपमहानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र गोंडा के द्वारा काफी जांच कराए जाने के बाद पंजीकृत हुआ था,जिसकी विवेचना एस०आई० मनीष कुमार थाना कोतवाली करनैलगंज द्वारा समादित की जा रही है। उक्त मुकदमे में वह तमाम साक्ष्य विवेचक को दे चुका है फिर भी वादी मुकदमा उपरोक्त में अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हो रही है और आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। ऐसे में उसको पूरा भरोसा हो चुका है कि विवेचक द्वारा अभियुक्तगण से अनुचित लाभ लेकर उन्हीं के पक्ष में बात करते हैं और उक्त मुकदमे में वांछित अभियुक्त राकेश तिवारी जो तहसील करनैलगंज में वकालत करते हैं और दबंग प्रभावशाली पैसे वाले व्यक्ति हैं उन्हीं के दबाव में विवेचक निष्पक्ष विवेचना नहीं कर रहे हैं। अफवाहन पता चला है कि उक्त विवेचक अभियुक्तगणों से पैसा लेकर मिल चुके हैं। ऐसी स्थिति में उक्त मामले की निष्पक्ष विवेचना एस०आई०टी० या क्राइम ब्रांच से कराया जाना न्यायसंगत बताते हुए पीड़ित ने विवेचना ट्रांसफर किए जाने की मांग की है।

## सीसीटीएनएस योजना के सफल संचालन हेतु डिस्ट्रिक मिशन टिम गोष्टी का हुआ आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर गोंण्डा।** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश एवं तकनीकी सेवाएं मुख्यालय उत्तर प्रदेश के द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में सीसीटीएनएस योजना के सफल संचालन हेतु आज दिनांक 24.08.2023 को पुलिस अधीक्षक श्री अंकित मित्तल के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक गोंडा/नोडल अधिकारी सीसीटीएनएस श्री शिवराज ने जनपद के कंप्यूटर ऑपरेटर/ सीसीटीएनएस कर्मियों के साथ सीसीटीएनएस के संबंध में समीक्षा गोष्टी की, जिसमें उन्होंने सीसीटीएनएस पर की गई अब तक की फीडिंग का अवलोकन करते हुए निर्देशित किया कि ऑनलाइन चरित्र प्रमाणपत्र आवेदनो को समय से पूर्ण कर अपलोड किया जाए, सीसीटीएनएस पर की जाने वाली फीडिंग को तत्समय संबंधित कॉलम में फीड किया जाए, सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित गैंगस्टर एक्ट से संबंधित मुकदमों में तत्काल गिरफ्तारी कर उन मुकदमों का तत्काल निस्तारण कराए जाने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर डिस्टिक कोऑर्डिनेटर राजदीप यादव, जनपद के समस्त थानों के कंप्यूटर ऑपरेटर सीसीटीएनस कर्मी मौजूद रहे।

## अवध विवि में अवधी लोकगीत, लोकनृत्य, लोक नाट्य व काव्य की बहार

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ, अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में बुधवार को अवधी महोत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस महोत्सव में श्रोताओं ने अवधी लोकगीत, लोकनृत्य लोक नाट्य व काव्य सम्मेलन का आनन्द उठाया। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल एवं मुख्य अतिथि महापौर गिरीशपति त्रिपाठी द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ महोत्सव का शुभारम्भ किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में चैता कजरी नकटा लोकगीत की प्रस्तुति ने दर्शकों को सराबोर कर दिया। इसमें बबीता और ग्रुप के साथ श्वेता, अंजू गिरी, राजू रंगीला और कृष्ण नारायण संगतकार रहे। कार्यक्रम में कहरवा और अहिरवा नृत्य की प्रस्तुति विश्वविद्यालय के अवधी भाषा साहित्य एवं संस्कृति विभाग के विद्यार्थी रामजीत निषाद और उनके सहयोगियों में राम अनुज निषाद, अभिषेक निषाद, अवनीश कुमार द्वारा प्रस्तुत की गई। वहीं लोकनाट्य प्रस्तुति पीके गौण के निर्देशन में पंचवटी में राम शीर्षक से हुई। इसकी प्रस्तुति शिव ओम पांडेय, श्रीकांत, गौरव, अंकित, लता, मानसी, टिया, मंजू गोस्वामी, रामजीत निषाद ने की।सांस्कृतिक कार्यक्रम में अवधी काव्य सम्मेलन का भी आयोजन किया गया जिसमें अवधी कवियों ने अपनी कविताओं के माध्यम से सुंदर प्रस्तुति की। इसमें नेपाल से आए अवधी के विद्वान एवं कवि निरहू यादव, श्याम प्रकाश लाल श्रीवास्तव, नीरा कोरी, वैरागी, कमलेश चंद गुप्ता, अवधेश यादव, बृजेश यादव, धर्मेंद्र चैधरी काव्य पाठ से श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। गोसाईगंज से दीपक वर्मा, प्रीतम श्रावस्तवी श्रावस्ती से, बहराइच से प्रमोद साधक, अयोध्या से हिमांशु श्रीवास्तव, लखीमपुर खीरी से ज्ञान प्रकाश आकुल अवधी कवि सम्मेलन की अध्यक्षता की। इसी क्रम में विश्वविद्यालय की छात्राओं में साक्षी सिंह, लाडली सिंह, कीर्ति मिश्रा ने भी अवधी भजनों कर भाव विवहल कर दिया।

## विकासखंड स्तरीय किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी संपन्न

**दैनिक शुभ भास्कर गोंण्डा।** कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण के अंतर्गत आज दिनांक 24 अगस्त 2023 दिन गुरुवार को उप कृषि निदेशक गोंडा के सौजन्य से विकासखंड इटियाथोक में किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी संपन्न हुई । किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती पूनम द्विवेदी ब्लॉक मुखिया इटियाथोक द्वारा किया गया। उन्होंने किसानों से वैज्ञानिक खेती अपनाने का आवाह्न किया। डॉ. रामलखन सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक शस्य विज्ञान कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर ने धान में नैनो यूरिया का पर्णीय छिड़काव, दलहनी व तिलहनी फसलों में गंधक का प्रयोग, तोरिया की वैज्ञानिक खेती, प्राकृतिक खेती आदि की जानकारी दी। बताया कि धान में नैनो यूरिया की चार मिलीलीटर मात्रा को प्रति लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करना चाहिए।

## धोखाधड़ी कर भारी मात्रा में सोने चांदी के जेवरात व नगदी लेकर फरार हो जाने के 2 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**दैनिक शुभ भास्कर गोंण्डा।** दिनांक 16.08.2023 को थाना को0 नगर में वादी हरिपाल सिंह पुत्र देव नारायण सिंह नि0 आवास विकास कालोनी थाना को0 नगर में सूचना दी कि विपक्षी शिवानन्द सोनी मेरे व निम्न ज्वेलर्स के साथ सोने व चांदी के सामान का क्रय विक्रय किया करते थे। दिनांक 31.07.2023 को विपक्षी शिवानन्द सोनी धोखाधड़ी कर मेरे गुंजन ज्वेलर्स व निम्न ज्वेलर्स (प्रकाश ज्वेलर्स, शत्रोहन ज्वेलर्स, माँ वैष्णो ज्वेलर्स, शुभम ज्वेलर्स, कृष्णा ज्वेलर्स) आदि के साथ कुल 10,040,00 रूपयों, 04 किलो ग्राम चांदी व 484.5038 ग्राम सोने के जेवरात लेकर फरार हो गए है। सूचना पर थाना को0नगर में सम्बन्धित धाराओं में अभियोग पंजीकृत हुआ था। सूचना को संज्ञान में लेकर पुलिस अधीक्षक गोण्डा अंकित मित्तल ने आरोपी अभियुक्तो



की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने के आदेश प्र0नि0 को0 नगर को दिए थे। उक्त आदेश के अनुक्रम में थाना को0 नगर पुलिस व सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम द्वारा सुरागरसी-पतारसी कर घटना कारित करने वाले सोनू उर्फ शिवानन्द व सहयोगी सुरेन्द्र सोनी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 218 ग्राम पीली धातु, 762 ग्राम सफेद धातु के जेवर व 1,55200 रूपयें बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगणों के विरूद्ध थाना को0 नगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

### CAG रिपोर्ट ने खोली मोदी सरकार की महाघोटालो की पोल किया मोदी सरकार को बेनकाबः अनिल प्रजापति एडवोकेट

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ, अयोध्या।** आम आदमी पार्टी अयोध्या ने सिविल लाइन स्थित गांधी पार्क मे नायब तहसीलदार के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन दिया में केंद्र सरकार द्वारा सड़क निर्माण से लेकर आयुष्मान योजना और अयोध्या डेवलपमेंट अथॉरिटी द्वारा किये जा रहे निर्माण में भारी हेराफेरी की खबरें उजागर हुई हैं। इस रिपोर्ट से स्पष्ट है कि देश की जनता के पैसों का खुला भ्रष्टाचार हुआ हैं लेकिन केंद्र की मोदी सरकार द्वारा किसी प्रकार की जांच और दोषियों पर कार्रवाई की बात नहीं की जा रही हैं 1 आम आदमी पार्टी अयोध्या मांग करती है की इस भ्रष्टाचार के खिलाफ मोदी सरकार के इन महाघोटाले के खिलाफ उच्चस्तरीय जांच निर्देशित कर, दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाए। कार्यक्रम में उपस्थित हर्षवर्धन यूके द्विवेदी शुभम श्रीवास्तव कुलभूषण साहू सूरज प्रधान मोहम्मद इसराइल सत्य शारजहां मास्टर प्रकाश मौर्य कासिम अब्बास संदीप पटेल राजीव पाठक गायत्री मिश्रा धर्मेंद्र सेठ सुनील मौर्य हैदर अली महमूद अहमद इमरान सुभाष चंद्र श्रीवास्तव हैदर अली राम अवध जसैवार गुड़िया राईन विद्यावती वर्मा स्वर्णिम वर्मा खुशबू कल्पना सीमा आदि लोग उपस्थित थे।

### माता-पिता की हत्या में पुत्री और उसके पति साक्ष्य के अभाव में बईज्जत बरी

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ, अयोध्या।** वर्ष 2021 में पूरा कलंदर थाना क्षेत्र के चांदपुर हरबंशपुर गांव में संपत्ति की लालच में अपने पति के साथ मिलकर माता-पिता की ईट से कूंच कर तथा फुकनी से मार कर नृशंस हत्या करने के बहुत चर्चित मामले में दोनों आरोपियों कमलेश्वर राम सिंगर पर अपराध साबित न होने पर साक्ष्य के अभाव में व इज्जत बरी हो गए ।यह फैसला विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट द्वितीय नूरी अंसार ने अभियोजन व बचाव पक्ष के तर्कों को सुनने तथा गवाहों के बयान के आधार पर आरोपियों पर दोष सिद्ध न होने पर दिया है।साथ ही मिथ्या साक्ष्य दिए जाने के कारण सभी गवाहो के विरुद्ध प्रकीर्ण वाद दर्ज करने का आदेश दिया है।इसके अलावा प्रकरण में संबंधित विवेचक द्वारा गंभीर लापरवाही पूर्वक विवेचन किया जाना पाया गया है। भविष्य में इसकी पुनरावृत्त ना हो इसके लिए एस एस पी अयोध्या को निर्णय की एक प्रति आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया है।यह मामला अयोध्या जनपद के पूरा कलंदर थाना के चांदपुर हरबंस गांव का है। बचाव पक्ष से पैरवी वरिष्ठ अधिवक्ता मयंक रंजन ने पर किया। बहस के दौरान तरक दिया कि आरोपियों को झूठा फंसाया गया। घटना का कोई प्रत्यक्षदर्शी गवाह नहीं था। फिंगरप्रिंट में पुलिस को कोई साक्ष्य नहीं मिला है।मृतक हृदय राम ने अपनी बेटी कमलेश के पक्ष में वसीयत कर दिया था। इसलिए वह अपने माता-पिता की हत्या क्यों करेगी। यह साबित नहीं हो सका है।गवाहो के बयानों जिरह में भिन्नता एवं विरोधाभास है। आभियोजन पक्ष के अनुसार 28 में 2021 को चांदपुर हरबंशपुर गांव में हृदय राम और उनकी पत्नी मालती की हत्या कर दी गई थी। मृतक की पुत्री कमलेश ने 30 /5/ 2021 को थाना पूरा कलंदर में तहरीर देकर अज्ञात हत्यारो के खिलाफ मुकदमा लिखवाया था। पुलिस ने अज्ञात हत्यारे के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 221/21 अंतर का धारा 302 201 के तहत मुकदमा दर्ज किया था। इसके बाद वादी मुकदमा जो मृतक हृदय राम की पुत्री है और उसके पति राम सिंगार के खिलाफ आरोप पत्र संबंधित न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

### बच्चों ने भेजा रक्षा सूत्र

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ, गोसाईगंज- अयोध्या।** ग्रामर्षि एकेडमी इंटरनेशनल स्कूल गद्दोपुर के बच्चों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, थल, जल, वायु सेना के अध्यक्षों उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, श्रीनगर के सीआरपीएफ कमांडेंट को अपने हाथों से बनाकर रक्षा सूत्र रजिस्टर्ड डाक द्वारा भेजा है। विद्यालय की प्रबंधक डॉक्टर अंजू पांडे ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यह पर्व नारी सम्मान, सामाजिक समरसता व भाई बहन के प्यार का प्रतीक है। इस पर्व द्वारा ही महिलाओं पर होने वाले अत्याचार भेदभाव का समूल नाश किया जा सकता है।प्रधानाचार्य रणविजय शर्मा ने कहा कि आज आवश्यकता इस बात की है कि समाज में महिलाओं का सम्मान हो ,उनकी रक्षा हो और वह स्वाभिमान के साथ सिर उठाकर निर्भीक जीवन जी सके।इस अवसर पर प्रशासक डीएन दुबे,मीडिया प्रभारी रवि सिंह, मनीष तिवारी सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### 26 अगस्त को एसडीओ बीकापुर का होगा घेराव

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ, अयोध्या।** किसानों मजदूरों के कम विद्युत बिल बकाया होने के बावजूद भी विद्युत कर्मियों/ अधिकारियों द्वारा विद्युत कनेक्शन काटने के साथ-साथ गाली गलौज देकर उत्पीड़न किया जा रहा है भारतीय किसान यूनियन जिसका प्रबल विरोध करती है यदि तुरंत उत्पीड़न ना रुका तथा भाना पत्नी मायाराम निषाद ग्राम नन्दरौली बीकापुर का विद्युत कनेक्शन 24 घंटे के अंदर ना जोड़ा गया तो दिनांक 26- 8- 2023 को उपखंड अधिकारी विद्युत बीकापुर का घेराव किया जायेगा । उक्त जानकारी देते हुए भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा ने बताया कि तमाम किसानों मजदूरों के ट्यूबेल व घरेलू कनेक्शन के विद्युत बिल महीने- दो महीने का ही बकाया होने के बावजूद भी विद्युत विभाग के अधिकारियों/ कर्मचारियों द्वारा किसानों मजदूरों व आम जनता का शोषण उत्पीड़न किया जा रहा है और विद्युत बिल वसूली हेतु गाली गलौज दी जा रही है तथा विद्युत कनेक्शन भी विच्छेद किया जा रहा है। श्री वर्मा ने बताया कि भाना पत्नी मायाराम निषाद निवासिनी ग्राम नन्दरौली बीकापुर जो की बहुत गरीब/ निरीह है मीटर गलत चलने के कारण अधिक बिल आने की बार-बार शिकायत करने के बावजूद भी मीटर को ना तो दुरुस्त किया गया और ना ही बदला गया इसके बावजूद भी मात्र ०3 महीने का विद्युत बिल बकाया है जिसका विद्युत कनेक्शन विच्छेद कर दिया गया और वीडियो बनाने पर लाइनमैन पवन मौर्य द्वारा भद्दी- भद्दी गालियां दी गई है।

**उपचार** | दो मुख्य प्रकार के चेस्ट इंफेक्शन होते हैं जिनमें निमोनिया और ब्रोंकाइटिस शामिल हैं

# डॉक्टर अरुण प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया चेस्ट इन्फेक्शन के लक्षण व उपचार

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ, अयोध्या।** जिला चिकित्सालय में तैनात चेस्ट रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अरुण प्रकाश श्रीवास्तव ने चेस्ट रोग संबंधित संक्रमण के बारे में बताया उन्होंने बताया कि जिसका प्रभाव श्वसन मार्ग के निचले हिस्से पर पड़ता है। श्वसन मार्ग के निचले हिस्से में श्वास नली, ब्रोंकाई और फेफड़े आते हैं। दो मुख्य प्रकार के चेस्ट इंफेक्शन होते हैं जिनमें निमोनिया और ब्रोंकाइटिस शामिल हैं। हल्के से लेकर गंभीर चेस्ट इंफेक्शन हो सकता है।





**चेस्ट इंफेक्शन के लक्षणः** चेस्ट इंफेक्शन के लक्षणों में सूखी या बलगम वाली खांसी, घरघराहट, पीला या हरे रंग का बलगम आना, सांस फूलना, सीने में दिक्कत महसूस होना, बुखार, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द और थकान शामिल हैं। उन्होंने बताया कि बुखार को कम करने और दर्द से राहत पाने के लिए इबूप्रोफेन या एसिटामिनोफेन ले सकते हैं। बलगम को ढीला कर उस शरीर से बाहर निकालने के लिए कफ-निस्सारक दवाएं ली जा सकती हैं। पर्याप्त मात्रा में पानी और पेय पदार्थ पिएं

**बचाव के तरीकेः** हाथों को साफ रखें, खासतौर पर खाने से पहले और चेहरे या मुंह को छूने से पहले।संतुलित आहार लें। इससे इम्यून सिस्टम मजबूत होता है और आपको संक्रमण का खतरा कम रहता है।धूम्रपान करने से बचें और शराब का सेवन भी कम करें। उन्होंने बताया कि जिला चिकित्सालय में रोज 100 से 150 मरीजों को देखता हूं और उन्हें सही इलाज व सही दवाई लिखता हूं जिससे वह स्वस्थ रहें और अपनी देखभाल भी करें।

# अनुपस्थित होने पर रोक दिया जायेगा वेतन

**तीन दिन मण्डल में ही रूकेंगे मण्डलीय अधिकारी - मण्डलायुक्त**



**शुभ भास्कर ब्यूरो आवेश, गोण्डा।** मण्डलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र ने उन सभी मण्डलीय अधिकारियों को जो देवीपाटन मण्डल के साथ-साथ अन्य मण्डलों का भी कार्य देख रहे है, को देवीपाटन मण्डल में शासकीय कार्य सम्पादन हेतु प्रत्येक सप्ताह में तीन कार्य दिवस की तिथि तथा मुख्यालय एवं आवास का पता, वाट्सएप मोबाइल नंबर व ई-मेल आईडी की सूचना तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिये है। मण्डलायुक्त ने बताया कि मण्डलीय अधिकारियों द्वारा देवीपाटन मण्डल में तिथि व स्थान निर्धारित नही होने के कारण मण्डल में किये जा रहे शासकीय कार्यो की समीक्षा किया जाना सम्भव नही हो पाता है। मण्डलायुक्त ने सभी मण्डलीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए है कि निर्धारित तिथि पर कार्यालय व मुख्यालय पर उपस्थित नही रहने पर सम्बन्धित अधिकारी वेतन बाधित कर दिया जायेगा तथा अनुशासनिक कार्यवाही भी की जायेगी।

# ख़ास ख़बर

## मधुस्थली विद्यापीठ के स्काउट्स एंड गाइड्स और लियो क्लब के छात्र-छात्राओं ने की भक्तों की सेवा




**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/ देवघर।** दूबे बाबा मंदिर बाभंगामा,सारठ में आयोजित वार्षिक पूजनोत्सव में आने वाले शिवभक्तों की सेवा तन मन से की| विद्यापीठ के स्काउट एंड गाइड और लियो क्लब के बच्चों के द्वारा दूबे बाबा मंदिर बाभंगामा सारठ पथ पर विशेष शिविर लगाकर दूबे बाबा पर गंगा जल अर्पित करने आ रहे, शिवभक्तों की सेवा की| उनके इस प्रकार की सेवा कार्य से बाबा के भक्तों को आनंद एवं सेवा भाव का अनुभव करते देखा गया | शिविर में उपस्थित सभी छात्र - छात्राओं ने लम्बी यात्रा से थके हुए एवं भूखे – प्यासे बाबा के भक्तों को शीतल जल एवं शरबत पिलाया और निःशुल्क अगरबत्ती का दान भी दिया | वहाँ उपस्थित लोगों ने उनकी सेवा की सराहना करते हुए कहा कि इसे ही सच्चा मानव धर्म कहा जाता है| मौके पर विद्यापीठ के प्राचार्य बितान विश्वास, गाइड कैप्टन विनिता बोस, स्काउट मास्टर सूरज बोस, मधुस्थली टीचर्स ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के ओ०एस०डी० निलेश सर, के साथ- साथ शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित थे| इस प्रकार के सेवाकार्य में सभी छात्र छात्राओं में हर्षोंउल्लास का भाव देखा गया और सबने एक ही स्वर में कहा कि इस तरह की सेवा कार्य हम सदा करते रहेंगे।

## कुपोषण को जड़ से खत्म करने के लिए संबंधित पदाधिकारी समन्वय स्थापित कर कार्य करें ताकि जामताड़ा कुपोषण मुक्त हो सके - उपायुक्त शशिभूषण मेहरा



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा।** गुरुवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी जामताड़ा शशि भूषण मेहरा की अध्यक्षता में जिला पोषण टास्क फोर्स की बैठक समाहरणालय सभागार में आहूत की गई। बैठक में पोषण संबंधित जिले अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं/ कार्यक्रमों यथा रूटीन टीकाकरण, जननी सुरक्षा, मिशन परिवार, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, चाइल्ड न्यूट्रीशन, सप्लीमेंट्री न्यूट्रीशन, आंगनवाड़ी एनरोलमेंट, मैटरनल न्यूट्रीशन, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, आंगनवाड़ी इन्फ्रास्ट्रक्चर आदि की बारी बारी से समीक्षा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त शशि भूषण मेहरा ने कहा कि सही पोषण नही मिलने के कारण बच्चों में बाल मृत्यु, महिलाओं में एनीमिया, बच्चों में सुखा रोग, अल्प वजन, बौनेपन जैसे समस्या से अधिक ग्रसित हैं खास कर के ग्रामीण क्षेत्रों में यह समस्या और अधिक गंभीर है। सरकार द्वारा कुपोषण को जड़ से खत्म करने के लिए कई योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसलिए यह आवश्यक है की जिले के सभी संबंधित पदाधिकारी पोषण स्तर में सुधार हेतु एवं कुपोषण मुक्त जामताड़ा बनाने के लिए योजनाओं के क्रियान्वयन में अपनी सक्रियता को दिखाएं। इसके लिए लोगों के बीच आवश्यक प्रचार प्रसार के साथ पोषण मिशन के लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में समन्वय स्थापित कर कार्य करें। उपायुक्त ने निर्देश देते हुए कहा कि जो भी प्रचार समाग्री जिला से जाती है, उसे डिस्प्ले करवाएं ताकि लोगों में जागरूकता प्रसारित की जा सके। लोगों में अवेयरनेस नहीं रहने के कारण कई चीजों का उचित क्रियान्वयन नहीं हो पाता है। बैठक में समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी से बच्चों एवं महिलाओं के पोषण विकास को लेकर किया जा रहे कार्यों की जानकारी ली एवं निर्देश देते हुए कहा कि बच्चों को सही समय पर सभी जरूरी टीकाकरण करवाना सुनिश्चित करें साथ विटामिन ए सहित अन्य जरूरी डोज समय पर दें ताकि उनका समुचित विकास हो सके एवं वे कुपोषण का शिकार न बनें। उपायुक्त द्वारा स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक कर अस्पतालों में उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं, संस्थागत प्रसव, आभा कार्ड बनाने, रूटीन टीकाकरण, यू विन पोर्टल पर निबंधन, परिवार नियोजन के अलावा माताओं व बच्चों के लिए चलाये जा रहे विभिन्न टीकाकरण अभियान को शत प्रतिशत पूर्ण करने का निदेश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिया गया। इसके अलावा उन्होंने जिले में आईएमआई 5.0 अभियान के तहत दूसरे चरण 11 से 16 सितंबर के दौरान जिले किये जाने वाले विभिन्न टीकाकरण कार्यों को लेकर चिकित्सकों की टीम एवं सभी प्रखण्डों के एमओआईसी को जमीनी स्तर पर कार्य करने का निदेश दिया गया। उपायुक्त ने विभिन्न पैरामीटर में समीक्षा क्रम में अपेक्षित प्रगति नहीं रहने के कारण असंतोष जाहिर करते हुए आवश्यक सुधार लाने का निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त ने संस्थागत प्रसव की समीक्षा के दौरान पाया कि संतोष जनक स्थिति नहीं है। उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया कि होम डिलीवरी नहीं हो इसके लिए आवश्यक कदम उठाएं, संस्थागत डिलीवरी के फायदे को प्रचार प्रसार करें। जितने भी हेल्थ ब्लॉक हैं वो अपनी स्थिति में सुधार लाएं। इसके अलावा उपायुक्त ने परिवार नियोजन के फायदे को लोगों के बीच में प्रचार प्रसार के लिए तथा इसमें अपेक्षित सुधार लाने हेतु दिशा निर्देश दिया। वहीं इस दौरान पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से डब्लूएचओ के डॉ अमित तिवारी के द्वारा अब तक की तैयारियों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी गोपाल कृष्ण झा, जिला योजना पदाधिकारी पंकज कुमार तिवारी, सिविल सर्जन डॉ एस के मिश्र, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी भारती, डब्ल्यू एच ओ डॉ अमित तिवारी, जिला महामारी विशेषज्ञ डॉ अजीत कुमार दुबे, महिला पर्यवेक्षिका, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# भ्रष्टाचार परिवारवाद और तुष्टिकरण समाप्त करना है तो भाजपा की सरकार बनाना होगा




**दैनिक शुभ भास्कर, प्रेम रंजन झा, देवघर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने संकल्प यात्रा के दौरान देवघर में आज हेमंत सरकार पर जमकर हमला किया। भारी बारिश के बावजूद जनसभा में हजारों की संख्या में पहुँचे लोगों को संबोधित करते हुए श्री मरांडी ने कहा कि कांग्रेस जेएमएम और राजद की सरकार में चोरी, डकैती, हत्या, अपहरण व बहू बेटियों के दुष्कर्म की घटनाओं ने झकझोर दिया है। देश में सर्वाधिक अपराध के आँकड़े झारखंड में है। संथाल क्षेत्र में भी व्यवसायी अपराधियों के निशाने पर हैं, बेटियों को जलाकर मार दिया जा रहा है। क़ानून राज स्थापित करने वाले पुलिस हेमंत सरकार के इशारे पर वसूली में लगी हुई है। अपराधियों को हिम्मतवाले हेमंत सरकार का संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अमन चैन और क़ानून राज स्थापित करना है तो हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकना होगा। श्री मरांडी ने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार की स्थिति बद से बदतर हो गई है। थाना, ब्लॉक, अंचल व ज़िला कार्यालयों में बिना पैसे दिये कोई भी काम नहीं होता है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ट्रांसफ़र पोस्टिंग व विकास योजनाओं में पैसे लेना छोड़ देगी तो अफ़सरों में हिम्मत नहीं की वे पैसे माँगे। उन्होंने कहा कि ख़ुद मुख्यमंत्री ने ज़मीन घोटाला किया है। कहा कि कांग्रेस जेएमएम और राजद परिवारवाद, तुष्टिकरण की राजनीति करती है। जबतक परिवारवाद और तुष्टिकरण की राजनीति होगी झारखंड की जनता को कभी न्याय नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण की राजनीति समाप्त करना है तो भाजपा की सरकार बनानी होगी, हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकना होगा यही संकल्प दिलाने आया हूं। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार के तुष्टिकरण नीति के करण संथाल परगना की डेमोग्राफी चेंज हो गई है। भाजपा की सरकार घुपैठियों के साथ उन्हें बसाने वालों को भी नहीं छोड़ेगी। श्री मरांडी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के कई प्रधानमंत्री हुए किंतु झारखंडियों कि आवाज़ अटल बिहारी वाजपेयी बने और अलग राज्य के सपने को साकार किया। मोदी जी के शासन काल में पहली बार ४-४ आदिवासी को केंद्रीय मंत्रीमंडल में स्थान दिया। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद पहली बार यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संथाल क्षेत्र का सर्वांगीण विकास किया। रेलवे का विस्तारीकरण हुआ, देवघर में एम्स, एयरपोर्ट दिया, जसीडीह में कारख़ाना बन रहा है, गोड्डा में सीमेंट फ़ैक्ट्री की योजना है। उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए सर्वप्रथम चाँद पर चन्द्रयान 3 पहुँचने पर वैज्ञानिकों व प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में भारत अंतरिक्ष में विश्वगुरु बना। इसके पूर्व अटल बिहारी बाजपेई जी ने परमाणु परीक्षण करके देश की शान बढ़ाई थी।कहा कि भाजपा की सरकार में विकास की चर्चा होती है जबकि कांग्रेस जेएमएम, राजद की सरकार में लूट और भ्रष्टाचार की चर्चा होती है। कहा कि भ्रष्टाचार में फंसे मुख्यमंत्री ईडी से बचने केलिए और भ्रष्टाचारियों को बचाने केलिए करोड़ों रुपए से महंगे वकील रख कर सुप्रीम कोर्ट में पैरवी कर रहे। कहा कि राज्य के खान खनिज और गरीबों की जमीन लूटने वाले को जेल जाने से कोई नहीं बचा सकता। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित सारठ विधायक रणधीर सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद शर्मा जिला प्रभारी बबलू भगत प्रदेश कर समिति सदस्य रीता चौरसिया संजीव जजवाड़े विशाखा सिंह दिवाकर गुप्ता नवल राय कार्यक्रम संयोजक जिला उपाध्यक्ष राकेश नरोने जिला महामंत्री अधीर चंद्र भैया पंकज सिंह भदोरिया सचिन सुल्तानिया राजीव रंजन सिंह प्रज्ञा झा रूपा केसरी दिलीप सिंह सचिन रवानी पप्पू यादव जूनियर बाबूलाल मरांडी अतुल सिंह विजया सिंह विनय चंद्रवंशी संतोष मुरमुर संजय राय निरंजन देव मिथिलेश सिंनहा विभूति झा सुनील यादव जयप्रकाश सिंह गणेश राय, रमेश राय राजन सिंह मुकेश पाठक धनंजय तिवारी पिंटू तिवारी अमनदीप गोलू बजरंगी शाह अठा कुमार रंजीत कुमार रीता राज माधव शर्मा प्रमोद राय ललन दुबे विकास रावत सुमित्रा मुरमुर अलका सोनी संध्या कुमारी कुसुम सिंह इंद्रदेव सिंह सुलोचना देवी ममता गुप्ता उचित राय दशरथ दास कमल दास ओंकार दास हरि किशोर सिंह मिथिलेश माधव सौरभ कश्यप संजय गुप्ता राजीव चौधरी केडी चौधरी प्रदीप झा एवं हजारों हजार की संख्या में कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित है।

## रिखिया से चुराया गया टोटो मधुपुर से बरामद




**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/देवघर।** देवघर जिले के रिखिया थाना क्षेत्र से चुराए गए ई-रिक्शा टोटो को पुलिस ने मधुपुर से बरामद किया है । विदित हो कि रिखिया थाना की पुलिस पथरौल पहुंची | स्थानीय पुलिस को लेकर छापेमारी किया । एक आरोपित को गिरफ्तार किया । कड़ाई से पूछताछ के बाद गिरफ्तार आरोपित को लेकर उसके निशानदेही पर मधुपुर आयी। फिर मधुपुर पुलिस को लेकर फागो गांव गई । वहां पूल के पहले एक घर से टोटो को बरामद किया । पुलिस ने बताया कि टोटो से तीनों बैटरी भी गायब है । 3 दिन पूर्व 20 अगस्त को विशाल कुमार मंडल चालक ने रिखिया थाना में प्राथमिक की दर्ज कराई थी । चालक ने पुलिस को बताया था तीन बदमाश सवारी बनकर महेशमारा जाने के लिए टोटो बुक किया । बंधा रोड चावल मिल के पास रात दस बजे एक बदमाश ने हथियार सटा दिया । मारपीट करने लगा । पॉकेट से तीन सौ रुपये निकाल लिए | फिर टोटो छीन लिया । प्राथमिक की दर्ज के बाद पुलिस अनुसंधान में जुट गई | इस बीच पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि आरोपी पथरौल थाना क्षेत्र में छिपा हुआ है । पुलिस ने बरामद टोटो को मधुपुर थाना में सुरक्षा की दृष्टि कौन से रख दिया है । गिरफ्तार आरोपित को साथ में लेकर गई है । पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## नवनियुक्त जिला खेल पदाधिकारी तूफान कु पोद्दार का स्वागत



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा।** जामताड़ा जिले में नवनियुक्त जिला खेल पदाधिकारी तूफान कुमार पोद्दार ने दिए जामताड़ा जिले में योगदान उनके स्वागत एवं अभिवादन में जामताड़ा के विभिन्न खेल संघ के पदाधिकारीगण पुष्प गुच्छ देकर किया। विदित हो कि तूफान कु .पोद्दार का पैतृक निवास जमशेदपुर है । इन्होंने ताइक्वांडो के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी के रूप में देश को पदक दिलाया । खेल पदाधिकारी के रूप में प्रथम नियुक्ति गढ़वा जिला में योगदान दिए। वर्तमान में दुमका जिला के खेल पदाधिकारी के साथ-साथ जामताड़ा जिले के भी प्रभार दिया गया। उन्होंने बताया कि जामताड़ा जिले में खेल और खिलाड़ियों के आधारभूत संरचना को विकसित एवं ग्रासरूट लेवल में खेल को बढ़ा देने हेतु खेल संघ के पदाधिकारियों के साथ बहुत जल्द एक बैठक करेंगे । जामताड़ा में खेल को विकसित करना हमारा पहली प्राथमिकता रहेगा। उनके स्वागत में मुख्य रूप से झारखंड राज्य खो-खो एसोसिएशन के संयुक्त सचिव दीपक दुबे, जामताड़ा जिला हैंडबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष नितेश सेन, हॉकी जामताड़ा के सचिव डॉ. भास्कर चांद , जामताड़ा जिला कैरम एसोसिएशन के कार्यकारी सचिव सूरज कु .पासवान एवं रौनक राज मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# नाला डिग्री कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**दैनिक शुभ भास्कर, सुष्मिता कुमारी ,नाला /जामताड़ा।** वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के तत्वावधान में मिशन लाइफ अभियान के तहत नाला डिग्री कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित की गई। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य रूप से वन प्रमंडल पदाधिकारी जामताड़ा अजिंक्य बंकर देवीदास मौजूद थे। इस दौरान बच्चों को पर्यावरण संरक्षण को लेकर संकल्प पाठ कराया गया। जिसमें पर्यावरण को बचाने के लिए अपने दैनिक जीवन में हर संभव प्रयास करने तथा अपने परिवार, मित्रों तथा अन्य लोगों को पर्यावरण के अनुकूल आदतों और व्यवहारों के महत्व के विषय में सतत् रूप से बताने का संकल्प लिया। इस क्रम में इको क्लब के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर पर्यावरण हेतु जीवन पद्धति( लाइफस्टाइल फॉर इंभाइरोमेंट ) से संबंधित विभिन्न वन्य जीव- जन्तुओं के विभिन्न गतिविधियों तथा संरक्षण से संबंधित हेंडबिल का वितरण किया गया। इस दौरान मिशन लाइफ से संबंधित क्विज का भी आयोजन किया गया। जिसमें सभी छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को वन विभाग की ओर से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वन प्रमंडल पदाधिकारी अजिंक्य बनकर देवीदास ने ऊर्जा की बचत,पानी बचाओ,सिंगल यूज प्लास्टिक, सतत खाद्य प्रणाली, स्वच्छता क्रियाएं,स्वस्थ जीवन शैली, ई- वेस्ट पर छात्र-छात्राओं को कई महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यशाला के दौरान विभिन्न प्रजाति के पौधे लगाए गए तथा इसके महत्ता के बारे में जानकारी दी गई। इसके अलावे रेसक्यू टीम के द्वारा सर्प से बचाव को लेकर विभिन्न तकनीकी जानकारी साथ ही आवश्यक सतर्कता बरतने की बात कही गई। साथ ही सर्प के विभिन्न प्रजाति के बारे में भी प्रकाश डाला गया एवं सांप के डसने पर उसके उपचार के बारे में भी जानकारी दी गई।इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य प्रो नंदप्रसाद सोरेन, प्रो० संजीव कुमार महतो, प्रो० संजय ठाकुर, प्रो० सद्दाम हुसैन, प्रो० मधुसूदन पांडेय, प्रो० डॉ शांतिराम मंडल, दिपक राणा,गौतम कुमार, प्रवीर मंडल, दयामय भंडारी सहित अन्य शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मी आदि मौजूद थे।

## हेतमपुर राजबाड़ी ट्रस्ट एवं ब्रजबाला ट्रस्ट बीरभूम ने की भुमि संबंधित सार्वजनिक घोषणा

**दैनिक शुभ भास्कर, सुष्मिता कुमारी,नाला/जामताड़ा।** सुरंजन चक्रवर्ती और सौरिंध्री रंजन चक्रवर्ती, सदस्य हेतमपुर राजबारी, एवं ट्रस्ट-राम रंजन ट्रस्ट एस्टेट और ब्रजबाला ट्रस्ट एस्टेट,हेतमपुर, बीरभूम ने सार्वजनिक घोषणा करते हुए कहा है कि हमारे नाम से कोई भूमि संबंधित झारखंड राज्य में किसी भी तरह रूपया का लेन-देन करता हो ,वह गैरकानूनी माना जाएगा और सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि खास करके हेतमपुर ,थाना दूबराजपुर, जिला बीरभूम निवासी,प्रसंतो राय उर्फ शंकर राय को आगाह करते हुए सावधानी बरतने की बात कही। उन्होंने कहा कि उनके नाम से एफआईआर दर्ज की गई है। बांकि जो भी लोग इस प्रकार के व्यवसाय से जुड़े हैं। वे सतर्क हो जाएं और हमारे भूमि से संबंधित गैर कानूनी काम ना करें। वरना विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## मधुपुर कुंडू बांग्ला मोहल्ला से बाइक चोरी

**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/देवघर।** मधुपुर शहर के कुंडू बांग्ला मोहल्ला रोड किनारे से अज्ञात चोर के द्वारा एक बाइक चोरी कर ली गई है । बाइक के मालिक साप्तर गांव निवासी सुमन कुमार पांडे ने मधुपुर थाने में आवेदन देकर अज्ञात चोर के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज कराई है । उन्होंने पुलिस को बताया कि वह कुंडू बांग्ला रोड स्थित मेसर्स संतोष लाल गुटगुटिया के फॉर्म में काम करते हैं | प्रतिदिन की तरह वह वहां काम करने पहुंचे । उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल ग्लैमर नीले रंग की जेएच 15 एल/5234 को घर के बाहर मेन गेट पर खडा किया । फिर अंदर चला गया । शाम करीब 7:00 बजे ड्यूटी समाप्त कर अंदर से बाहर गेट के पास आया तो देखा की मोटरसाइकिल गायब है । इसके बाद काफी खोजबीन की मगर कोई गाड़ी का सुराग नहीं मिला । पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मधुपुर में वज्रपात की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/देवघर।** राज्य के कई जिलों में इन दिनों तेज बारिश हो रही है। आसमानी बिजली भी गिरने लगी है। विदित हो कि देवघर जिला अंतर्गत मधुपुर में एक व्यक्ति की वज्रपात से मौत हो गई। पाथरोल थाना क्षेत्र के ऊपरटोली के रहने वाले झगरू महतो (65 वर्ष) अपने खेत में काम कर रहे थे। इसी बीच अचानक वज्रपात हुआ जिसकी चपेट में आने से उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। लोगों के मुताबिक मृतक व्यक्ति झगरू महतो दोपहर में अपने खेत पर काम करने के लिए गये थे। जहां काम करने के दौरान अचानक असमानी बिजली गिरी। जिसके संपर्क में आने से उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मामले की जानकारी देते हुए मृतक के भतीजे ने बताया कि वे खेत की तरफ काम करने के लिए गए हुए थे। इसी बीच वज्रपात की चपेट में आकर वे अचानक गिर पड़े। व्यक्ति की मौत से परिजनों में गम का माहौल है।

## अज्ञात ट्रेन के चपेट में आने से 30 वर्षीय युवक की हुई मौत

**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/देवघर।** मधुपुर डाउन प्लेटफार्म नंबर दो पर पॉल संख्या 293 / 23 पश्चिमी छोर पर 30 वर्षीय अज्ञात की क्षत -वीक्षत शव मधुपुर राजकीय रेल पुलिस को मिली।डाउन प्लेटफार्म नंबर दो पॉल संख्या 293 / 23 के समीप ट्रैक पर अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से घटनास्थल पर मृत्यु हो गई। इसकी सूचना रेल यात्री ने प्लेटफार्म पर ड्यूटी में तैनात जीआरपी और आरपीएफ को दी। मौके पर पहुंच कर मधुपुर जीआरपी थाना प्रभारी ब्रिज नंदन ठाकुर एवं आरपीएफ के एएसआई नरेन्द्र कुमार, एएसआई यु मंडल घटनास्थल पहुंचे और संयुक्त रूप से घटना की जांच कि।आसपास के लोगों से पूछताछ किया। किसी ने कुछ नहीं बताया।वहीं रेल थाना की पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए देवघर सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक की पहचान नहीं हो पाया है। रेल थाना में यूडी केस दर्ज किया जाएगा।शव की पहचान के लिए पुलिस छानबीन में जुट गई है।

## रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ पांच दिवसीय विशिष्ट पाठ्यक्रम शिविर का हुआ समापन



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/ देवघर।** शहर के 52 बीघा मोहल्ला स्थित टीटीसी प्रशिक्षण केंद्र में पूर्व रेलवे भारत स्काउट एंड गाइड के तत्वाधान में आयोजित पांच दिवसीय विशिष्ट पाठ्यक्रम और व्यवसायिक पाठ्यक्रम के अवसर पर भव्य कैंप फायर कार्यक्रम का आयोजन किया गया एवं रंगारंग सांस्कृतिक के साथ सपन्न हुआ। मौके पर रेंजर और रोवर प्रशिक्षुओं विभिन्न प्रांत के भाषा पर आधार लोक नृत्य संगीत प्रस्तुत कर उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। संगीत नृत्य से सुन कर सभी का मन गद गद हो गया। मौके पर शिविर में मुख्य अतिथि मधुस्थली विद्यापीठ स्कूल के प्राचार्य बिटन विश्वास एवं मधुपुर आरपीएफ सब इंस्पेक्टर धर्मेंद्र प्रसाद ने भारत स्काउट एंड गाइड रोवर्स और रेंजर्स के कार्यो की सराहना की। मौके पर पूर्व भारत स्काउट एंड गाइड का झंडा ध्वजारोहण किया और सलामी देकर कार्यक्रम का समापन किया गया। प्रशिक्षक शुभव्रत दास, पपिया भट्टाचार्य, अमिताभ त्रिवेदी,संगीता रक्षित, शिवानंद घोष, शारदा जयसवरिया ने प्रतिभागियों की उज्जवल भविष्य की कामना किया। इस शिविर में कुल गाईड रेंजर और रोवर मिलाकर कुल 175 प्रतिभागी शामिल हुए थे।

**बैठक** जिला समाज कल्याण विभाग, सामाजिक सुरक्षा विभाग का समीक्षात्मक बैठक

# कार्यालय में आने वाले लाभुकों व आम जनों के साथ अच्छे से सलूक करें, उन्हें सही जानकारी उपलब्ध कराएं - उपायुक्त शशि भूषण मेहरा



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा।** गुरुवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि भूषण मेहरा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला समाज कल्याण विभाग एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग का समीक्षात्मक बैठक आयोजित किया गया। बैठक में उपायुक्त द्वारा समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, पूरक पोषाहार योजना, पोषण ट्रैकर एप सहित क्रियान्वित कार्यों/योजनाओं के अद्यतन प्रगति की समीक्षा सहित विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त शशि भूषण मेहरा ने कहा कि जिले के सभी 1189 आंगनवाड़ी केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं सुदृढ़ हो, इस पर विशेष रूप से ध्यान रखें, इसमें किसी प्रकार की समस्या आने पर हमें अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि समाज कल्याण के द्वारा जितनी भी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है, इसमें कोताही नहीं बरतें, शिथिलता बरतने पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं कार्य में शिथिलता बरतने एवं अपेक्षित प्रगति नहीं रहने के कारण नारायणपुर एवं नाला सीडीपीओ तथा महिला पर्यवेक्षिका को स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया गया। वहीं समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने जिले में जर्जर आंगनवाड़ी केंद्र की भवनों के निर्माण एवं मरम्मती योग्य भवनों के मरम्मत हेतु अद्यतन सूची देने का निर्देश दिया, ताकि इस संबंध में अग्रेतर कार्रवाई की जा सके।इस दौरान उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी एवं संबंधित बाल विकास परियोजना पदाधिकारी से मुख्यमंत्री कन्यादान योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। जिसमें बताया गया की इस चालू वित्तीय वर्ष के कुल लक्ष्य 214 के विरुद्ध 106 आवेदन स्वीकृत किए गए हैं एवं अवशेष लक्ष्य 108 हैं। उपायुक्त ने उक्त अवशेष लक्ष्य को शत प्रतिशत योग्य लाभुकों के बीच ससमय देने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना में निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध शत प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके अलावा सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के समीक्षा के दौरान बताया गया कि इस योजना के तहत निर्धारित लक्ष्य 18546 के विरुद्ध स्वीकृति हेतु कार्यालय में कुल 11628 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसमें से 9951 आवेदन स्वीकृत किए जा चुके हैं। उपायुक्त ने उक्त सभी आवेदन के भुगतान की जानकारी ली एवं शत प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति को लेकर प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया।इसके अलावा पोषण ट्रैकर एप के अनुसार पूरक पोषाहार प्राप्त करने वाले लाभुकों में गर्भवती महिला, धात्री महिला, विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों आदि की समीक्षा की गई। जिसमें कुल लक्ष्य 96637 के विरुद्ध 89588 प्रविष्टि की गई है। उपायुक्त ने शत प्रतिशत प्रविष्टि सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# प्रस्तावित जनसभा को लेकर भाजपा ने की समीक्षात्मक बैठक



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा।** गुरुवार को संकल्प यात्रा के निमित्त आगामी 27 अगस्त को जामताड़ा विधानसभा के पबिया में प्रस्तावित जनसभा को लेकर प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह कार्यक्रम संयोजक वीरेंद्र मंडल के नेतृत्व में जनसभा स्थल पबिया टीचर ट्रेनिंग कॉलेज मैदान में जामताड़ा विधानसभा के सभी भाजपा मंडल के सक्रिय कार्यकर्तागण के साथ समीक्षा बैठक की गई। सभी तैयारियां का समीक्षा कर कार्यक्रम का अंतिम रूप दिया गया। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विरेंद्र मंडल ने कहा कि सेवा सुशासन और गरीब कल्याण हेतु प्रदेश निर्देशानुसार संकल्प यात्रा के निमित्त जन-जन के नेता विकास पुरुष झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का आगामी 27 अगस्त को सुबह 10 बजे से जामताड़ा विधानसभा अंतर्गत पबिया टीचर ट्रेनिंग कॉलेज मैदान में विशाल जनसभा का आयोजन होने जा रहा हैं। इस जनसभा को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने के लिए सभी भाजपा मंडल अध्यक्ष, पदाधिकारीगण एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं के साथ तैयारी को लेकर महत्वपूर्ण बैठक की जा रही हैं। इसी निमित्त जनसभा के ऐतिहासिक सफलता को लेकर सभी तैयारियां का समीक्षा कर कार्यक्रम का अंतिम रूप दिया गया। जामताड़ा विधानसभा में संकल्प यात्रा के निमित्त प्रस्तावित जनसभा को लेकर सभी आम जनमानस के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह और उमंग हैं। सभी लोग इस कार्यक्रम की ऐतिहासिक सफलता को लेकर अपने-अपने स्तर से भी तैयारी में लगे हुए। इस समीक्षा बैठक के रुझान से यह स्पष्ट हो गया है कि जनसभा के दिन हजारों हजारों की संख्या में आम जनमानस कार्यकर्ता बंधु प्रबुद्ध जन और सभी भाई-बहन उपस्थित होंगे। विशेष कर हजारों की संख्या में हमारे आदिवासी भाई बहन पारंपरिक वेशभूषा और गाजे बाजे के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का भव्य स्वागत करेंगे और जनसभा स्थल पर उपस्थित होंगे। इसके लिए तमाम अनजान मानस के साथ सभी भाजपा कार्यकर्ताओं के प्रति आभार प्रकट करता हूं। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पबिया भाजपा मंडल अध्यक्ष कार्तिक भंडारी ने की। मौके पर मुख्य रूप से नारायणपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय ओझा गोपालपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश मंडल, जामताड़ा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रणजीत राणा ,मीहीजाम नगर भाजपा अध्यक्ष मुकेश यादव, जामताड़ा नगर भाजपा अध्यक्ष पिंटू गुप्ता, गोरायनाल भाजपा मंडल अध्यक्ष श्यामल मंडल, पपिया मंडल भाजपा महामंत्री राजेंद्र मंडल व द्वारिका सिंह नारायणपुर मंडल भाजपा महामंत्री सरयू पंडित व श्यामसुंदर राय, महेंद्र मंडल अशोक मंडल उमेश मंडल, चेतन, मरांडी, निर्मल सोरेन, सुरेंद्र मुर्मू, वरुण रवानी सहित तमाम भाजपा कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

# ख़ास ख़बर

## गुठनीः तेज रफ्तार बाइक सवार ने महिला को मारी ठोकर

**गुठनी**। थाना क्षेत्र के चिताखाल गांव के समीप गुरुवार की शाम महिला को अनियंत्रित बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। वही घायल महिला की पहचान मैरवा थाना क्षेत्र के नवादा गांव निवासी महेश राजभर के 30 वर्षीय पत्नी धर्मावति देवी के रूप में हुई है। महिला को घायलावस्था में स्थानीय लोगों के मदत से पीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक शब्बीर अख्तर ने प्राथमिक उपचार के बाद महिला के हालत नाजुक देख सदर अस्पताल रेफर कर दिया। वही घायल महिला के परिजनों ने बताया कि वह कल्याणी गांव अपने भाई के घर गई हुई थी। और वहां से वापस अपने ससुराल के लिए निकाली थी इस बीच चिताखाल गांव के समीप तेज रफ्तार बाइक सवार ने पीछे से धक्का मार दिया. जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।

## एलटी तार के चपेट में आने से बकरी झूलसी

**हसनपुरा (सीवान)**। प्रखंड मुख्यालय के समीप व सिसवन सीवान मुख्य पथ स्थित बिजली के खंभे में विद्युत प्रभावित होने से एक बकरी झूलस कर मर गयी। बकरी अरंडा निवासी महमद रफिउल्लाह की है। बताया जा रहा है कि पास स्थित चर रही बकरी एलटी तार के चपेट में आ गयी। जिससे झूलस कर मर गयी। लोगों का कहना है कि संयोगवश कोइ इंसान बिजली के खंभे के संपर्क में नहीं आया वरना एक बड़ी हादसा हो सकता था।

## इंटर उत्तीर्ण अल्पसंख्यक छात्राओं के प्रोत्साहन कैम्प लगा

**हसनपुरा(सीवान)**। प्रखंड मुख्यालय में गुरुवार को कल्याण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना का शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर जिला कल्याण कार्यालय सीवान द्वारा बीडीओ राजेश्वर राम के नेतृत्व में लगाया गया। जहां वर्ष 2022-23 में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण अल्पसंख्यक छात्राएं शिविर में शामिल होकर अपना आवेदन किया। इस कैम्प में प्रतिनियुक्त कर्मियों में बीआरपी इंदु सिंह, कार्यपालक सहायक सुमित कुमार, लिपिक मोहित कुमार सिन्हा द्वारा आवेदन प्राप्त किया गया। जहां 60 छात्राओं ने आवेदन किया। इन छात्राओं में रौशन तारा, शबनम खातुन, साजिया परवीन, नाजिया परवीन, सना खातुन, शमा खातुन, रेशमा खातुन व अन्य ने अंक प्रमाण पत्र, स्नातक के नामांकन रशीद, आधार कार्ड, छात्राओं का बैंक खाता, मोबाइल नम्बर सभी वांछित कागजात के प्रति पृष्ठ पर विद्यालय अथवा स्वयं अभिप्रमाणित कर कैम्प में शामिल हुई।

## स्थगित रहेगा डीएम का जनता दरबार

**सिवान संवाददाता**। सिवान जिला मुख्यालय के समाहरणालय परिसर में आयोजित होने वाले जिलाधिकारी का जनता दरबार और परिहार कर्म से शुक्रवार को स्थापित रहेगा। इस संबंध में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ने एक प्रेस विज्ञप्ति रिलीज कर कहा कि आबकारी कर्म से सिवान जिला अधिकारी का जनता दरबार स्थगित रहेगा।

## सुमेरपुर अंडर पास में जलजमाव होने पर स्थानीय लोगो ने दिया आंदोलन की चेतावनी

**सीवान** । जिले के मैरवा के सुमेरपुर रेलवे ढाला के समीप बने अंडर पास में जलजमाव होने से जनप्रतिनिधियों सहित स्थानीय लोगो ने नारजगी जाहिर किया है। इसके साथ ही भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष उमेश कुमार सिंह ने रेलवे विभाग से लेकर जिला के वरीय पदाधिकारियो को फोन कर समस्या से अवगत कराया है। इसके साथ ही उन्होंने पिछले वर्ष हुए जलजमाव को लेकर 6201424073 पर फोन कर शिकायत करने पर अस्थायी जलनिकासी का व्यवस्था किया गया था। लेकिन इस बार स्थायी जलनिकासी की मांग किया गया है। अगर जल्द से जल्द जलनिकासी नही होती है तो बड़ा आंदोलन किया जायेगा। क्योकि यह मार्ग दो लेन को जोड़ती है। इधर से यूपी और बिहार के लोगो का आवागमन काफी रहता है। जलजमाव होंने से वाहन चालकों में भय का माहौल कायम है। आपको बता दे कि रेलवे ढाला पर अंडर पास बनाने के दौरान रेलवे विभाग के इंजीनियरों द्वारा खानापूर्ति किया गया है। जो हर वर्ष बारिश के मौसम में अंडर पास में जलजमाव हो जाता है। जिससे आने जाने वाले बाइक सवारों सहित राहगीरों में बड़ी घटना घटने का डर बना रहता है। कई बार राहगीरों के साथ घटना घट चुकी है। इसके बाद भी रेल प्रसाशन की आँख पर पट्टी बंधी है। स्थानीय ग्रामीणों ने अंडर पास को बंद कर के मेन रोड ढाला रेल क्रासिंग को चालू कराने की मांग किया है।

## डाकखाने के पास लगने वाले जलजमाव से परेशानी

**हुसैनगंज, एक संवाददाता**। प्रखंड के मुख्य बाजार में डाकखाना के समीप लगने वाले जलजमाव से स्थानीय ग्रामीणों समेत दूर दराज के गांवों से आने वाले ग्राहक व विद्यार्थी आहत हैं। आए दिन कीचड़ में किसी राहगीर अथवा दो पहिया वाहन के गिरने की समस्या उत्पन्न होती है। पैदल आने जाने वाले विद्यार्थियों को खासा मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। वहीं जलजमाव से स्थानीय राहगीर तंग आ चुके हैं। उन्होंने इस स्थित से जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया व समस्या का समाधान निकालने की बात जिसपर जल्द ही समस्या सुलझाने का आश्वासन भी मिला। किंतु बारिश होते ही पुनः समस्या ज्यों की त्यों नजर आती है। इस संबंध में डाकखाने के पास रहने वाले डॉक्टर तमन्ना बताते हैं कि आए दिन ग्रामीणों को कीचड़ से गुजरते देखना दुखद है। कई बार छोटे बच्चे एवं राहगीर कीचड़ में गिर जाते हैं तो कई दफा वाहनों के गुजरने से राहगीरों के कपड़े खराब हो जाते हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधि को अवगत कराया गया है किंतु अभी तक इसका समाधान नहीं निकला है। आकार बारिश ये एक विकराल समस्या बन जाती है जिसे जनप्रतिनिधियों को ध्यान देकर दूर करना चाहिए।

# पांच साल बेमिसाल काम इंसान वेलफेयर फाउंडेशन ने अपना पांचवा स्थापना दिवस मनाया




**शुभ भास्कर संवाददाता बेतिया विनोद कुमार**। साठी पांच साल बेमिसाल काम इंसान वेलफेयर फाउंडेशन ने अपना 5वॉं स्थापना दिवस मनाया।वैसे तो इंसान वेलफेयर फाउंडेशन अपना काम 2017 से ही शुरू कर दिया था, लेकिन एक साल बाद 23 अगस्त 2018 को इंसान वेलफेयर फाउंडेशन का संगठन हुआ, तब से फाउंडेशन विभिन्न क्षेत्रों में काम करता आ रहा है,फाउंडेशन के अंदर अभी 13 एक्टिव विंग है, जो विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करते हैं। 5 साल पूरे होने पर फाउंडेशन अपना पांचवा स्थापना दिवस 23 अगस्त 2023 को मनाया जिसमें फाउंडेशन के जनरल सेक्रेटरी मोहम्मद अबुल लैस साहब ने 5 वर्ष के अंदर हुए कार्यों का रिपोर्ट पेश किया,वहीं फाउंडेशन के अध्यक्ष शोएब कमाल ने आने वाले समय में होने वाले कार्यों की लिस्ट पेश की। फाउंडेड कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर शोएब अफजल साहब ने की,शाही मिश्रा ने सामाजिक सद्भावना तथा विभिन्न क्षेत्रों में फाउंडेशन के सहयोग का जिक्र करते हुए कहा की फाउंडेशन का कार्य हमने बहुत करीब से देखा है, असल मायने में जो एक NGO को करना चाहिए वह कार्य अपने इलाके में सिर्फ इंसान वेलफेयर फाउंडेशन कर रहा है।फाउंडेशन के जनसंपर्क विंग के प्रभारी एकराम उल हक साहब ने फाउंडेशन द्वारा की गई विभिन्न क्षेत्रों के कार्यों पर प्रकाश डाला तथा अपने विंग के तरफ से लोगों को भरोसा दिलाया कि आने वाले समय में सामाजिक मुद्दे पर विशेष नजर रखते हुए समस्याओं का हल निकालेगी।साठी पंचायत मुखियपाती वीरेंद्र उपाध्याय ने फाउंडेशन के कोरोना काल में की गई कार्यों का जिक्र करते हुए बताया कि हमने देखा है फाउंडेशन को किस तरह से उस स्थिति में जब लोग एक दूसरे से मिलने से डरते थे, तब इस एनजीओ के लोग एक-एक घर जाकर जरूरतमंदों को राशन, कोरोना किट इत्यादि पहुंचाया करते थे, इस संस्था की जितनी तारीफ की जाए कोरोना काल के लिए उतनी ही कम होगी। सभी आए हुए अतिथियों ने फाउंडेशन के कार्यों का जिक्र करते हुए फाउंडेशन की सराहना की। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. शोऐब अफजल साहब ने मौलाना अबुल कलाम शिक्षा जागरूकता अभियान क्लासेस नट मोहल्ला को शुरू करने से पहले की संघर्ष को साझा किया, उन्होंने बताया कैसे नट मोहल्ला में शिक्षा शुरू करने से पहले परेशानी झेलनी पड़ी थी। कार्यक्रम के संचालक तथा मीडिया विंग के कोऑर्डिनेटर ओबैदुर रहमान ने इस संस्था के संस्थापक मोहम्मद फोजैल साहब के संघर्ष को साझा किया कि कैसे उन्होंने संस्था को अपने खून पसीने से सींचा है, एक ऐसी जगह पर सेंटर चलाना जहां शिक्षा का एक अक्षर भी नहीं था, वहां के बच्चों को इस काबिल बनाना कि वह दसवीं अच्छे रैंक से पास कर अब अपने परिवार के लिए बेहतर सपने देख रहे हैं, यह अपने आप में एक बहुत बड़ी बात है,तथा कार्यक्रम को सफल बनाने के वाले मोहम्मद सोहेल, ओसैईदुर रहमान, शाहिद अनवर, बशीर आलम इत्यादि लोगों का शुक्रिया अदा किया।मीडिया विंग के उप समन्वयक नसीम अख्तर ने फाउंडेशन के अंदर एक्टिव विंग के बारे में बताया ।मौलाना अबुल कैस साहब ने आपसी भाईचारा बनाए रखने की लोगों से अपील की तथा आए हुए सभी मेहमानों का शुक्रिया अदा किया, कार्यक्रम का अंत नेशनल एंथम से की गई।कार्यक्रम में मेडिकल विंग के प्रभारी डॉ. साकिब अफजल साहब, इकराम उल हक साहब जनसंपर्क विंग प्रभारी, संयुक्त सचिव बशीर आलम साहब, इत्यादि लोग मौजूद रहे।

## चांद के दक्षिणी ध्रुव पर लैंड करने वाला पहला देश बन गया भारत : जदयू0

**सीवान संवाददाता**। गुरुवार को जनता दल यूनाइटेड के जिलाध्यक्ष चन्द्रकेतु सिंह ने बताया की चंद्रयान 3 के सफलता मे लगे। सभी इसरो के वैज्ञानिकों को जनता दल यूनाइटेड सिवान की तरफ से बहुत बहुत धन्यवाद आगे आप सभी के बदौलत देश को और ऊंचाई मिलेगी ।, आगे उन्होंने बताया की इसरो ने चंद्रयान-3 मिशन के लिए तीन मुख्य उद्देश्य निर्धारित किए हैं। जिनमें मुख्य रूप से लैंडर की चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित और सॉफ्ट लैंडिंग कराना। चंद्रमा पर रोवर की विचरण क्षमताओं का अवलोकन और प्रदर्शन। चंद्रमा की संरचना को बेहतर ढंग से समझने और उसके विज्ञान को अभ्यास में लाने के लिए चंद्रमा की सतह पर उपलब्ध रासायनिक और प्राकृतिक तत्वों, मिट्टी, पानी आदि पर वैज्ञानिक प्रयोग करना। सारी दुनिया की निगाहें चंद्रयान-3 पर टिकी थीं इस सफलता के साथ ही भारत चांद के दक्षिणी ध्रुव पर लैंड करने वाला पहला देश बन गया है.और चांद पर सॉफ़्ट लैंडिंग करने वाला चौथा देश बन गया है. इससे पहले रूस, चीन और अमेरिका ने चंद्रमा पर सॉफ़्ट लैंडिंग की है।लेकिन इन सबका काम भूमध्यरेखीय क्षेत्र में था. विक्रम लैंडर ने दक्षिणी ध्रुव के क़रीब सॉफ़्ट लैंडिंग की है जो भारत के लिए बहुत गर्व की बात है वैज्ञानिकों के प्रति धन्यवाद देने वालो मे जिलाध्यक्ष चन्द्रकेतु सिंह सांसद कविता सिंह, जदयू0 के वरिष्ठ नेता अजय कुमार सिंह, जिला परिषद अध्यक्षा संगीता यादव, राज्य परिषद सदस्य निकेश चंद्र तिवारी, बब्लू चौहान, सैयद नजमुल होदा, प्रो0 अभय सिंह, जिला प्रवक्ता सुनील कुमार, रहमतुल्लाह अंसारी संजय सिंह, अरुण सिंह आदि शामिल रहे।

## हरिजन एक्ट में गद्दार पंचायत के पूर्व मुखिया गिरफ्तार



**सिवान**। सिवान जिले के हुसैनगंज थाना क्षेत्र के गडार पंचायत के मुखिया मनोज कुमार को पुलिस ने हरिजन एक्ट मामले में गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में थाना अध्यक्ष कुमार वैभव ने बताया कि पूर्व वार्ड कर पार्षद शिवनाथ राम के द्वारा पूर्व मुखिया पर हरिजन एक्ट का मामला दर्ज किया गया था। जिसको लेकर मुखिया फरार चल रहे थे। जिनको हुसैनगण चटटी से गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया गया। बताते चलें की गिरफ्तारी के बाद मुखिया समर्थकों के द्वारा जमकर थाने पर हो हल्ला भी किया गया। समर्थकों ने बताया कि पूर्व मुखिया को फसाने की साजिश से फर्जी हरिजन एक्ट किया गया है ।वहीं इस मामले में थाना अध्यक्ष ने बताया कि यह मामला कोर्ट का है। वारंट था गिरफ्तारी की गई।

# निर्माण के चार माह बाद ही ध्वस्त हुआ पुलिया



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता नरकटियागंज**। प्रखंड के नौतनवा पंचायत एवं केसरिया पंचायत को जोड़ने वाली रोहुआ नदी पर बना पुलिया 4 माह में ही क्षतिग्रस्त हो गया है। पुलिया के एप्रोच सड़क धंस कर गढ्ढा बन गया है। जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। जिसको लेकर फुलवरिया गांव एवं हसनापुर गांव के ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामीण आफताब आलम, शेख फिरोज, शेख असलम, शेख तबरेज, आलमगीर अंसारी, शेख अब्बास, शेख अफरोज, लाल बाबू बैठा, सुदर्शन साह, ब्रह्मदेव साह, शेख मोहाब, वजीर अंसारी आदि ने बताया कि रोहुआ नदी पर बना बड़ा पुलिया बाढ़ के समय से ध्वस्त है। पुलिया के निर्माण के लिए वे लोग कई बार प्रशासनिक अधिकारियों के पास आवेदन दिए थे। लेकिन ध्वस्त पुलिया का ठीक नहीं कराया गया। इधर सड़क निर्माण कंपनी एंव पुल पुलिया निर्माण कंपनी जब काम करना शुरू किए तो उनको लगा कि उनकी समस्या दूर होगी। लेकिन ठिकेदार द्वारा मनमानी ढंग से सड़क निर्माण कार्य कराया गया। ध्वस्त पुलिया को बिना बनाएं उसके उपर से सड़क निर्माण कार्य शुरू किया गया है। अप्रैल माह में सड़क बन भी गया। लेकिन चार माह बाद ही सड़क पूरी तरह से ध्वस्त हो गया और पुलिया भी क्षतिग्रस्त होने के कगार पर है। सड़क धंस जाने से कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि जब ठिकेदार से सड़क के प्राकलन बोर्ड लगाने तथा इसके बारे में पुछा गया तो वह कुछ भी बताने से इंकार कर गया था। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि रोहुआ नदी पर चार माह पहले पुलिया निर्माण कराया गया, पुलिया का एप्रोच सड़क भी बना लेकिन ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया। जो एक वर्षात भी नहीं झेल पाई। उन्होंने प्रशासन से मांग किया है कि इसकी जांच कर उचित कार्रवाई करें। ग्रामीणों ने बताया कि रोहूआ नदी हर साल बरसात में भारी तबाही मचाती। वहीं ध्वस्त पुलिया एवं धंसे हुए सड़क की स्थिति काफी दयनीय है। वो कभी भी गिर सकता है। ग्रामीणों ने प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए जांच की मांग उठाई है। वही इस संदर्भ में ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच के लिए कनीय अभियंता और सहायक अभियंता को भेजा जा रहा है। इस संबंध में उन्हें आवश्यक निर्देश दिया गया है। जांचोपरांत आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## नरकटियागंज में लंपि वायरस बीमारी का कहर

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता नरकटियागंज**। प्रखण्ड अंतर्गत ग्रामीण इलाके में इन दिनो पशुओ में लंपी वायरस रोग कहर बरपा रहा है। प्रखंड में जहां हजारो पशु इस बीमारी की चपेट में है वही गुरूवार को धुमनगर मटियरिया पंचायत के जमुनिया गांव निवासी किसान अशोक मिश्र की गाय लंपी बीमारी से मर गयी। वो पिछले दस दिनो से इस बीमारी से पीड़ित थी। किसान अशोक मिश्र ने बताया कि लंपी बीमारी से बचाव के लिए वे पशुपालन विभाग में गये लेकिन कोई मदद नही मिली। प्राईवेट से इलाज करवाया फिर भी वे गाय को नही बचा सके। इसी तरह राजपुर मठिया के राधेश्याम मिश्र की भी गाय करीब एक सप्ताह पहले इसी बीमारी के चलते मर गयी। प्रखंड के राजपुर तुमकड़िया, भेड़िहरवा, शेरहवा, चमुआ, समेत पुरे प्रखंड में लंपी वायरस की चपेट में आने से लोगो के पशु मर रहे हैं। बता दें कि लम्पी स्किन वायरस एक वायरल त्वचा रोग है जो मुख्य रूप से जानवरों को प्रभावित करता है। यह खून चूसने वाले कीड़ों, जैसे मक्खियों, मच्छरों की कुछ प्रजातियों और किलनी से फैलता है। लंपी के शुरुआती लक्षण में पशुओं को बुखार हो जाना, त्वचा पर गांठ पड़ जाती है और मौत भी हो सकती है।

## गुठनीः बाजार में जाम की समस्या से कब मिलेगा निजात

**गुठनी सीवान**। नगर पंचायत के मुख्य बाजार की सड़कों पर लगने वाले भीषण जाम की समस्या से निजात मिलने की उम्मीद धीरे-धीरे कम होती जा रही है। हालांकि मुख्य बाजार की सड़कों पर अतिक्रमण मुक्त कराने की स्थानीय प्रशासन का अभियान भी ठंडे बस्ते में चला गया है। मुख्य बाजार के सड़क पर लगने वाले अतिक्रमण पर नगर पंचायत और स्थानीय प्रशासन पूरी तरह चुप्पी साधे हुए हैं। करीब 2 किलोमीटर लंबे इस बाजार पर घंटों तक जाम लगा रहता है। जिससे आम इंसानों के साथ साथ दुकानदारों को भी काफी फजीहत होना पड़ता है। इसके बावजूद स्थानीय प्रशासन ने अतिक्रमण के खिलाफ कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। मिली जा जानकारी के अनुसार गुठनी बाजार में आसपास के 2 दर्जन से अधिक गांव के लोग आते हैं। जिनमें बलुआ, तिरबलुआ, खड़ौली, मैरिटार, डुमरहर, केवटलिया, बिहारी, गोहरुआ, सोनहुला, सोहगरा, किशनपुरा, खिरौली, टड़वा, भरौली, खिरौली, टेकनिया, बिसवार, चकरी, श्रीकरपुर, सेलौर से लोग अपनी आवश्यकताओं के समान खरीदने आते हैं। जबकि यूपी के लार, चुरिया, मायापुर, मानिकपुर, मेहरौना, फतेहाबाद से लोग आते हैं। मुख्य बाजार में लगता है भीषण जाम मुख्य बाजार में एक किलोमीटर लम्बा जाम लगने से लोग घण्टो जाम में फंस जाते हैं। ग्रामीणो का कहना है कि जाम गुठनी चौराहे, तेनुआ चौराहा, मटिकोडवा, पटेल चौक, कसेरा टोला, निम्तल्ला चौक, सोनार टोली में भीषण जाम लगा रहता है। लोगो की माने तो दुकान के सामने कंक्रीट, पर्दा, समान, वाहन खड़े कर देने से यह जाम लग जाता है। इस संबंध में मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी का कहना है कि इसके लिए पलक रूपरेखा तैयार की जा रही है। जिससे आने वाले दिनों में जाम से निजात दिलाया जा सके।

## स्थानीय प्रशासन ने लोगो को जारी किया है नोटिस

**गुठनी** । बाजार में जाम और अतिक्रमण के खिलाफ स्थानीय प्रशासन ने लोगों के खिलाफ नोटिस जारी किया है। इस संबंध में सीओ शंभूनाथ राम का कहना है कि सन 2021 में करीब 327 लोगों के खिलाफ नोटिस जारी किया गया है और उनसे सड़क के किनारे किए गए अतिक्रमण व उससे जुड़ी समस्याओं को तुरंत हटाने का निर्देश दिया गया है। उनका कहना था कि ऐसे लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। गुठनी से चंद्र प्रकाश दूबे की कलम से।

## बीपीएससी शिक्षक परीक्षार्थियों की उमड़ी भीड़

**सिवान संवाददाता** । बीपीएससी से गुरुवार और शुक्रवार को होने वाले परीक्षा को लेकर सिवान जंक्शन रेलवे स्टेशन पर हजारों की संख्या में परीक्षार्थियों की भीड़ होने की सूचना मिली है। बताया जा रहा है कि रेलवे स्टेशन पर पैर रखने का जगह नहीं था। जिसमें अभ्यार्थियों के जमकर भीड़ करने से प्लेटफार्म नंबर एक ,प्लेटफार्म नंबर दो, प्लेटफार्म नंबर 3 समेत आने जाने का रास्ता घंटों जाम रहा। बताते चलें कि बिहार में शिक्षक बहाली को लेकर बीपीएससी से परीक्षा सुबह 7:30 बजे से थी। जिसको लेकर पहले सुबह 4:00 बजे से ही रेलवे स्टेशन पर जमकर भीड़ उमड़ पड़ी। जिसको लेकर आने जाने वाले यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

## परीक्षा केंद्र पर हुआ हंगामा, लगभग 2 घंटा रहा बावल



**सिवान संवाददाता** । सिवान जिला मुख्यालय के एक परीक्षा केंद्र पर जमकर हंगामा किए जाने का मामला सामने आया है। जिसमें हंगामा कर रहे परीक्षार्थियों ने कोई आरोप लगाए हैं। बाद में मामले की सूचना पाकर सिवान एसडीएम रामबाबू बैठा मौके पर पहुंचे तथा मामले को संभाला। बताते चलें कि बीपीएससी शिक्षक बहाली परीक्षा गुरुवार को सिवान में हो रही थी। इसी दौरान एक परीक्षा केंद्र पर शिक्षक अभ्यर्थियों ने जमकर बवाल काटा। जहां लगभग 2 घंटे परीक्षा केंद्र पर बवाल होने की सूचना दी गई। मौके पर एसडीएम रामबाबू बैठने पहुंचकर मामले को संभाल परीक्षार्थियों को का आरोप था कि यहां बायोमेट्रिक सिस्टम नहीं लगाया गया है। जिसको लेकर परीक्षार्थियों में नाराजगी देखी गई वहीं कई मामले को लेकर परीक्षार्थी हो हल्ला करते हुए नजर आ रहे थे।

**शुभकामनाए** प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण होकर अपने विद्यालय सहित प्रखंड क्षेत्र का नाम रोशन किया

# बढ़ाया मानः गायक प्रवीण मिश्रा (बुलबुल) के बेटे ने नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा की पास

**सिवान**। जिले के चनउर स्थित विग्यानंद केंद्रीय विद्यालय के छात्र और सुदूर ग्रामीण क्षेत्र मैरवा गांव के गायक प्रवीण मिश्रा (बुलबुल) का पुत्र ऐश्वर्य मिश्रा ने नवोदय आवासीय विद्यालय के प्रवेश परीक्षा 2023 में उत्तीर्ण होकर अपने विद्यालय सहित प्रखंड क्षेत्र का नाम रोशन किया है। बच्चें की उज्ज्वल भविष्य के लिए लोगों ने ढेरों शुभकामनाएं दी। प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण हुए ऐश्वर्य मिश्रा ने इसका श्रेय व प्रेरणा अपने दादा डा0सुरेंन्द्र मिश्र, दादी कृष्णावती देवी,माता बंदना देवी पिता प्रवीण मिश्रा (बुलबुल) और विद्यालय के निर्देशक सह प्रधानाध्यापक विलास गिरी व विद्यालय के अन्य शिक्षकों को दिया है। बुधवार को पत्रकार से खास बातचीत के क्रम में मेधावी छात्र ऐश्वर्य ने बताया कि विद्यालय के शिक्षकों खासकर विजय दुबे व शत्रुधन पाण्डेय सर के मार्गदर्शन से यह सफलता उन्हें मिली। ऐश्वर्य ने बताया कि वे अच्छी पढ़ाई कर डॉक्टर बनना चाहता है। लॉकडाउन की वजह से पिछले तीन महीने से विद्यालय व छात्रावास बंद होने पर अपने विद्यालय के छात्र नवोदय विद्यालय प्रवेश पास होने की जानकारी पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक विलास गिरी ने विद्यालय में छात्र को मुंह मीठा कराया साथ ही उज्वल भविष्य की शुभकामना देते हुए उपहार भेंट किया। मौके पर शिक्षक जेसी मैडम, बेबी पींकी मैडम, प्रमिला मिश्रा, बेबी मैडम ,अलका, कमलेश प्रसाद, आशुतोष मिश्रा ने बताया कि ऐश्वर्य उनके विद्यालय का मेधावी व होनहार छात्र था। वह हमेशा अपने वर्ग में प्रथम स्थान लाता था।




# गोस्वामी तुलसी दास जी के 526 वें जयंती समारोह गंडक पार मे हुआ आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा**। गोस्वामी तुलसी दास जी के 526 वें जयन्ती के अवसर पर मधुबनी उच्च विद्यालय के पूर्व प्राचार्य पंडित भरत उपाध्याय के निज निवास पर बुधवार को श्रेष्ठ विद्वानों की एक साहित्यिक संगोष्ठी आयोजित की गई। इस अवसर पर अपने व्याख्यान में पूर्व प्राचार्य ने कहा कि संवत 1554 में श्रावण शुक्ल पक्ष की सप्तमी को अभुक्त मूल नक्षत्र में 'मानस कवि संत श्री गोस्वामी तुलसीदास जी का जन्म हुआ था। जन्म के समय बालक तुलसी के कंठ से रूदन नहीं, वरन मुख से राम शब्द निकला था। जिसके कारण वह रामबोला कहलाए।गोस्वामीजी ने अपने जीवन में अभाव और पीड़ा की अनुभूति की थी। ऐसे समय में उन्हें नरहरिदास के रूप में एक संत जैसे गुरु का आश्रय मिला। समाज जिसे ठुकरा देता है। लेकिन संत उसे स्वीकार करते है। उन्होंने बालक तुलसीदासजी को रामनाम की महिमा बताई। उन्होंने कहा की पुत्र,स्वार्थ और परमार्थ की सिद्धि एकमात्र रामनाम से होती है। तुम रामनाम का आश्रय लो। गुरुजी अपने आश्रम में नित्य रामायण की कथा सुनाया करते थे। गोस्वामीजी भी नित्य कथा श्रवण करते थे। गोस्वामीजी ने रामनाम और रामकथा दोनों को अपने जीवन की अमूल्य थाती बना लिया। बाद में गोस्वामीजी एक सिद्ध संत के रूप में प्रसिद्ध हो गए। जिनके पिता पंडित आत्माराम और माता तुलसी होंगी तो पुत्र निश्चित ही तुलसी होगा। राम भरोसो राम बल ,राम नाम विश्वास,सुमिरत शुभ मंगल कुशल ,मांगत तुलसीदास। इस अवसर पर विद्वान मानस वक्ता पंडित रमाशंकर पांडे सहित संगोष्ठी में आचार्य नीरज शांडिल्य,आचार्य उपेंद्र पांडे एवं पंडित विजय नंद चतुर्वेदी ने भी व्याख्यान प्रस्तुत की। शशांक मणि त्रिपाठी, सोनू तिवारी, बृजेश कुमार सिंह, रंजीत यादव, दिनेश गुप्ता ने भी उत्साह पूर्वक संगोष्ठी में भाग लिया।

## ख़ास ख़बर

### नहाने के करने में डूबने से 9 साल के बालक का मौत



**मासूम राजा दैनिक शुभ भास्कर।** आज नाम 24 अगस्त 2023 को जोकीहाट थाना केसरिया पंचायत धुबरी गांव वार्ड नंबर 11 में शिवम नाम के 9 साल का बच्चा स्कूल से घर वापस हुए इसी क्रम में दो-चार बच्चा मिलकर नहाने घर के बगल तालाब में गया इसी क्रम में शिवम नाम का बच्चा तालाब में डूब गया कल तीन साढे तीन के करीब में डूबा था जब घर के परिजनों को मालूम हुआ तो वह आनन फानन में तालाब में खोज बिन शुरू किया लेकिन नहीं मिला उसके बाद रेस्क्यू टीम पहुंचा वह भी खोजबीन किया लेकिन नहीं मिला तब आज जाकर फिर अररिया से रेस्क्यू टीम पहुंचा तो बच्चा अचानक पानी से ऊपर आया उसके बाद थाना को मालूम हुआ वह सब को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल एरिया लाया साथ में मेंबर सुरेश कुमार मांझी वह अपने साथ में लेकर आए सर सारा परिक्रिया वह अपने निगरानी में कर रहे हैं और अपने पॉकेट से पैसे भी लगाकर कफन लकड़ी वगैरा दे रहे हैं और वह यह भी कहे की हम आपदा मंत्री से भी बात कर चुके हैं मृतक के परिवारों को सरकारी लाभ मिले ताकि गरीब गरीबी में कुछ सहायता हो जाए और हम लोग भी प्रयास कर रहे हैं जहां तक होगा लाभ दिलाने का सरकारी लाभ दिलाने दिलाएंगे और अपने पॉकेट से भी होगा देंगे क्योंकि इस बच्चे का पिता कुछ दिन पहले ही मर चुका है कमाने वाला कोई नहीं है सिर्फ मन है दो भाई एक बहन है इसलिए हम लोग सोचते हैं की सरकारी लाभ मिल जाएगा तो कुछ फायदा हो जाएगा

### चंद्रयान 3 के मिशन में शामिल था परसुडीह का आशीष शर्मा, परिवार में खुशी की लहर



**दैनिक शुभ भास्कर, रंजीत राणा ब्यूरो चीफ|पूर्वी सिंहभूम।** झारखंड 24 अगस्त 2023 - परसुडीह शिव मंदिर के पास रहने वाले कन्हैया शर्मा का बेटा आशीष शर्मा भी उस टीम में शामिल था, जिसने चंद्रयान 3 को चांद पर लांच किया. इस लांचिंग की पूरी दुनिया में चर्चा है. चंद्रयान 3 की टीम में शामिल आशीष कुमार शर्मा ने जमशेदपुर ही नहीं बल्कि पूरे झारखंड का मान बढ़ाया है. इस टीम में शामिल होने और चंद्रयान 3 की सफलता से पूरा देश जहां खुशियां मना रहा था, वहीं, परसुडीह के शिव मंदिर के पास रहने वाले कन्हैया शर्मा का परिवार भी खुशी से झूम रहा था. दरअसल, कन्हैया शर्मा लाफार्ज सीमेंट में एसोसिएट के तौर पर काम करते है. आशीष कुमार शर्मा परसुडीह के रहने वाले है और अभी कंपनी की ओर से मिले सिदगोड़ा बारा फ्लैट के अपने क्वार्टर में रहते है. आशीष कुमार शर्मा बर्मामाइंस स्थित आरके मिशन में स्कूली पढ़ाई पूरी की. इसके बाद वह नेताजी सुभाष पब्लिक स्कूल पोखारी से प्लस टू की डिग्री हासिल की. उसके बाद उन्होंने एनआइटी जमशेदपुर से बीटेक की डिग्री ली, जहां से उसका चयन 2016 में इसरो में बतौर साइंटिस्ट हुआ. उसके बाद से वह इसरो में लगातार काम कर रहा है. उनकी मां प्रतिमा देवी है, जबकि भाई अमित शर्मा आइआइएम अहमदाबाद में पऑाई कर रहा है. आशीष शर्मा की शादी इंजीनिर प्रीति शर्मा से हुई है. अमित शर्मा की मां और दादी के अलावा पिता भी खुश है. वे लोग गर्व महसूस कर रहे है. उनके पिता ने बताया कि यह गौरव का क्षण है, जिसको वे शब्दों में बयां नहीं कर सकते है. उनकी दादी ने कहा कि पोते ने काफी बढ़िया काम कर दिया है. हम लोग काफी खुश है.

### चन्द्रयान के सफल लैंडिंग पर भाजपा जिलाध्यक्ष नें वैज्ञानिक को दी बधाई



**दैनिक शुभ भास्कर,सुभाष चंद्र झा, सहरसा।** चन्द्रयान 3 के चन्द्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक उतरने पर जिला भाजपा में हर्ष व्याप्त है। भाजपा जिलाध्यक्ष दिवाकर सिंह ने इस सफलता के लिए इशरो के सभी वैज्ञानिकों को बधाई दी है। साथ ही साथ जब चन्द्रयान 2 जब फैल हो गया था। तब भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसरो के वैज्ञानिकों को ढाढस बंधकर हौसलाअफजाई की और आगें बढने के लिए प्रेरित किया था। जिसका नतीजा सामने है। मोदी जी के साथ एवं सहयोग से मात्र 4 वर्ष में पुनः चन्द्रयान 3 को सफलता पूर्वक भेजने में वैज्ञानिकों ने सफलता पाई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं सभी वैज्ञानिकों को बधाई एवं साधुवाद भारत को विश्व में स्थान दिलाने के लिए। बधाई देने वालों में भाजपा जिला उपाध्यक्ष शिव भूषण सिंह, रितेश रंजन, श्री कृष्ण झा, सिद्धार्थ सिंह सिदधु, जिला महामंत्री बिनय झा,मनोज यादव, जिला मंत्री पंकज पाठक,राजीव रंजन साह, मनीष कुमार, मुकेश मानस, पुजा सिंह राठौर, रिंकी देवी, सुमित सिन्हा एवं रघुनंदन शर्मा ने बधाई दी है।

# गुड़ाबांधा में फिर से जारी है पन्ना का अवैध उत्खनन, तीन गिरफ्तार



**दैनिक शुभ भास्कर, रंजीत राणा ब्यूरो चीफ,पूर्वी सिंहभूम।** झारखंड 24 अगस्त 2023 - गुड़ाबांधा में अवैध पन्ना उत्खनन का एक और मामला सामने आया है. वहां काफी मात्रा में पन्ना का भंडारण है, लेकिन उसका कोई बंदोबस्ती नहीं होने के कारण अवैध खनन हो रहा है. गुड़ाबांधा पुलिस ने अवैध तरीके से पन्ना का उत्खनन करने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार लोगों में बरुनमुठी गांव निवासी दीप रत्न सोरेन, लालमोहन किस्कू और कुड़ियान निवासी बाबूलाल पूर्ति उर्फ टोरी शामिल है. इन लोगों के पास से 94 ग्राम का पन्ना पत्थर को बरामद किया है. इसके अलावा पन्ना का उत्खनन करने वाले औजार को बरामद किया गया है. इन सारे लोगों को घाटशिला जेल भेज दिया गया है.

**गुड़ाबांधा में हो रहा अवैध खननः** जमशेदपुर के घाटशिला अनुमंडल मुख्यालय से करीब 70 किलोमीटर दूर ओड़िशा सीमा से सटे गुड़ाबांधा प्रखंड की धरती के भूगर्भ मेंकरीब 6700 किलो पन्ना पत्थर का भंडार है. इसकी कीमत अरबों में आंकी जा रही है. गुड़ाबांधा का पन्ना हाई क्वालिटी का है. पत्थर कारोबारियों की मानें तो यहां का पन्ना एक रत्ती यानी 182.25 मिलीग्राम का है, जिसकी कीमत करीब 5000 रुपये रत्ती है. इस हिसाल से एक किलो पन्ना का मूल्य 2 करोड़ 74 लाख 34 हजार 842 रुपये होता है. लेकिन चूंकि, सरकार की ओर से ध्यान नहीं दिया जा रहा है, इस कारण इसका उत्खनन अवैध तरीके से करायी जा रही है. गुड़ाबांधा प्रखंड के बारुनमुठी और थुरुकुडगोड़ा का कराये गये अध्ययन में पाया गया था कि यहां 6000 किलो और बाउटिया में 700 किलो पन्ना का भंडार है. इसकी रिपोर्ट के बावजूद ना तो केंद्र सरकार और राज्य सरकार की ओर से किसी तरह को टेंडर दिया गया है और ना ही शिकायत की गयी है.

## राष्ट्रीय जनता दल शिक्षक प्रकोष्ठ प्रदेश प्रवक्ता पद पर डॉ.सुमंत राव नियुक्त



**अजय कुमार,दैनिक शुभ भास्कर सहरसा।** जनता दल के शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रवक्ता की जिम्मेदारी भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा अंतर्गत आर.एम.कॉलेज, सहरसा के राजनीति विज्ञान विभाग के अतिथि सहायक प्राध्यापक डॉ. सुमंत राव उर्फ बबलु सम्राट को दिया गया है। राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री लालू प्रसाद यादव, बिहार के उपमुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव के निर्देश एंव राजद के प्रदेश अध्यक्ष श्री जगदानन्द सिंह के परामर्शनुसार शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कुमर राय ने प्रदेश प्रवक्ता का एक मनोनयन पत्र जारी कर यह जानकारी दिए है। बबलु सम्राट छात्र जीवन से ही राजद से जुड़े हुए है। पटना विश्वविद्यालय के संघर्षशील छात्र नेता में इनका नाम सर्वोच्च स्थान पर है। धरना, प्रदर्शन और आंदोलन के माध्यम से छात्र राजनीति में काफी लोकप्रिय थे। मूल रूप से सहरसा जिला के सौरबाजार प्रखंड के ग्राम-पंचायत चंदौर के निवासी है। भ्रष्टाचार के खिलाफ विगत एक दशक से जन सेव द डेमोक्रेसी अभियान के माध्यम से पूरे बिहार में काफी सक्रिय है। डॉ.सुमंत राव पटना विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एंव जनसंचार से मास्टर डिग्री के साथ-साथ पटना लॉ कॉलेज से विधि स्नातक भी है। प्रदेश अध्यक्ष कुमर राय ने बताया कि डॉ.सुमंत राव शिक्षक प्रकोष्ठ को पूरे बिहार में मजबूती के साथ संगठित और शिक्षक समस्या पर समाधान करने का कार्य करेंगे। इनके मनोयन पर राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व मंत्री श्री श्याम रजक, टी.पी. कॉलेज मधेपुरा के डॉ. ब्रजेश सिंह, डॉ.संतोष कुमार सेठी, पार्वती साइंस कॉलेज,मधेपुरा के डॉ.अरुण प्रसाद अमन, कॉमर्स कॉलेज, मधेपुरा के साधना कुमारी डॉ.नूरुद्दीन,आर.एम. कॉलेज, सहरसा के डॉ. स्वेता शरण, डॉ.अक्षय कुमार चौधरी, डॉ.कविता सिंह, पटना विश्वविद्यालय के डॉ. विद्यानंद विधाता, डॉ.मंजीत कुमार, डॉ. विवेक कुमार ने बधाई दिए है।

## एक बार फिर से जंगलराज का ट्रेलर दिखाई दे रहा बिहारः जिशू सिंह



**दैनिक शुभ भास्कर ,सुभाष चंद्र झा,सहरसा।** राष्ट्रीय लोक जनता दल के प्रदेश महासचिव शिवेन्द्र कुमार जिशु ने कहा कि बिहार एक बार फिर से जंगलराज का ट्रेलर दिखाई पड़ रहा है।वही बिहार अपराध का अपडेटेड वर्जन बन गया है।2005 के पहले वाला मंजर साफ - साफ दिखने लगा है मुख्यमंत्री जी। और आप कहते हैं अपराध कहां हो रहा है बिहार में। कहां से मिल रही अपराधियों को इतनी हिम्मत ? जहां कोई सुरक्षित नहीं है। हर रोज अपराधियों की गोली किसी न किसी परिवार के ऊपर गुजर रही है। बेखौफ अपराधियों के सामने प्रशासन नतमस्तक है। भैंस चोर दारोगा जी को गोली मार दे रहा है। अररिया में पत्रकार विमल यादव को घर में घुसकर गोली मार कर हत्या कर दी गई, इस बात को दर्शाती है कि अपराधियों का मनोबल किस कदर चरम पर है। मगर इससे न सरकार को फर्क पड़ता है और ना प्रशासन को। मुख्यमंत्री जी तो खुद जंगलराज के जनक की पीढ़ी को साथ में लेकर घूमते हैं। उन्हें बिहार में अपराध की घटना नजर ही नहीं आती, क्योंकि वे सत्ता स्वार्थ में घमंडिया गठबंधन की पार्टियां कर रहे होते हैं। नतीजा प्रदेश की जनता त्राहिमाम कर रही है क्योंकि उन्हें अपराधियों के त्रास का शिकार होना पड़ रहा है।

# 31अगस्त को सिद्ध योग में रक्षाबंधन मनाना उचितःज्योतिषाचार्य पं तरुण झा



**दैनिक शुभ भास्कर ,सुभाष चंद्र झा,सहरसा।** ब्रज किशोर ज्योतिष संस्थान के संस्थापक एवं निर्देशक ज्योतिषाचार्य पं तरुण झा के अनुसार मिथिला विश्वविद्यालय पंचांग के अनुसार,31 अगस्त को सबेरे ईश्वर को घर के श्रेष्ठ व्यक्ति को रक्षा सूत्र 07.53 सवेरे से पहले अर्पित जरूर करनी चाहिए एवं तत्पश्चात पुरे दिन बहन अपने भाई को राखी बांध सकती है।शास्त्र के अनुसार, जिसका उदय होता है उसी का अस्त होता है। इस बार श्रावण पूर्णिमा 30 अगस्त को 10.19 सवेरे से शुरू होकर 31 अगस्त को 07.53 बजे तक रहेगी लेकिन 30 अगस्त को देर रात 09.04 तक भद्रा रहने के कारण ये उदया तिथि की पूर्णिमा 31 अगस्त को ही सुबह से पुरे दिन रक्षाबंधन होगा।रक्षाबंधन के दिन कलाई पर बांधा गया राखी का धागा सिर्फ एक धागा नहीं होता बल्कि यह भाई बहन के अटूट प्रेम का सूत्र होता है। बहन अपने भाई को राखी इसलिए भी बांधती है ताकि उसके जीवन पर किसी भी प्रकार कोई संकट न आ सके।बहन इस दिन अपने भाई के लिए व्रत रखती है और तब तक कुछ भी नही खाती जब तक वह अपने भाई को राखी न बांध दे।उन्होंने राखी बांधने से पहले इस मंत्र को बोले येन बद्धो बली राजा दानवेन्द्रो महाबलः।तेन त्वामनुबध्नामि रक्षे मा चल मा चल।।

### मधेपुरा सांसद दिनेशचंद्र यादव जदयू राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत



**सहरसा/ मधेपुरा,अजय कुमार।** मधेपुरा के सांसद दिनेश चन्द्र यादव को जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य मनोनीत होने पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार,जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह के प्रति आभार व्यक्त कर बधाई दी है।उक्त मनोयन पर नगर परिषद की पूर्व सभापति सह जदयू की वरिष्ठ नेत्री श्रीमती रेणु सिन्हा,पूर्व विधायक डॉ अरुण कुमार यादव,जिला अध्यक्ष चन्द्रदेव मुखिया, प्रदेश महासचिव सह सांसद प्रतिनिधि जनाब अंजुम हुसैन,प्रो. हरिनारायण यादव,अनवार आलम,बिंदु कुमार निराला,रमेश चंद्र यादव अमर यादव,सुशील यादव,युवा जिला अध्यक्ष विनय यादव,विनीत यादव,प्रवक्ता डॉ. लुतफुल्लाह,देवेन्द्र देव,दिनेश पासवान, मानवेंद्र ठाकुर,ओवैस करनी उर्फ चुन्ना,शेर अफ़ग़ान मिर्ज़ा,गणेश गौरभ,सीमा गुप्ता,अनुजा मिश्रा,स्मिता सिन्हा,गौरव बंटी,अभिषेक रिक्की उर्फ बाबू,नीरज यादव,अमरेंद्र यादव,समस्त जदयू के कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

### मिशन चंद्रयान-3 से भारत समेत दुनिया को काफी उम्मीदें रही




**सिकंदरपुर, बलिया।** मिशन चंद्रयान-3 से भारत समेत दुनिया को काफी उम्मीदें रही। चंद्रमा की सतह पर चंद्रयान-3 के लैंड करते हुए देखने के लिए लोगों में काफी उत्साह रहा। पूर्व निर्धारित समय अनुसार बुधवार की शाम को विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के बीच काफी उत्साह देखा गया। स्थानीय नूरजहां मुस्लिम गर्ल्स इंटर कॉलेज के सभागार में चंद्रयान-3 की चंद्रमा पर लैंडिंग देखने के लिए समुचित व्यवस्था की गई थी। विद्यालय के कंप्यूटर विशेषज्ञ रेयाज अहमद व आसिफ खान ने लाइव प्रसारण दिखाने का व्यापक व्यवस्था किया था, जिसमें विद्यालय की छात्राओं सहित अन्य छात्र भी चंद्रयान-3 को चंद्रमा पर उतारते हुए देखने का गवाह बने। इस दौरान मैनेजिंग इंचार्ज नजरुल बारी ने बताया कि यह हमारे देश तथा हम सबके लिए गर्व की बात है कि आज हम चंद्रमा की सतह पर पहुंच गए हैं। इसके लिए उन्होंने देश के वैज्ञानिकों को इस उपलब्धि के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान प्रिंसिपल संतोष शर्मा, मनोहर कुमार, नाहिद फातिमा, तमन्ना परवीन, सफिया खातून, लायबा परवीन, नफीसा खातून, यासमीन खातून, हेना कैसर सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### अररिया नगर थाना पुलिस से सफेतुल्ला ने लगाई न्याय की गुहार



**दैनिक शुभ भास्कर, नेशनल ब्यूरो, सरफराज आलम, अररिया।** अररिया नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत जीरोमाइल से पूरब पुल के पास यह घटना घटी है मारपीट और पैसे छीनने का मामला सामने आया है आपको बता दें कि पीड़ित मो, सफेतुल्ला उम्र 35 वर्ष पिता स्व मुर्तजा आलम सा०बोची वार्ड नं 4 बकरा टोला थाना बेरगाछी वह जिला अररिया का निवासी है सफेतुल्ला ने अपने लिखत आवेदन में बता की रोज की तरह वह अपना दुकान बंद कर घर जा रहा था कि पहले से घात लगाए बैठे मो, तारिक उम्र 35 वर्ष पिता मो,बहरुद्दीन सा०मिर्जाभाग वार्ड नं 3 वही दुसरा 2 मो शोएब उम्र 38वर्ष पिता मो जफर सा, बेलवा वार्ड नं 3 तीसरा 3। मो,रईस उम्र 34वर्ष पिता जफर सा, बेलवा वार्ड नं 3 सभी ने बेलवा पुल के पास मुझे अपने मोटर साईकिल से जबरन घिच कर निचे गिरा दिया और लातमुक्का से मुझे मरने लगा और मेरे पैकेट से मो रईस ने 32हज़ार रुपिया निकाल लिया और वही मो,सोएब हाथ पकड़ कर रोड पे घिसटने लगा वही मो तारिक ने लोहे के रड से मेरे गले पर वॉर क्या जिसमे मेरा हसली टूट गया और मेरा मोबाइलजो की vivo कम्पनी का था सिम नंबर7761084711है वह भी छिन लिया।

**प्रशिक्षण,** प्रशिक्षक के रूप में मौजूद रहे, कुंग फू वुशु बिहार चीफ जाहिद खान टाइगर

# रतनसार के आवासीय दिव्य एकेडमी परिसर में आयोजित हुआ कराटे का प्रशिक्षण



**छातापुर।सुपौल।** छातापुर प्रखंड क्षेत्र के ग्वालपाड़ा पंचायत अंतर्गत रतनसार वार्ड 11के आवासीय दिव्य एकेडमी परिसर में छात्र/छात्राओं को कराटे का प्रशिक्षण प्रशिक्षक कुंग फू वुशु बिहार चीफ जाहिद खान टाइगर और गौरव कुमार मेहता ने दिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय रत्नसार के प्रधानाध्यापक सुभाष यादव, पंचायत के मुखिया तथा सरपंच द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित और फीता काट कर किया गया।मौके पर दिव्य एकेडमी के प्रधानाध्यापक चंदन कुमार मेहता ने स्कूली छात्र/छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि कराटे का महत्व आजकल खासकर छात्राओं के लिए बेहद जरूरी है। श्री कुमार ने छात्र/छात्राओं को कराटे के बारे में बताते हुए समझाया कि आप अपना स्वयं रक्षा कैसे कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आए दिन खासकर लड़कियों के साथ छेड़खानी जैसे मामले सामने आ रहे हैं। अगर आप कराटे प्रशिक्षित हैं,तो आप अपना आत्मरक्षा कर सकेंगे।साथ ही उन्होंने कहा कि

एक विशेष चिंता ये भी है कि बच्चे नशा कर रहे है सरकार और समाज के लोगों को इस ओर भी ध्यान देना बहुत जरूरी है ताकि बच्चे नशा न कर सके जिससे बच्चों के बेहतर भविष्य का निर्माण हो सके। प्रशिक्षण में सीमा कुमारी,आकृति कुमारी,आशीष कुमार,आदित्य कुमार,प्रियांशु कुमार,विकाश कुमार,माही कुमारी,सुधा कुमारी, रूसी शर्मा,आरती कुमारी प्रिंस, दिलखुश सहित बड़ी संख्या में छात्र/छात्राओं ने प्रशिक्षण में भाग लिया। कराटे का प्रशिक्षण प्राप्त कर ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे काफी उत्साहित दिख रहे थे । इधर, दो दिवसीय (कार्यक्रम) प्रशिक्षण उपरांत बच्चों के टायलेंट को भी देखा गया। प्रतिभागी छात्र छात्रा कराटे समेत कई तरह के जम्प, अग्नि चक्र से पार आदि को प्रेक्टिकल रूप से लोगों को दिखाया। बच्चों के प्रतिभा को देखकर उनके अभिभावक भी गदगद दिखे। इधर, प्रशिक्षण के समापन पर प्रतिभागी छात्र छात्राओं को सर्टिफिकेट और मेडल देकर सम्मानित किया गया । मौके पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, स्कूली बच्चों के अभिभावक तथा शिक्षा विद थे।

# चांद की आकृति बना तिरंगा लेकर स्कूली बच्चों नें मनाया जश्न वैज्ञानिको की दी बधाई



**दैनिक शुभ भास्कर,सुभाष चंद्र झा, सहरसा।** बुधवार की शाम चंद्रयान 3 की चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग करने पर स्थानीय हटिया गाछी स्थित सहरसा पब्लिक स्कूल में बच्चों ने जश्न मनाया।सभी बच्चे आज घर से तिरंगा लेकर विद्यालय आए थे।आज के एसेंबली में दैनिक समाचार सुनाने वालो में चंद्रयान 3 की धूम रही। मुस्कुराते चेहरे तालियों की गूंज, हाथों में तिरंगा भारत माता की जय, भारत के वैज्ञानिक जिंदाबाद के नारों से पूरा स्कूल प्रांगण गुंज गया।बच्चों और शिक्षको ने इसरो और वैज्ञानिकों की प्रशंशा करते हुए उनका आभार प्रकट किया I प्राचार्य अवनीश कुमार वर्मा ने इस अवसर पर बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान 3 के लैंडर विक्रम और रोवर प्रज्ञान से लैस मॉड्यूल की सॉफ्ट लैंडिंग करनेवाला भारत विश्व का पहला देश बन गया। साथ ही चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग करने वाला चौथा देश बन गया।इस सफलता से बच्चों को सीखना चाहिए कि कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती है। अपने काम के प्रति अगर लगनशील रहोगे तो सफलता तुम्हारे कदम चूमेगी। पिछली बार हमें थोड़ी मायूसी हुई थी लेकिन हमारे वैज्ञानिकों ने नाकामी का रोना ना रोकर इसे सिद्ध कर दिखाया।भारत के वैज्ञानिक बधाई के पात्र हैं। जिन्होंने हमें ये ऐतिहासिक दिन दिखाया।अरविंद कुमार दास के संयोजन में हुए इस कार्यकर्म में पुरा विद्यालय परिवार भाग लिया। बच्चे आज चांद की आकृति बनाकर एसेबली में खड़े होकर वैज्ञानिकों को बधाई व शुभकामना दी।

## ख़ास ख़बर

### पटना के गंगा पथ पर रूमी के स्कॉर्पियो द्वारा जबरदस्त टक्कर से मौत पर कांग्रेस नेता ने अफसोस जाहिर किया



**किशनगंज (अली रेजा सिद्दिकी)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य इन्तेखाब आलम ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कल पटना में नवनिर्मित गंगा पथ पर रूमी के स्कॉर्पियो द्वारा जबरदस्त टक्कर से इंतकाल पर गहरा अफसोस जाहिर किया है। श्री आलम ने कहा कि कल रूमी की मौत ने मुझे झिंझौड़ दिया रात भर मुझे बेचैन सा रखा। सुबह होने का इंतजार करता रहा ताकि मैं उनके दोस्तों और रिश्तेदारों से बात कर सकूं। श्री आलम ने कहा कि पटना के पूर्व मेयर अफजल इमाम रूमी के बहनोई है और उनके दोस्त नवाब से फोन पर बात करके हाल-चाल लिया। इन्होंने कहा कि रूमी हमारे छोटे भाई जैसे था हमारा अपना छोटा भाई नवाब जिसके एक दर्जन दोस्त हैं जिसमें रूमी भी थे जो अब सभी को छोड़कर चले गए। जहां तक मैं समझता हूं एक दर्जन दोस्त की टोली जो लगातार एक साथ बैठना उठाना लगभग रोज़ का मामूल रहता है और कंकड़बाग के इलाके में साजिद रहमान की चाय की दुकान है जहां वह रोज शाम में मिलते हैं जिसमें पुलिस इंस्पेक्टर इरशाद,पत्रकार अरमान, शमीम अहमद, उर्फ गुड्डू , शमशाद आलम , तस्वीर ,हसरत ,मककू ,अशरफ , नौशाद का रोज का सिलसिला जाने आने का रहता है इसी क्रम में कल चार मोटरसाइकिल से नव निर्मित गंगा पथ से आ रहे थे। हालांकि रूमी मोटरसाइकिल बिल्कुल धीमी चलाते थे और संजीदगी से एक जिम्मेदार इंसान की हैसियत से अपनी गाड़ी को कंट्रोल में रखते थे लेकिन अल्लाह की मर्जी के सामने किसी की कुछ नहीं चलती। इन्होंने पटना जिला अधिकारी से मांग की है कि नवनिर्मित गंगा पथ पर पर्याप्त सीसीटीवी कैमरा लगाया जाए और जब तक दोनों लेन चालू ना हो तब तक गंगापुर का आवागमन बंद रखें। इन्होंने जिला प्रशासन से यह भी मांग की है कि पटना के सभी पुल पर पुलिस की तैनाती भी हो तैनाती भी हो। अल्लाह मरहूम को जन्नतुल फिरदौस में अल्लाह से आला मुकाम अता करें और उनके रिश्तेदारों और दोस्तों को सब्र दें।

### किशनगंज जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने अध्यापक प्रतियोगिता परीक्षा केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण

**किशनगंज।( अली रेजा सिद्दिकी)।** बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय अध्यापक प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन जिला मुख्यालय के कुल-10 परीक्षा केन्द्रों पर आज 24 अगस्त से प्रारंभ हो गया है। यह परीक्षा 25 अगस्त तक दो पालियों में संचालित की जायेगी। परीक्षार्थियों की कुल संख्या-7188 है। जिलाधिकारी, श्रीकांत शास्त्री द्वारा द्वितीय पाली में कई परीक्षा केन्द्रों औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान द्वितीय पाली में +2 बालिका उच्च विद्यालय,इंटर उच्च विद्यालय,नेशनल हाई स्कूल,लाइन उर्दू मध्य विद्यालय किशनगंज का निरीक्षण किया गया तथा प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, केन्द्राधीक्षक एवं वीक्षक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। इस क्रम में जिलाधिकारी द्वारा ई-एडमिट कार्ड, बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन और फेशियल रिकग्निशन, सीटिंग प्लान, फ्रिक्सिंग स्थल, सीसीटीवी कैमरा, जैमर, वीडियोग्राफी, साफ-सफाई आदि का जायजा लिया गया। लाइन उर्दू मध्य विद्यालय में परीक्षार्थियों की सुविधा को लेकर डीएम सख्त दिखे।केंद्र पर पर्याप्त रौशनी आदि की व्यवस्था में सुधार का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने कहा कि बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशों का अशरक्षः अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। हर हाल में शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त परीक्षा का संचालन किया जाय। कदाचार में शामिल छात्र-छात्राओं सहित अन्य व्यक्तियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाय। उनके विरूद्ध नियमानुकूल कार्रवाई की जाय। बता दें कि प्रथम पाली की परीक्षा में भी डीएम और एसपी ने संयुक्त रूप से कई केंद्र का निरीक्षण किया था।जिले के प्रभारी सचिव दिवेश सेहरा के द्वारा इस परीक्षा का पर्यवेक्षण केंद्र भ्रमण कर किया जा रहा था। ज्ञातव्य हो कि बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय अध्यापक प्रतियोगिता परीक्षा दिनांक-24.08.2023 एवं 25.08.2023 को दो पालियों (प्रथम पाली 10.00 बजे पूर्वाह्न से 12.00 बजे मध्याह्न तक एवं द्वितीय पाली 03.30 बजे अपराह्न से 05.30 बजे अपराह्न तक) में सम्पन्न करायी जायेगी। दिनांक-24.08.2023 को प्रथम पाली में सामान्य अध्ययन (वर्ग-1 से 5 तक के महिला अभ्यर्थियों को छोड़कर शेष सभी अभ्यर्थियों के लिए) तथा द्वितीय पाली में सामान्य अध्ययन (वर्ग-1 से 5 तक के महिला अभ्यर्थियों के लिए) आयोजित किये गए। इसी तरह दिनांक-25.08.203 को प्रथम पाली में भाषा (अर्हता) (महिला अभ्यर्थियों को छोड़कर शेष सभी अभ्यर्थियों के लिए) तथा द्वितीय पाली में भाषा (अर्हता) (सभी महिला अभ्यर्थियों के लिए) आयोजित किये जायेंगे। परीक्षा का जायजा प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट समेत अन्य वरीय प्रशासनिक अधिकारी लेते रहे।

# बड़कागांव पहुंचे सदर विधायक, लोगों ने किया अभूतपूर्व स्वागत





**हजारीबाग।** नमो फुटबॉल टूर्नामेंट-2023 के विस्तार को लेकर गुरुवार को हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने बड़कागांव प्रखंड का दौरा किया। विधायक मनीष जायसवाल के बड़कागांव पहुंचने पर स्थानीय रेंज ऑफिस चौक के समीप पारंपरिक परिधान से लैस होकर गाजे-बाजे और ढोल- ताशे के साथ नृत्य-संगीत करते हुए फूल माला पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर अभूतपूर्व स्वागत किया। यहां से नाचते- झूमते और नारा- जयकारा लगाते हुए सैकड़ों लोगों के जत्थे के साथ रोड शो करते हुए उन्हें बड़कागांव पश्चिमी पंचायत भवन सभागार तक पहुंचाया गया जहां भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय खेल प्रेमियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। यहां विधायक मनीष जायसवाल ने नमो फुटबॉल टूर्नामेंट-2023 के आयोजन को लेकर विशेष रणनीति बनाई। इससे पूर्व विधायक मनीष जायसवाल ने रोड शो के दौरान बड़कागांव चौक पर स्थित काली मंदिर में माथा टेका एवं संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ.भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा में माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

**कुछ देश के झंडों में चांद हैं, हमारे देश का झंडा चाँद पर है- मनीष जायसवालः** मौके पर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि हमें गर्व है की जहां कुछ देशों के झंडों में चांद हैं वहीं हमारे देश का झंडा चांद पर हैं। चंद्रयान-3 की सफलता पर जहां संपूर्ण देश गर्व कर रहा है वहीं बड़कागांव की धरती पर बीजेपी झंडा के साथ चंद्रयान-3 की सफलता का बधाई देता झंडा देख आत्मीय खुशी मिली। निश्चित रूप से यह बेहद गौरवान्वित करने वाला समय है और हम सभी को ऐसे ही मिलकर इसे सेलिब्रेट करना चाहिए ।

**बड़कागांव की धरती पर होगा नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का शानदार आगाज, निखरेगी ग्रामीण खेल प्रतिभा- मनीष जायसवालः** नमो फुटबॉल टूर्नामेंट- 2023 के आयोजन के विस्तार को लेकर बड़कागांव में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए हजारीबाग विधायक मनीष सहसवान ने कहा कि नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्देश्य ग्रामीण खिलाड़ियों को एक बेहतर मंच प्रदान कर उनकी प्रतिभा को निखारना और निचले स्तर तक भारतीय जनता पार्टी के संगठन को मजबूत करना है। इस टूर्नामेंट का नाम देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर रखा गया है और इसका संचालन भारतीय जनता पार्टी के मंडल स्तर के कार्यकर्ताओं द्वारा बनाए गए एक संचालन समिति के माध्यम से होता है। हमारे स्तर से साधन- संसाधन उपलब्ध कराए जाते हैं और टूर्नामेंट के सफल संचालन की जिम्मेवारी संचालन समिति के जिम्मे में होती है। उन्होंने बताया कि साल 2016 में कटकमदाग प्रखंड से शुरू हुआ यह टूर्नामेंट अब लोकउत्सव का रूप धारण कर रहा है और इसकी ख्याति दूर तलक तक पहुंच रही है। साल 2022 में नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का पहली बार विस्तार करते हुए इसे हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के बाहर जिले के इचाक और डाड़ी प्रखंड में आयोजित कराया गया और वर्तमान वर्ष इस बड़कागांव, केरेडारी, बरही सहित अन्य प्रखंडों में भी ले जाने की योजना है। विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि वर्तमान वर्ष हमारी योजना यह भी है की सभी प्रखंडों के उत्कृष्ट टीमों के बीच जिला स्तर पर एक बृहद और शानदार फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन हो और यहां से निकलकर उत्कृष्ट खिलाड़ी राजकीय एवं राष्ट्रिय स्तर के टूर्नामेंट में अपने खेल प्रतिभा का जलवा बिखेरें ।

**आर्यकरण निधि लिमिटेड के स्टिचिंग सेंटर में सदर विधायक ने किया निरीक्षणः** बड़कागांव आने के क्रम में विधायक मनीष जायसवाल ने यहां कपड़े के स्टिचिंग और मैन्युफैक्चरिंग सेंटर आर्यकरण निधि लिमिटेड के वर्कशॉप- सह-स्टिचिंग सेंटर का निरीक्षण किया और जायजा लिया। इस सेंटर से सैकड़ों स्थानीय युवती, महिलाएं और युवक जुड़कर आत्मनिर्भर बन रहें हैं। सेंटर के संचालक रंजित महतो का एक छोटा सा प्रयास धीरे- धीरे व्यापक स्वरूप ले रहा है। ऐसे में रंजित के इस सोच को विधायक मनीष जायसवाल ने सलाम किया और यहां कार्यरत कारीगरों से सिलाई की विस्तृत जानकारी ली ।

**बड़कागांव में नमो फुटबॉल टूर्नामेंट के आयोजन को लेकर किया प्रेस-वार्ताः** नमो फुटबॉल टूर्नामेंट- 2023 का बड़का गांव में होने वाले आयोजन को लेकर स्थानीय लोगों के साथ बैठक करने के बाद फ्रेंच ऑफिस के बगल में स्थित आर्यकरण निधि लिमिटेड के स्टीचिंग सेंटर सभागार में एक प्रेस-वार्ता को संबोधित किया। प्रेस- वार्ता को संबोधित करते हुए विधायक मनीष जायसवाल ने बताया की बड़कागांव प्रखंड में पहली बार नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विजेता टीम को 31 हज़ार रुपए नगद, आकर्षक नमो ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र और उपविजेता टीम को 21 हज़ार रुपए नगद, आकर्षक नमो ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र के अलावे सर्वश्रेष्ठ प्लेयर, सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर, सर्वश्रेष्ठ अनुशासित खिलाड़ी सहित अन्य को भी सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा की इस टूर्नामेंट में शामिल होने वाले सभी टीमों को आकर्षक और गुणवत्तापूर्ण नमो जर्सी भी उपलब्ध कराया जायेगा। विधायक मनीष जायसवाल ने यह भी बताया की जल्द ही स्थानीय स्तर पर नमो फुटबॉल टूर्नामेंट के आयोजन को लेकर संचालन समिति का गठन किया जाएगा जिसके माध्यम से यह टूर्नामेंट का सफल आयोजन होगा । पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए विधायक मनीष जायसवाल ने कहा की विस्थापित को विस्थापित करने से पहले स्थापित करने की व्यवस्था संबंधित कंपनी, एजेंसी या सरकार को करना चाहिए। एक अन्य सवाल के जवाब देते हुए कहा की बड़कागांव चौक पर ट्रैफिक की समस्या से निजात के लिए बायपास बनाने की और सरकार और प्रशासन को अग्रसर होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा की मनीष जायसवाल का दरवाज़ा बड़कागांव वासियों के किसी भी जरूरी काम के लिए हमेशा खुला रहेगा। किसी भी जायज और जरुरी काम के लिए संपर्क करें तन, मन और धन से मदद करूंगा । मौके पर विशेषरूप से बड़कागांव के पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, भाजपा नेता अनिल मिश्रा, मुकुटधारी महतो, जयनारायण प्रसाद, जुगनू सिंह, बचनदेव कुमार, कृष्णा राम, कैलाश साव, बैजनाथ साव, भीखन महतो, पारस नाथ महतो, पुष्कर अग्रवाल, रणजीत कुमार, उमेश कुमार दांगी, उपेंद्र प्रसाद, सरोज सोनी, नरसिंह प्रसाद, श्रीकांत निराला, ज्ञानेश्वर शर्मा, बेचन साव, अवधेश मिश्रा, विजय यादव, विनोद महतो, सुमन गिरी, स्वरूप महतो, राजेश यादव, भागीरथ ठाकुर, भवानी प्रसाद, विधायक मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

## एनटीपीसी एवं राष्ट्रीय राजमार्ग से संबंधित भू अर्जन मामले की समीक्षात्मक बैठक





**संवाददाता /हज़ारीबाग सोहैल किरमानी।** राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय सभागार में हुई। बैठक में म्यूटेशन,ई कोर्ट,ई केवाईसी,पोटो हो खेल योजना, जमीन मापी,मुआवजा संबंधी मामलों की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने 90 दिनों से ज्यादा म्यूटेशन के लंबित मामलों को समय पर निष्पादित करने का निर्देश दिया। म्यूटेशन के अत्यधिक लंबित वाले प्रखंडों के अंचलाधिकारियों को गंभीरता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने आम जनता से जुड़ी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित करने का निर्देश दिया। आधारभूत संरचना से संबंधित परियोजना में भूमि अधिग्रहण कानून के तहत् प्रभावितों को मिलने वाली भूमि व निर्मित मकानों, दुकानों का मुआवजा राशि सहित वन विभाग से एनओसी के लिए प्रक्रिया संपन्न करने के लिए संबंधित एजेंसी,अंचल कार्यालय की ओर से पहल कर परियोजना को समय पर पूरा करने एवं भूमि सुधार उपसमाहर्ता को अवॉर्ड रैयतों का मुआवजा राशि भुगतान के लिए निर्देशित किया गया। इसके अलावा भारतमाला परियोजना,पथ निर्माण, संचरण आदि परियोजनाओं के लिए भू अर्जन सहित रैयतों को मिलने वाली मुआवजा राशि भुगतान की स्थिति की समीक्षा की गई। उन्होंने मोइत्रा कोल ब्लॉक, एनएमडीसी, डीएफसीसीआईएल, अडानी, सीसीएल, डीएवी, सीसीएल (बड़का सयाल) आदि कंपनियों के समस्याओं को सुना। एनएचएआई की समीक्षा बैठक उपायुक्त ने एनएचएआई की समीक्षा के क्रम में भारतमाला परियोजना को महत्त्वपूर्ण बताया और कहा कि परियोजना के अंर्तगत चुरचू, कटकमदाग, डाड़ी व सदर के पांच गांव के रैयतों का 3जी अवार्ड का वेरिफिकेशन कर मुआवजा संबंधी कारवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही संबंधित प्रखंड के सीओ को इस परियोजना हेतू सहयोग करने का निर्देश दिया। बरही बेंदगी में अधिग्रहित जमीन के मुआवजा संबंधी वैल्यूएशन रिपोर्ट भू अर्जन कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराए जाने की जानकारी दी। एनटीपीसी कोयला खनन परियोजना से संबंधित भू अर्जन मामलों की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में एनटीपीसी बड़कागांव, केरेडारी, बादाम, चट्टीबरियातू आदि परियोजना के लिए भुअर्जन की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कहा कोल कंपनी तत्परता से प्रोजेक्ट प्रारंभ करें। उपायुक्त ने कंपनी को अधिग्रहित भूमि पर यथाशीघ्र कारवाई करते हुए काम शुरू करने पर बल दिया। ज़िला प्रशासन हरसंभव सहायता करने के लिए तत्पर है। रैयतों को भूमि अधिग्रहण के बदले उचित मुआवजा देने, रैयतों की पहचान सुनिश्चित करने आदि में स्थानीय प्रशासन से कंपनियां बेहतर समन्वय बनाकर काम करे साथ ही भू अर्जन से संबंधित मामलों के तेज़ी से निस्पादन के लिए विभिन्न स्तर या सक्षम प्राधिकार के यहां केस की मॉनिटरिंग/ फॉलोअप कंपनी के अधिकृत अधिकारी के माध्यम से भी सुनिश्चित किया जाए।

## सांसद जयंत सिन्हा ने हज़ारीबाग व रामगढ़ में प्रेसवार्ता को किया संबोधित




**हज़ारीबाग।** सांसद हज़ारीबाग सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा ने हज़ारीबाग स्थित सांसद कार्यालय अटल सेवा केंद्र व रामगढ़ के मरार स्थित गुरुकुल रामा ग्लास में प्रेसवार्ता को संबोधित किया। उन्होंने इस दौरान भाजपा द्वारा चलाये जा रहे वोटर चेतना महाअभियान समेत अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। हम सभी अवगत हैं कि भारत में लोकतंत्र को सशक्त बनाने में मतदाताओं की विशेष भूमिका है। देश व राज्य में सरकारें चुननें और उज्जवल भविष्य सुनिश्चित करना जनता ही तय करती है। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। लोकतंत्र में मतदान बहुत जरूरी है और जब तक मतदान करने का हक आम जनता के पास है तभी तक किसी देश में लोकतंत्र जिंदा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार विभिन्न माध्यमों से देश में मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक करती रहती है। उसी प्रकार हज़ारीबाग व रामगढ़ समेत देश भर में 25 व 26 अगस्त को भाजपा द्वारा विराट स्तर पर वोटर चेतना महाअभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत भाजपा कार्यकर्त्ता अपने-अपने बूथ व क्षेत्र में लोगों को इस बारे में जागरूक करेंगे। इसके लिए भाजपा द्वारा बड़े स्तर पर रणनीति बनाई गयी है। सांसद जयंत सिन्हा व भाजपा हज़ारीबाग व रामगढ़ के वरिष्ठ नेताओं के नेतृत्व में क्षेत्र में यह अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत जिनका नाम मतदान सूची में नहीं है या उन्हें अन्य कोई भी परेशानी आ रही है तो भाजपा कार्यकर्त्ता इसका समाधान करेंगे। हज़ारीबाग लोकसभा का कोई निवासी यदि अभी 18 वर्ष के हुए हैं या स्थानांतरित हुए हैं तो वे चुनाव आयोग के मतदाता सेवा पोर्टल https://voters.eci.gov.in/ पर जाकर फॉर्म 6 भरें। इसके साथ ही आप मतदाता हेल्पलाइन नंबर 1950 पर संपर्क कर यह सब कार्य कर सकते हैं। इसके अलावा अपने निकटतम भाजपा बूथ एजेंट से संपर्क कर भी यह सभी जानकारी व कार्य सुनिश्चित करवा सकते हैं। सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि हमारे देश में मतदान लोकतंत्र का महापर्व है। लोकसभा चुनाव हों या विधानसभा चुनाव जनता बढ़चढ़कर इसमें हिस्सा लेती है। यह हमारा संवैधानिक हक़ व कर्तव्य है कि हम देश की दिशा व दशा तय करने में अपना योगदान दें। मैं अपने क्षेत्र के युवाओं और अन्य सभी वासियों से अपील करूंगा कि वे भाजपा द्वारा चलाये जा रहे इस महाअभियान में बड़ी संख्या में भाग लें और मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाएं। मुझे विश्वास है कि हमारे नागरिक जागरूकता दिखाएंगे और इस अभियान को सफल बनाएंगे। जय हिंद।

## अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण एवं सतर्कता कमेटी की बैठक संपन्न

**मोतिहारी 24 अगस्त अशोक वर्मा।** अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण सह सतर्कता कमिटी की बैठक अनुमंडल पादाधिकरी के साथ हुई।बैठक मे सदस्य किरण राम, मनोज अकेला, राजू बैठा, राजेन्द्र बैठा ,रामदेव राम, आलका मांझी और कल्याण पदाधिकारी भाग लिये । सदस्यों ने बैठक में कहा कि यह समिति क्रियाशील है लेकिन इतना से कम नहीं चलेगा किसी भी तरह की शिकायत मिलने पर इसका निष्पादन त्वरित गति से होना चाहिए ताकि किसी भी तरह का अत्याचार आदि नहीं हो। सदस्यों ने अभी कहा कि बदलते दौर में अनुसूचित जाति जनजाति के बीच विशेष जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है ताकि वे किसी भी तरह की अत्याचार के झांसे में नहीं पड़े। मनोज अकेला ने कहा कि अत्याचार का नया रूप उभर है और अनुसूचित जाति जनजाति के लोग क्योंकि बहुत सीधे होते हैं इसलिए उसे चीज को वह समझ नहीं पाते और शिकार हो जाते हैं राजू बैठा ने कहां कि अनुसूचित जाति जनजाति के जो लोग किसी कारण बस जो लोग पीछड गए हैं उन्हें उठाने के लिए इस जाति के जो लोग भी ऊपर उठ चुके हैं ,संपन्न हो गए हैं उन्हें आगे आकर अपने भाई बहनो को उपर उठाने मे मदद करनी चाहिए।

**अमृत कलश** नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवक आकाश कुमार को सम्मान पूर्वक सौंपा

## शिवनगरी अरेराज धाम नगर पंचायत में युद्ध स्तर पर चलाया जा रहा है स्वच्छता अभियान -विजय अमित





**अरेराज 24 अगस्त अशोक।** "अरेराज बाबा सोमेश्वर नाथ की नगरी " में स्वच्छता अभियान के तहत लगातार कचरा उठाव में जिले के मोतिहारी - बेतिया से काफी आगे है। इसके लिए सन् 2021-22 से लेकर वर्तमान में पूरे नगर पंचायत कार्यालय कर्मी - बड़ा बाबू त्रिभुवन कुमार ,टेक्स दारोगा विजय भारद्वाज, सह टेक्स दारोगा अमृत कुमार, सी० ओ० आकाश श्रीवास्तव ,रोहित सिह, - चालक टून टून सिंह ,-जेसीबी चालक राकेश कुमार ,बिजली मिस्त्री जितेन्द्र मिश्र ,सफाई जमादार नन्द किशोर गुप्ता, संजय पाण्डेय सहित समस्त विकास मित्रों द्वारा मिशन के रूप में सफाई कार्य संपादित हो रहा है।ज्ञात रहे कि सफाई के मामले मे अरेराज नगर पंचायत पिछले साल बिहार में द्वितीय और वर्तमान समय में नार्थ जोन में तृतीय स्थान पर है ! पूर्व कार्यपालक पदाधिकारी ई० कृष्ण भूषण कुमार के द्वारा स्वच्छता अभियान को लेकर बहुआयामी सोच के साथ चरणबदद्व तरीके से कार्यनीति बनाई गई है जिसका अनुकरण वर्तमान कार्यपालक पदाधिकारी निखिल कुमार ने भी अपने कार्य पद्यति में स्वछता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और एनजीओ निओनी के प्रबंधक विशाल कुमार भी इस मामले को गंभीरता से लिया है ! पिछले तीन जुलाई से अरेराज में "बाबा सोमेश्व नाथ महादेव मंदिर "में हर सोमवार शुक्रवार एवं तेरश के पावन अवसर पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं और उनके लिए नगर पंचायत के पूरा मेला क्षेत्र में एक शाम पहले ही सफाई व्यवस्था शुरू कर दी जाती है। शाम को ही सारा कचरा उठवा दिया जाता है ! विजय अमीत ने कहा कि अरेराज को भारत के मानचित्र पर पहुॅचाने का लक्षय है।मेरी संस्था "आयाम " 1990 से गैर राजनैतिक सोच के साथ सत्ता और पदाधिकारियों को विश्वास में लेकर युवा पीढ़ी को संस्कारवान और जिम्मेदार नागरिक बनाती आ रही है।उन्होंने कहा कि 2020 से लगातार एक सामाजिक कार्यकर्ता और कलाकार के रूप में मै"स्वच्छता अभियान चला रहा हूं।इस अभियान का मुझे ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। मै पूरे नगर पंचायत में जन जागरूकता अभियान . नुक्कड नाटकों के जरिये आम जनता को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर रहा हूं। इसी कड़ी में पिछले सप्ताह केन्द्रीय टीम ने अरेराज में आम जनों से स्वच्छता का फीड बैक लिया।

## भाकपा माले विधायक कॉमरेड वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता ने किया पिपरा गांव का भ्रमण, लोगों से शांति बनाए रखने की अपील



**छौड़ादानों अशोक कुमार।** सिकटा विधायक कॉमरेड वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में आज भाकपा माले की एक उच्चस्तरीय टीम ने छौड़ादानो प्रखंड के पिपरा गांव का दौरा किया और लोगों से आपसी सौहार्द ,भाईचारा और शांति बनाए रखने की अपील की।टीम में पार्टी के जिला सचिव प्रभूदेव यादव,राज्य कमिटी सदस्य विष्णुदेव प्रसाद यादव,भैरव दयाल सिंह,रूपलाल शर्मा,जीतलाल सहनी,शंभुलाल यादव,नवलकीशोर सहनी,उपेंद्र सहनी,दिनेश कुशवाहा,अतिउल्लाह मियां,दीनानाथ राम,यदुनंदन राम,अनुज पासवान,नारद राम सहित पिपरा, दरपा,सुखलहिया और बथुआ हिया गांव के सैकड़ों ग्रामीण लोग शामिल थे। कॉमरेड वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता ने पैदल ही पूरे गांव का भ्रमण कर लोगों से दरवाजे -दरवाजे मिलकर 21अगस्त को घटित घटना के संबंध में बात की और लोगों से कहा कि पिपरा दरपा गांव का मिसाल है की यहां कभी सांप्रदायिक झगड़ा नहीं हुआ है।लेकिन कुछ उपद्रवी तत्व एक साजिश के तहत दंगा कराकर इस गांव को अशांत करना चाहते हैं।कुछ निहित राजनीतिक स्वार्थी तत्व भी जो पुनः एमएलए -एमपी बनने का सपना देख रहे हैं वे इस विवाद को बढ़ाना चाहते हैं ,उनके उकसावे या बहकावे में नहीं आए।21 तारीख को जो दुखद घटना घटी उसको भूल जाएं।जो घाव दिल दिमाग में है वह भर जाएगा। सभी लोग आपस में पहले की तरह मिलजुलकर रहें। आपसी भाईचारा और शांति - सौहार्द बनाए रखें।सब ठीक हो जायेगा। लोगों ने भी कॉमरेड वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता के बातों का समर्थन किया।लोगों की मांग थी कि उपद्रवी तत्वों के खिलाफ प्रशासन निष्पक्ष तरीके से कार्रवाई करे। कॉमरेड वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता ने गांव के भ्रमण के बाद कहा कि लोग आपस में मिलजुलकर रहना चाहते हैं लेकिन भाजपा -आरएसएस और उससे जुड़े बजरंग दल एवम विश्व हिंदू परिषद के लोग अपने राजनीतिक स्वार्थ में पूरे देश को दंगे की आग में झोंकना चाहते हैं। इस इलाके में भी ऐसी साजिश रची जा रही है।समाज में सांप्रदायिक नफरत फैलाकर विभाजन पैदा करने की साजिश में लगे हुए हैं।हंसी खुशी के साथ मनाए जानेवाले पर्व त्यौहार को भी रक्तरंजित करने में लगे रहते है।धार्मिक महावीरी अखाड़े में भड़काऊ गाने और नारे का इस्तेमाल कर लोगो को उत्तेजित करने का काम कर रहे हैं।वे अपने हद दर्जे के घटिया राजनीतिक स्वार्थ की पूर्ति के लिए पर्व त्यौहारों का इस्तेमाल कर रहे हैं।इस राजनीतिक साजिश को नाकाम करने का काम आम लोगों ने किया है,इसे बरकरार रखना है।इसीलिए कोई बड़ी घटना नही हुई।इसे बनाए रखे। आगे उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग किया कि उपद्रवी तत्वों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए ताकि गांव समाज में शांति और अमन -चैन कायम रहे।यदि मुकदमे में कुछ निर्दोष लोगों का नाम आ गया है तो उनको कार्रवाई से वरी किया जाए। उक्त आशय की जानकारी भाकपा माले के जिला सचिव प्रभूदेव यादव और राज्य कमिटी सदस्य विष्णुदेव प्रसाद यादव ने संयुक्त रूप से प्रेस बयान जारी करके दी है।

## ख़ास ख़बर

### एयर इंडिया इंजीनियरिंग पद पर परीक्षा पास कर तीसरा स्थान प्राप्त किया




**सकलडीहा चंदौली।** एयर इंडिया में इंजीनियरिंग पद के लिए पिछले दिनों आयोजित हुई परीक्षा में गांधी राष्ट्रीय इंटर कॉलेज सदलपुरा का छात्र जयप्रकाश गुप्ता तीसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय ही नहीं अध्यापकों का भी गौरव बढ़ाने का काम किया है इसको लेकर अध्यापक प्रफुल्लित हो रहे हैं मूल रूप से कांटा गांव का निवासी जयप्रकाश गुप्ता 2015 में गांधी राष्ट्रीय इंटर कॉलेज सदलपुरा से इंटर की परीक्षा पास कर मेरठ से बीटेक करने के बाद दिल्ली में तैयारी कर रहा था पिछले दोनों देश भर में एयर इंडिया में इंजीनियरिंग पद के लिए आयोजित हुई परीक्षा में तीसरा स्थान प्राप्त कर देश ही नहीं बल्कि जनपद के साथ विद्यालय का नाम रोशन किया है इसको लेकर विद्यालय के प्रिंसिपल राजकुमार फिजिक्स के राज किशोर केमिस्ट्री के विनोद प्रजापति मैथ के इंद्र जी हिंदी के मिथिलेश सिंह आदि प्रफुल्लित हो रहे हैं अध्यापको ने बताया कि विद्यालय का होना हाथ छात्र था जिसके कारण उनकी मेहनत और लगन से सफलता दिलाई है छात्र जय प्रकाश ने भी सफलता का श्रेय अपने इन गुरुओं को दिया है

### बाबा कीनाराम धाम जाने वाला मुख्य मार्ग क्षतिग्रस्त



**चहनियां।चंदौली।** रामगढ़ बाबा कीनाराम जन्मस्थली तपोस्थली जाने वाला मुख्य मार्ग विगत कई वर्षों से क्षतिग्रस्त हो गया है । ऊपर से बारिश व नाबदान की पानी से सड़क क्षतिग्रस्त होने के साथ ही कीचड़ हो जाने से आने जाने वाले सवार वाहन व पैदल चलने वाले राहगीर छात्र-छात्राए , बाबा कीनाराम धाम में जाने वाले श्रद्धालु प्रतिदिन गिरकर चोटिल हो रहे है। लोगो मे आक्रोश ब्याप्त है । मोहरगंज होते हुए ककरहटी वाया बैराठ रामगढ़ बाबा कीनाराम धाम जाने वाला मुख्य मार्ग बिगत कई वर्ष से क्षतिग्रस्त हो गया है । मार्ग में जगह जगह गड्ढे हो गये है । एक तो वैसे ही राह में चलना मुश्किल हो गया है। वहीं बाबा कीनाराम जाने वाले भक्तों को कीचड़ व गन्दे पानी से होकर जाना पड़ता है। रामगढ़ निवासी लोकनाथ महाविद्यालय के संस्थापक प्रबंधक धनंजय सिंह ने कहा कि सड़क ही बयां करती है गांव के विकास कि तस्वीर । आज दर्जनों गांवों में जाने वाले मुख्य मार्ग कि सड़कें अपनी बदहाली पर आशु बहा रही है।सड़कों की दयनीय स्थिति यह है कि बड़े बड़े गड्ढे ,उखड़ी गिट्टियां से आने जाने वाले छात्र, ग्रामीण , बुजुर्ग, महिला आये दिन गिर कर चोटील हों रही है।जब की तीन दिवसीय 13 से,15 सितंबर को बाबा कीनाराम जी का जन्मोत्सव भी है। जिससे क्षेत्र व जनपद व गैर जनपदों से हजारों श्रद्धालु इसी मार्ग से बाबा कीनाराम जन्मोत्सव पर दर्शन पूजन करने के लिए जाते हैं। इस संदर्भ में पीडब्ल्यूडी जेई अशोक कुमार ने बताया कि बाबा कीनाराम जन्मोत्सव के पहले सड़क का मरम्मत करा दिया जाएगा।

### हड़ताल के जद में जिला चंदौली



**सकलडीहा चंदौली ।** सकलडीहा रजिस्ट्रार मैडम जी आशा सिंह को ज्ञापन देते उत्तर प्रदेश स्टांप वेंडर्स की तरफ से कमीशन को लेकर तथा स्टांप चोरी को लेकर किए गए आह्वाहन को देखते हुए जनपद चंदौली के समस्त स्टांप वेंडर्स ने 25 तारीख को हड़ताल पर जाने की घोषणा की है। इससे जनपद में तहसील सकलडीहा, पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर, चकिया, चंदौली सदर, नौगढ़ तहसील के वेल्डर्स हड़ताल पर रहेंगे। जिससे वादकारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। स्टांप बिल्डरों को कम कमीशन की मांग पत्र माननीय मंत्री रविंद्र जायसवाल से की है। ज्ञापन देते हुए स्टांप बिल्डर रविंद्र नाथ नीरज सेठ श्याम सुंदर शर्मा अवधेश कुमार पांडे राजकुमार यादव उमेश चौरसिया जयप्रकाश समस्त स्टांप विक्रेता।

### शहीद दिवस''एवं श्रद्धांजलि सभा में दिग्गजों का होगा जमावड़ा

**सैयदराजा(चंदौली)।** शहीद स्मारक समिति सैयदराजा के तत्वावधान में नगर पंचायत स्थित नेशनल इण्टर कालेज सैयदराजा के प्रांगण में आगामी 28अगस्त को स्वतंत्रता संग्राम "शहीद दिवस समारोह" एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान सुबह10बजे,माल्यार्पण एवं मौन श्रद्धांजलि 10-30बजे होगा। बताते चले कि हर वर्ष की तरह इस बार भी 28 अगस्त अपने परम्परा के अनुसार "शहीद दिवस समारोह"का आयोजन होता चला आ रहा है। जो स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की याद दिलाता है।स्वाधीनता संग्राम के अगस्त क्रांति 1942 में अंग्रेजों के दमनचक्र के फलस्वरूप सैयदराजा गोलीकांड में शहीद हुए अमर शहीदों की पावन स्मृति में यह कार्यक्रम निरंतर होता चला आ रहा है। जो इतिहास के पन्नों में आज भी उनकी अमर गाथा के रूप में विद्यमान है। जिसमें प्रदेश एवं जिले के अनेक राजनेता,शिक्षाविद्, विचारक,स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिजन,जन प्रतिनिधि सांसद,विधायक ,पत्रकार,साम्भ्रान्त,जन प्रतिनिधि बडी संख्या में भाग लेंगें। उक्त जानकारी शहीद स्मारक समिति के अध्यक्ष एवं आयोजक मंगला सिंह ने देते हुए बताया कि श्रद्धांजलि सभा के मुख्य अतिथि सिक्किम के महामहिम राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य एवं विशिष्ट अतिथि सैयदराजा विधायक सुशील सिंह होंगें।

# अग्निशमन विभाग ने छात्रों को दिया प्रशिक्षण




**पीडीडीयू/चंदौली।** नगर के आरपीएफ कालोनी,मालगोदाम रोड स्थित एसआरबी पब्लिक स्कूल में मुगलसराय कोतवाली स्थित अग्निशमन विभाग द्वारा विद्यालय परिसर में सुरक्षा और दुर्घटना से बचने के उपाय से संबंधित बच्चों को जानकारी दी गई। अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों ने बच्चों के सामने प्रदर्शन करके यह बताने का प्रयास किया की आग लगने के दौरान हम स्वयं तथा दूसरों को कैसे सुरक्षित रख सकते हैं। उन्होंने आगे चर्चा करते हुए कहा कि आग लगने के प्रकार तथा किस तरह की आग को कैसे नियंत्रित करें।इस पर विस्तार से चर्चा की उन्होंने यह भी बताया कि आग लगने के दौरान प्रभावित व्यक्ति को किस प्रकार से सुरक्षित स्थान पर ले जा सकते हैं। इस कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के बच्चों की उत्सुकता को भी संतुष्ट करने का प्रयास किया गया।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय कुमार ने आभार व्यक्त करते हुए कहा जागरुक रह कर हम सभी बहुत सारी समस्याओं का स्वयं निस्तारण कर सकते हैं। इस अवसर पर मुकेश कुमार दुबे,आयुष चौबे, निशा चौधरी,पियूष रंजन,उत्तम सिन्हा सहित अध्यापकगण उपस्थित रहे।

## पाइप सटोलिग मशीन को जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर अमेरिका रवाना किया

**मानवेंद्र जायसवाल ब्यूरो चीफ, चंदौली रामनगर।** औघोगिक क्षेत्र फेज1 मैं प्रकाश आयरन वकस की बनाई पाईप ब्लोटिंग मशीन को जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर अमेरिका रवाना किया और मशीन बनाने वाले प्रकाश जायसवाल को आगे और भी देश में मशीनों को नियत करने हेतु प्रोत्साहित करते हुए कहा कि किसी भी तरह की मददगार जिला प्रशासन से चाहिए तो जिला प्रशासन हर समय उघमियो के लिए तत्पर रहेगा रामनगर एसोसिएशन के अध्यक्ष देव भ्रष्टाचार ने कहा कि क्षेत्र के लिए यह गधों की बात है कि यहां की मशीन अमेरिका तक जा रही है इस समय नियात की प्रबल संभावनाएं बढ़ गई है क्योंकि आप भारत की बनी वस्तुओं की मांग समस्त विश्व में बहुत बढ़ गया है प्रकाश आयरन वर्क्स के संबंध निदेशक प्रकाश जायसवाल ने बताया कि ट्रक द्वारा पाइप लोडिंग मशीन सड़क मार्ग से होते हुए मुंबई जाएगी उसके बाद मुंबई बंदरगाह के रास्ते शिप पर सवार होकर अमेरिका जाएगी इसके पहले भी अन्य देशों जैसे दुबई अबू धाबी विश्व की स्टेट में भी मशीन पहले जा चुकी है यह विश्व की पहली कंपनी है जो इस तरह की पाइप मशीन बनती है अध्यक्ष देव भ्रष्टाचार ने जिला अधिकारी को भ्रमण कराया और पुलिस चौकी के सामने पुलिस द्वारा पकड़ी गई सैकड़ो गाड़ियों को दिखाते हुए कहा कि इन गाड़ियों के इस तरह सड़क पर रहने से जाम की स्थिति बनी रहती है वह सामाजिक तत्वों का आवागमन बना रहता है जिस पर जिलाधिकारी ने तत्काल पुलिस द्वारा पकड़ी गई गाड़ियों को कई और हटाने का निर्देश पुलिस विभाग को दिया दोनों क्षेत्र के गधों से भरे पार्कों को देखकर स्वस्थ किया कि उपसिडा से बोलकर पार्कों में मिट्टी भरवा देंगे इस अवसर पर चंद्रशेखर जायसवाल सतीश गुप्ता श्याम केजरीवाल अशोक सुल्तानिया जितेंद्र जैन अबरार अहमद अरविंद सिंह राकेश जयसवाल सिद्धार्थ राजदीप राकेश अग्रवाल अजय राय आदि बहुत संख्या में उद्यमी मौजूद रहे।

## परिषदीय विद्यालय एवं केजीबीवी का डायट प्राचार्य ने किया निरीक्षण



**सकलडीहा, चंदौली।** डायट प्राचार्य द्वारा परिषदीय विद्यालय एवं केजीबीवी का निरीक्षण किया गया। इसी क्रम में प्राथमिक विद्यालय हरिशंकरपुर एवं कम्पोजिट विद्यालय दुल्हीपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण टीम ने विद्यालय की भौतिक दशाओं, नामांकन स्थिति, पंजिका रखरखाव, साफ- सफाई एवं शिक्षण की प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान निरीक्षण टीम ने शिक्षकों को शिक्षक डायरी के विकास, पाठ योजना, व्हाट्सएप ग्रुप की सूचनाओं के साझा करने, प्रिंट रिच सामग्री के कक्षावार प्रदर्शन, टीएलएम के प्रयोग, बच्चों को होमवर्क प्रदान करने, लर्निंग कॉर्नर के विकास सम्बन्धी महत्वपूर्ण सुझाव दिए। निरीक्षण के क्रम में प्राचार्य ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय नियामताबाद का औचक निरीक्षण किया। जिसके अन्तर्गत स्मार्ट कक्ष, पुस्तकालय, शयन-कक्ष, किचन का अवलोकन किया। बच्चों द्वारा किए गये संकलन नानी, दादी की कहानियों व मातृभाषा पर आधारित डिक्शनरी के विकास हेतु उन्होंने प्रोत्साहित किया। इस दौरान निरीक्षण टीम में डा० जितेन्द्र सिंह, लिली श्रीवास्तव, राजेश कुमार सिंह व मोहनलाल गुप्ता मौजूद रहे।

### लोकप्रिय कैबिनेट मंत्री का संसदीय क्षेत्र चंदौली विकास से कोसों दूर

# जनता की मांग को किया नजर अंदाज

**चंदौली/ सकलडीहा।** जनपद के क्षेत्रिय सांसद व जनता के लोकप्रिय कैबिनेट मंत्री माननीय महेन्द्र नाथ पांडेय के उदासीनता के कारण चंदौली जिला मुख्यालय विकास से कोसों दूर होता जा रहा है। जी हां जनपद में कई पर्यटन क्षेत्र होने के बाद भी विकास कार्यों से दूर होता जा रहा है। जिसका मुख्य कारण जनपद मुख्यालय पर सुविधाओं का नहीं होना है। सबसे बड़ा कारण चंदौली मझवार रेलवे स्टेशन पर कोविड-19 के पहले महाबोधि एक्सप्रेस, देहरादून एक्सप्रेस, जम्मूतवी एक्सप्रेस का ठहराव होता था। मगर कोविड-19 खत्म होने के बाद भी आज तक पुरानी सुविधाएं बहाल नहीं होना सबसे बड़ा कारण है। यहां उतर कर पर्यटक बाबा कीनाराम जी के जन्मस्थल रामगढ़, बाल्मीक कुण्ड बलुआं घाट, लतीफ शाह जलप्रपात,

> कोविड-19 खत्म होने के बाद भी आज तक पुरानी सुविधाएं बहाल नहीं होना सबसे बड़ा कारण

बाबा डंगरिया तपस्थली सकलडीहा आने-जानेवाले पर्यटकों के आवा-गमन कम होने के कारण राजस्व की कमी होना तो स्वाभाविक है। इन ट्रेनों का परिचालन के लिए पूर्व विधायक सैयद राजा मनोज सिंह डब्लू द्वारा मांग भी किया गया था । मगर जनता की तो मांग पूरी नहीं हो रही है, साथ ही साथ जनपद के जन प्रतिनिधियों की मांग को भी नजर अंदाज किया जाना बहुत बड़ा प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है ।जिस जनपद में दो-दो कैबिनेट मंत्री एक केन्द्रीय कैबिनेट मंत्री और दूसरे राज्य कैबिनेट मंत्री एवं लोकप्रिय विधायक चार-चार बार चुना जाता है। और उसके क्षेत्र व जनपद में जनता को सुविधाओं का टोटा होना यह चंदौली के लिए सबसे बड़ा दुर्दशा की बात है। पचासों वर्षो पूर्व चंदौली का विकास पंडित कमलापति त्रिपाठी द्वारा जो किया गया है। उसकी पुनरावृत्ति आज तक किसी जनप्रतिनिधि द्वारा नहीं किया गया। जबकि पंडित जी चंदौली के एक मात्र नेता थे।आज तो चंदौली के मूल निवासी रक्षा मंत्री राजनाथसिंह,राज्य सभा सांसद दर्शना सिंह, राज्य कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार अनिल राजभर, सय्यद राजा लोकप्रिय विधायक सुशील सिंह, चकिया विधायक आचार्य कैलाश खरवार भाजपा सरकार के तथा सकलडीहा विधायक प्रभुनारायण यादव व मुगलसराय विधायक रमेश जायसवाल का गृह जनपद व केन्द्रीय कैबिनेट मंत्री महेन्द्र नाथ पांडेय का लोकप्रिय संसदीय क्षेत्र होने के बाद भी विकास नहीं होना यहां की जनता को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इससे बड़ा दुर्दशा और क्या हो सकता है? जबकि चंदौली रेलवे स्टेशन पर रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस व बुद्ध पूर्णिमा एक्सप्रेस का ठहराव की मांग चंदौली की जनता द्वारा लंबे समय से किया जा रहा है। मगर यहां के जनप्रतिनिधियों द्वारा लच्छेदार भाषण देने के शिवाय जनता के मूल भूत सुविधाओं से कोई लेना-देना नहीं होता है। चंदौली व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों द्वारा मिडिया को बताया गया कि हमारे मांगों को पूरा नहीं किया गया तो यहां के सांसद, विधायक को आगामी लोकसभा, विधानसभा चुनावों में सबक सिखाया जायेगा।

### वाहनों की चेकिंग की गई



**पीडीडीयू नगर(चंदौली)।** पुलिस अधीक्षक चन्दौली के निर्देशन में चन्दौली पुलिस के समस्त अधिकारी एवं थाना प्रभारीगण द्वारा किया जा रहा गश्त एवं सघन चेकिंग।इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन सुखराम भारती द्वारा सायंकालीन गश्त/चेकिंग के दौरान पीआरवी (यू0पी0-112)वाहनों का चेकिंग किया गया तथा सभी को पूर्ण सतर्कता पूर्वक दायित्वों का निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया गया तथा हिदायत दी गयी कि यदि किसी के भी द्वारा किसी प्रकार के अनैतिक कार्यों में संलिप्तता पाई गई तो उसके विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।वाहनों पर तैनात पुलिसकर्मियों से उनकी समस्याओं के बारे में भी जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए।

### इंडिया लिमिटेड द्वारा जवान और सुरक्षा सुपरवाइजर की भर्ती कर रही है जो कल तक चलेगी



**नियमताबाद चंदौली।** गुरुवार को ब्लॉक परिसर में सिक्योरिटी एंड इंटेलिजेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड द्वारा सुरक्षा क्षेत्र में नौकरी के लिए सुरक्षा जवान और सुरक्षा सुपरवाइजर की भर्ती प्रक्रिया कर रही है जो कल तक चलेगी एस आई एस के भर्ती अधिकारी प्रदीप कुमार दुबे ने बताया कि 10 तारीख से भर्ती प्रक्रिया जारी है अब तक कुल 177 रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं रजिस्ट्रेशन फीस500 प्रति अभ्यासियों से लिया जा रहा है उन अभ्यासियों का रजिस्ट्रेशन दिया जा रहा है जो सुरक्षा मानक जिनकी लंबाई 168 सेंटीमीटर उम्र 21 से 37 वर्ष और शैक्षिक योग्यता 10वीं और 12वीं पास होनी चाहिए मानव को पूरा करने वाले अभ्यासियों का ही चयन किया जा रहा है चयन प्रक्रिया अन्य ब्लॉक को जैसे धानापुर चंदौली और नौगढ़ ब्लॉक में आने वाले समय में भर्ती प्रक्रिया जारी रहेगा मानव को पूरा करने वाले अभ्यर्थियों का प्रशिक्षण केंद्र जौनपुर में प्रशिक्षित किया जाएगा उसके बाद प्रदेश व देश में अन्य स्थानों पर उनको नौकरियां प्रदान की जाएगी।

### आयरन वर्क्स की बनाई पाइप स्लोटिंग मशीन को जिलाधिकारी ने हरी झण्डी दिखा कर अमेरिका रवाना किया



**पीडीडीयू नगर।नियामताबाद।** रामनगर औद्योगिक क्षेत्र फेज 1 में प्रकाश आयरन वर्क्स की बनाई पाइप स्लोटिंग मशीन को जिलाधिकारी निखिल फुन्डे ने हरी झण्डी दिखा कर अमेरिका रवाना किया और मशीन बनाने वाले प्रकाश जायसवाल को आगे और भी देशों में मशीनों को निर्यात करने हेतु प्रोत्साहित करते हुए कहा कि किसी भी तरह की मदद अगर जिला प्रशासन से चाहिए तो जिला प्रशासन हर समय उद्यमियों के लिये तत्पर रहेगा। रामनगर औद्योगिक एसोसिएशन के अध्यक्ष देव भट्टाचार्य ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र के लिये ये गर्व की बात है कि यहाँ की मशीनें अमेरिका तक जा रही है। इस समय निर्यात की प्रबल संभावनाएं बढ़ गई है क्योंकि अब भारत की बनी वस्तुओं की माँग समस्त विश्व मे बहुत बढ़ गया है। प्रकाश आयरन वर्क्स के प्रबंध निदेशक प्रकाश जायसवाल ने बताया कि ट्रक द्वारा पाइप स्लोटिंग मशीन सड़क मार्ग से होते हुए मुंबई जाएगी उसके बाद मुंबई बंदरगाह के रास्ते शिप पर सवार होकर अमेरिका जाएगी।इसके पहले भी अन्य देशों जैसे दुबई,अबू धाबी,के न्या,इथोपिया,यू के स्टेट में भी मशीन पहले जा चुकी हैं यह विश्व की पहली कंपनी है जो इस तरह की पाइप मशीन बनाती हैं।तत्पश्चात अध्यक्ष देव भट्टाचार्य ने जिलाधिकारी को फेज-1 और फेज-2 का भ्रमण कराया और पुलिस चौकी के सामने पुलिस द्वारा पकड़ी गयी सैकड़ो गाड़ियों को दिखाते हुए कहा कि इन गाड़ियों के इस तरह सड़क पर रहने से जाम की स्थिति बनी रहती है व असामाजिक तत्वों का आवागमन बना रहता है। जिसपर जिलाधिकारी ने तत्काल पुलिस द्वारा पकडी गई गाड़ियों को कही और हटवाने का निर्देश पुलिस विभाग को दिया।दोनों औद्योगिक क्षेत्र के गड्ढो से भरे पार्कों को देखकर आस्वस्त किया कि यूपीसीडा से बोलकर पार्कों में मिट्टी भरवा देंगे। इस अवसर पर चंद्रेश्वर जायसवाल, सतीश गुप्ता, श्याम केजरीवाल,अशोक सुलतानिया, जितेन्द्र जैन, अबरार अहमद, अरविंद सिंह,राकेश जायसवाल, सिद्धांत बाजला, राजदीप थापर, परेश सिंह,राकेश अग्रवाल,अजय राय आदि बहुत संख्या में उधमी मौजूद रहे।

**आयोजन** बच्चो द्वारा रॉकेट बनाकर विद्यालय में गोष्ठी का आयोजन हुआ

# मेरा भारत महान था महान है महान ही रहेगा



**चहनियां। चंदौली।** मिशन चंद्रयान -3 चंद्रमा पर ऐतिहासिक साफ्ट लैंडिंग करने पर गुरुवार को चहनियां (भगवानपुर) स्थित सेन्ट जोसेफ स्कूल परिसर में भारत सरकार द्वारा सफलता मिलने पर विद्यालय के बच्चो ने भारत माता, बन्दे मातरम् कि जयकारे लगाते हुए कर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर हुए खुशी जाहिर करते हुए जश्न मनाया। बच्चो द्वारा रॉकेट बनाकर विद्यालय में गोष्ठी का आयोजन हुआ। इस दौरान विद्यालय के प्रिंसिपल अनिल कुमार जोसेफ ने कहा कि भारत महान है महान था और महान रहेगा। 23अगस्त 2023 की यह तारीख भारत के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज हो गई है। भारत के लिए यह गौरवपूर्ण क्षण भी है। भारत के चंद्रयान -3ने चांद कि सतह पर सफल लैंडिंग कर इतिहास रच दिया है।हम जिस चंद्रमा के बारे में कहानियां मे सुना करते थे। आज देखिए चंद्रमा हम लोगों के करीब आ गया।आज हमारा भारत ज्ञान, विज्ञान के बल पर चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव को छुने वाला पहला देश बन गया। यह कभी हार न मानने वाली सांस्कृति उदाहरण है देश वासियों को बैज्ञानिकों व इंजीनियरों पर गर्व है। उन्होंने छात्रों को जागरूक करते हुए कहा कि बिन कोशिश दरिया पार नहीं होती और कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती। इस दौरान अनिल सिंह, मिथिलेश सिंह, दीपक तिवारी, उमेश यादव,अभिनव, विश्वजीत सिंह, धर्मवीर सिंह, अमित चौरसिया, विवेक उपाध्याय सहित सैकड़ों छात्र - छात्राएं मौजूद रहे।

# विधायक प्रतिनिधि अन्नू सिंह ने नहरों का किया निरीक्षण



**धीना।** सैयदराजा विधायक सुशील सिंह के निर्देश पर गुरुवार को अन्नू सिंह ने भुपौली पम्प कैनाल से जुड़े धानापुर रजवाहा का निरीक्षण किया।मौके पर किसानों ने विधायक के प्रयास पर टेल यक पानी पहुंचने पर सराहना किया।किसानों ने कहा कि नहरों में पानी के चलते खेती की समस्या दूर हो गई। बारिश न होने व बिजली की आंख मिचौली से किसानों के सामने खेती की समस्या आ गई थी।समस्या को देखते हुए किसानों ने बीते दिनों सैयदराजा विधायक सुशील सिंह से अवगत कराया था।किसानों की समस्या पर विधायक ने सिंचाई व बिजली विभाग के अधिकारियों से किसी भी हालत में टेल तक पानी पहुंचाने का निर्देश दिया था।इससे किसानों को नहरों के टेल तक पानी मिल गया।गुरुवार को विधायक के निर्देश पर अन्नू सिंह ने भुपौली पम्प कैनाल से जुड़े धानापुर रजवाहा का औचक निरीक्षण किया।इस दौरान धानापुर रजवाहा में टेल तक पानी पाया गया।किसानों ने बताया कि टेल तक भरपूर पानी मिलने से खेती की समस्या दूर हो गई है।इस मौके पर संतोष सिंह, अशोक सिंह, भरत यादव, राजेन्द्र दुबे, शिवराज यादव, रामराज, विकास राजभर आदि रहे।

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324
सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737, पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।